सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:40
अधिकतम तापमान : 44.0
न्यूनतम : 30.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-347 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 29 मई 2024
20 ज़िक़ादा, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



**प्रचंड तेवर**

## भीषण गर्मी से लोगों का हाल बेहाल, तोड़े कई रिकॉर्ड

# झुलसी दिल्ली, 50 डिग्री पहुंचा तापमान



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली के कई इलाकों में मंगलवार को अत्यधिक तापमान दर्ज किया गया और पारा 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। अभी पूरे उत्तर भारत में लू चल रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अनुमान लगाया था कि अगले तीन दिनों तक दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ेगी, जिससे निवासियों को भीषण गर्मी से कोई राहत नहीं मिलेगी। मंगलवार को दिल्ली का मुंगेशपुर शहर का सबसे गर्म इलाका रहा, जहां अधिकतम तापमान 49.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि नजफगढ़ में 49.8 डिग्री, नरेला में 49.9 डिग्री, पीतमपुरा और पूसा में 48.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं उत्तर प्रदेश के झांसी में पारा 49 डिग्री पहुंच गया, आगरा में दिन का तापमान 48.6 डिग्री रहा और वाराणसी का पारा 47.6 डिग्री रहा। मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में भीषण लू चलने की चेतावनी जारी की गई है।

### मौसम की मार — चूरू-हिसार में तापमान 50 डिग्री के पार

**रामगढ़ अभयारण्य में हीट स्ट्रोक से 10 मोरों की मौत**

**जयपुर।** राजस्थान में मंगलवार को गर्मी ने नए रिकॉर्ड बना दिए। चूरू में अधिकतम तापमान 50.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। वहीं, पिलानी में अब तक का सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया। यहां अधिकतम तापमान 49 डिग्री पहुंच गया। इससे पहले 2 मई 1999 को पिलानी में सर्वाधिक अधिकतम तापमान 48.6 डिग्री रहा था। वहीं राजस्थान में इन दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है। आम लोगों के साथ-साथ अब जंगली जानवरों पर भी गर्मी कहर ढहाने लगी है। बूंदी के रामगढ़ अभयारण्य में हीट स्ट्रोक के चलते 10 राष्ट्रीय पक्षी मोरों की मौत हो गई। मोर की मौत के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारियों ने डॉक्टरों की मौजूदगी में मोर का पोस्टमार्टम करवाया।



# आइजोल में भारी बारिश के कारण ढह गई खदान, 17 लोगों की मौत

**आपदा**

- सीएम लालडुहोमा ने बुलाई बैठक
- भारी बारिश के कारण कई इलाकों में भूस्खलन



**आइजोल।** मिजोरम की राजधानी आइजोल के बाहरी इलाके में भारी बारिश के कारण एक खदान ढह गई। इस हादसे में अबतक 17 लोगों की जान चली गई, जबकि दो लोगों को बचाया गया है। पुलिसकर्मी बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। भारी बारिश के कारण नदियों का स्तर भी बढ़ चुका है। नदी किनारे रहने वाले लोगों को अपने घरों से निकलकर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ रहा है। राज्य की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री लालडुहोमा ने बैठक बुलाई। यह घटना सुबह के छह बजे आइजोल शहर के दक्षिणी बाहरी इलाके में मेल्थम और ह्लिमेन के बीच घटी। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनिल शुक्ला ने कहा कि अबतक मलबे से दस शव को बाहर निकाला गया है, जबकि कई लोग अभी भी इसमें दबे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वालों में सात स्थानीय, जबकि तीन दूसरे राज्य के थे। उन्होंने आगे कहा, मलबे में अभी भी 10 से ज्यादा के फंसे होने की संभावना है। भारी बारिश के कारण अलग-अलग इलाकों में भूस्खलन की घटना सामने आई है। हुनथर में राष्ट्रीय राजमार्ग-6 पर भूस्खलन के कारण आइजोल देश के बाकी हिस्सों से कट गया। बारिश के कारण मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी स्कूलों को बंद कर दिया गया है। चक्रवात रेमल के प्रभाव से भारी बारिश के कारण राज्य के विभिन्न इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिसमें कम से कम दो लोगों की मौत हो गई।

# रणजीत हत्याकांड में हाईकोर्ट ने गुरमीत राम रहीम को किया बरी

**राहत**

- बेटा बोला, निराश हूं पर हार नहीं मानूंगा
- 2003 में सीबीआई को सौंपी गई थी जांच



**चंडीगढ़।** बहुचर्चित रणजीत सिंह हत्याकांड मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने राम रहीम को बड़ी राहत देते हुए उसे दोष मुक्त करार दिया है। इस मामले में सीबीआई की अदालत ने राम रहीम को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी।

गुरमीत राम रहीम के वकील जतिंदर खुराना ने बताया कि पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को बदल दिया है और इसमें शामिल सभी पांच लोगों को बरी कर दिया गया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं। उम्र कैद की सजा के खिलाफ राम रहीम ने हाईकोर्ट में अपील दाखिल की थी। हाई कोर्ट ने उसकी अपील पर मंगलवार को फैसला सुनाते हुए सीबीआई की अदालत के फैसले को रद्द कर दिया है। इस मामले में अभी विस्तृत आदेश आना बाकी है। हाईकोर्ट के डेरा मुखी राम रहीम को बरी किए जाने पर रणजीत सिंह के बेटे जगसीर ने निराशा जताई। उन्होंने कहा कि फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीबीआई कोर्ट ने उन्हें न्याय दिलाया था लेकिन अब हाईकोर्ट ने डेरा मुखी को बरी कर दिया है। यह अन्याय है लेकिन हम हार नहीं मानेंगे। हाईकोर्ट के फैसले से रणजीत सिंह के गांव में लोग भी हैरान है। लोगों का कहना है कि सीबीआई जांच के बाद कोर्ट ने इस मामले में डेरा मुखी को सजा सुनाई थी लेकिन अब हाई कोर्ट में उन्हें बरी कर दिया है। रणजीत सिंह सिरसा डेरे का प्रबंधक था। एक शक की वजह से 22 साल पहले रणजीत सिंह की हत्या कर दी गई थी। रणजीत सिंह हरियाणा के कुरुक्षेत्र के रहने वाले थे। 10 जुलाई 2002 को उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एक गुमनाम साध्वी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को एक चिट्ठी लिखी थी।

# पीडीए सरकार बनी तो आटा के साथ फ्री मिलेगा डाटा: अखिलेश

## नवीन मंडी परिसर में अखिलेश ने कहा, भाजपा के लोग सत्ता में आएंगे तो कुशीनगर एयरपोर्ट भी बेच डालेंगे

- डबल इंजन की सरकार पर अखिलेश ने जमकर साधा निशाना

शकील अहमद



**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव मंगलवार को कुशीनगर में थे। वे गठबंधन के प्रत्याशी अजय प्राप्त सिंह उर्फ पिंटू सिंह के समर्थन में मुख्यालय स्थित नवीन मंडी परिसर में जनसभा को संबोधित किया। कहा कि पीडीए की सरकार बनाइए गुणवत्ता वाला राशन, आटा व देश-दुनिया को समझने के लिए फ्री में डाटा दिया जाएगा।

कहा कि जब से कुशीनगर एयरपोर्ट का उद्घाटन हुआ है तब से एक भी अंतर्राष्ट्रीय उड़ान नहीं हुआ है। भाजपा के लोग आने वाले समय में एयरपोर्ट भी बेच डालेंगे। पीडीए की सरकार बनी तो पडरौना से भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली को रेल मार्ग से जोड़ा जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने होंगी। यहां बंद चीनी मिले चलवाई जायेगी अगर जरूरत पड़ी तो नए चीनी मिल भी लगाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग समय-समय पर बड़े-बड़े सपने दिखाएं है। जब हम पीछे मुड़ कर देखते हैं तो पता चलता है कि भाजपा की हर बात झूठी निकली। किसानों, नौजवानों को जो सुविधाएं मिलनी चाहिए थी, उन्हें कुछ नहीं मिला। उनके जीवन में संकट पैदा किया है। हमें और आपको इन्हें सबक सिखाना है। कहा कि कहा कि जिस तरह कभी समुंद्र मंथन हुआ था, इस बार संविधान मंथन होने जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि किसानों की यह आय दोगुनी आय कर देंगे, लेकिन उनके पैदावार तक की कीमत तक नहीं दिला पाई यह सरकार, लागत बढ़ गई है। पीडीए की सरकार बनी तो युवाओं को नौकरी मिलेगी, किसानों का कर्ज माफ होगा, पुरानी पेंशन मिलेगी, शिक्षामित्र, बेरोजगार सबकी मदद होगी। वहीं जो हमारी माताएं बहने जो गरीब हैं उनके खाते में हर साल 1 लाख रुपए देने का काम करेंगे। अगर भाजपा की सरकार आ जाएगी तो बोरी से चोरी और बढ़ेगी। जनता इनके कार्यों को समझ चुकी है, बहकावे में नही आने वाली है। कहा कि कुशीनगर वो इलाका है जहां डबल इंजन की सरकार को डबल काम करना चाहिए था, लेकिन डबल इंजन कुशीनगर आते आते धुआं फेंकने लगे। ना विकास किया, ना नौजवानों को नौकरी दी ना किसानों की मदद की। उन्होंने कुशीनगर के प्रत्याशी अजय प्राप्त सिंह उर्फ पिंटू सिंह का हाथ उठाकर जनता से समर्थन मांगा। और चार जून को भारी मतों से जीत दिलाने की अपील किया।

### भाजपा को जनता चार जून को बदल देगी

डबल इंजन की पर अखिलेश ने जमकर प्रहार किया। कहा जो संविधान बदलने के लिए निकले हैं, जनता उन्हें चार जून को बदल देगी। यूपी व पूर्वांचल के लोग जब स्वागत करते हैं तो बहुत धूमधाम से करते हैं और जब विदाई करते हैं तो धूमधाम से करते हैं। 2014 में जो लोग आए थे, उनकी विदाई भी 2024 में तय हैं। उन्होंने आगे कहा कि नारा दे रहे थे 400 पार, जो लोग नारा 400 पार के नारा दे रहे थे, वह 400 पार हार रहे हैं। इस बार उन्हें 143 सीटे ही मिलेगी।

# पीएम मोदी वोटिंग से पहले कन्याकुमारी जाएंगे

**दौरा**

- रॉक मेमोरियल में लगाएंगे ध्यान
- 2019 में केदारनाथ में 17 घंटे गुफा में रहे थे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मई को लोकसभा चुनाव प्रचार के समाप्त होने के बाद कन्याकुमारी का दौरा करेंगे। यहां वे स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि देने के लिए बनाए गए स्मारक रॉक मेमोरियल में ध्यान लगाएंगे। भाजपा नेताओं ने मंगलवार को बताया कि वह 30 मई की शाम से 1 जून की शाम तक ध्यान मंडपम में ध्यान करेंगे। माना जाता है कि यहां विवेकानंद को भारत माता के बारे में दिव्य दृष्टि प्राप्त हुई थी। प्रधानमंत्री ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ गुफा में इसी तरह का ध्यान लगाया था। पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि अपने आध्यात्मिक प्रवास के लिए कन्याकुमारी में स्थान चुनने का पीएम मोदी का फैसला देश के लिए विवेकानंद के दृष्टिकोण को साकार करने की उनकी प्रतिबद्धता को दिखाता है। देश में आखिरी चरण का मतदान 1 जून को होना है। चुनाव के लिए प्रचार अभियान चुनाव से दो दिन पहले समाप्त हो जाता है। नतीजे चार जून को आएंगे। उन्होंने बताया कि जिस चट्टान पर प्रधानमंत्री ध्यान करेंगे, उसका विवेकानंद के जीवन पर बड़ा प्रभाव था और यह भिक्षु के जीवन में गौतम बुद्ध के लिए सारनाथ के समान ही महत्व रखता है।

# बिहार का नाम डुबोने वाली पार्टी है राजद: योगी

## अपील: रामलला के वकील हैं रविशंकर प्रसाद, इन्हें रिकॉर्ड वोटों से जिताना है

**पलटवार**

- पटना साहिब के लोगों जैसा गौरव ईश्वर किसी-किसी को देता है
- आपके सांसद ने भारत के सनातन धर्मावलंबियों को पुण्य का भागीदार बनाया है : मुख्यमंत्री योगी



**पटना।** अयोध्या में 500 वर्ष का इंतजार समाप्त कराने के लिए मोदी जी का नेतृत्व है तो रामलला के वकील रविशंकर प्रसाद हैं। सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़कर उन्होंने भव्य मंदिर के निर्माण का मार्ग प्रशस्त कराया। जितनी खुशी अयोध्या और उत्तर प्रदेश वासियों को है, उससे अधिक खुशी बिहार को है, क्योंकि यह मां जानकी का मायका है।

बिहार से ही सबसे पहले उपहार अयोध्या भेजे गए। आपके सांसद ने भारत के सनातन धर्मावलंबियों को पुण्य का भागीदार बनाया है। हम उस पीढ़ी के लोग हैं, जिसने रामलला को विराजमान होते देखा। इंडी गठबंधन पर बरसे योगी ने कहा कि राजद और कांग्रेस बिहार का नाम डुबोने वाली पार्टी है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने साईं मंदिर के पीछे पॉलीटेक्निक ग्राउंड, पाटलिपुत्र पटना में जनसभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने पूर्व केंद्रीय मंत्री, पटना साहिब के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद को फिर से चुनाव जिताने की अपील की। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि मोदी का नेतृत्व है, लेकिन श्रेय आपको है, क्योंकि आपने कमल के फूल पर ईवीएम का बटन दबाकर रविशंकर प्रसाद को चुनाव जिताया और वे रामलला का केस लड़े। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी जी ने ही राम मंदिर का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। आज अयोध्या साक्षात प्रभु राम के समय की लग रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पता है कि वोट बैंक की राजनीति के कारण लालू जी दर्शन नहीं करेंगे पर काशी-अयोध्या के बाद हम मथुरा की तरफ बढ़ने वाले हैं। अब कृष्ण कन्हैया भी इंतजार नहीं करेंगे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आतंकवाद के ताबूत की अंतिम कील धारा-370 हटाने का कार्य प्रधानमंत्री मोदी ने किया, लेकिन कानून मंत्री के रूप में हस्ताक्षर आपके सांसद ने किया। कोर्ट में भी वे इस लड़ाई को लड़ने के लिए आगे रहते हैं। मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कराया। इससे पहले तीन तलाक की प्रथा को समाप्त किया। इस मामले को भी आगे बढ़ाने में आपके सांसद रविशंकर प्रसाद का योगदान है। नए भारत का जब इतिहास लिखा जाएगा तो आप कहेंगे कि हमारा वोट तीन तलाक की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए गया था। कश्मीर में धारा-370 समाप्त करने के लिए हमारे सांसद ही लीड कर रहे थे। हमारे सांसद ही रामलला के वकील के रूप में सुप्रीम कोर्ट में खड़े हुए थे। यह गौरव ईश्वर किसी-किसी को ही देते हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा तीन वर्ष में भारत को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए समर्थन मांग रही है, लेकिन कांग्रेस व राजद का चुनावी गठबंधन आत्मनिर्भर भारत के लिए नहीं, बल्कि परिवार का पेट भरने के लिए है। मोदी-रविशंकर प्रसाद के लिए यह चुनाव देश के निर्माण और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए है, लेकिन राजद-कांग्रेस परिवार के लिए चुनाव मैदान में है। देश में संकट के समय भाई-बहन की जोड़ी देश छोड़कर चली जाती है। कोरोना में राजद या कांग्रेस के लोग कहीं नहीं दिखे, लेकिन सेवा ही संगठन के मंत्र के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के लोग कार्य कर रहे थे।

### बिभव कुमार को फिर झटका, बढ़ी तीन दिन की पुलिस हिरासत

**नई दिल्ली।** अदालत ने आप सांसद स्वाति मालीवाल से मारपीट के मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार को फिर तीन दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया। बिभव की चार दिन की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल की अदालत में पेश किया गया था। पुलिस ने कोर्ट से बिभव की हिरासत पांच दिन की मांगी थी, लेकिन मजिस्ट्रेट ने तीन दिन का दिया। अब उन्हें 31 मई को पेश किया जाएगा। कल (बीते सोमवार) ही तीस हजारी कोर्ट ने बिभव कुमार की जमानत याचिका खारिज कर इस केस में उन्हें झटका दे चुकी है और अब सबकी निगाहें इस बात पर है कि आज उनकी हिरासत को कितने दिन के लिए बढ़ाती है। बता दें कि आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल की लिखित शिकायत के बाद कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। जांच कर रही दिल्ली पुलिस की टीम लगातार बिभव कुमार पर आरोप लगाती रही है कि वो पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

# केजरीवाल के एक और मंत्री की बढ़ी मुश्किलें

## आतिशी को राउज एवेन्यू कोर्ट ने भेजा समन, कोर्ट में पेश होने को कहा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट के एसीएमएम ने दिल्ली भाजपा के मीडिया विभाग के प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर द्वारा दिल्ली की मंत्री आतिशी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने दिल्ली की मंत्री आतिशी को 29 जून को अदालत में पेश होने के लिए बुलाया है। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने उत्पाद शुल्क नीति मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ दायर ईडी की पूरक चार्जशीट (अभियोजन शिकायत) पर आदेश सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेने पर आदेश सुनाने के लिए 4 जून की तारीख तय की है। आतिशी एवं अरविंद केजरीवाल द्वारा भाजपा पर आम आदमी पार्टी के विधायकों को पैसे देकर तोड़ने का आरोप लगाया था जिसके विरूद्ध में प्रवीण शंकर कपूर ने मानहानि का मुकदमा दायर किया था। आतिशी को पहले उनके इस दावे के बाद भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) द्वारा नोटिस दिया गया था कि पार्टी में शामिल होने के लिए एक भाजपा नेता ने उनसे संपर्क किया था और उन्हें रिश्वत दी थी। यह उस समय की बात है जब आतिशी उत्पाद शुल्क नीति मामले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद केंद्र में आ गई थीं। दिल्ली के मंत्री ने यह भी दावा किया कि अगर वह भाजपा में शामिल होने से इनकार करती हैं तो उन्हें प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किया जाएगा। ईसीआई के नोटिस में कहा गया है कि आप राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में मंत्री और एक राष्ट्रीय पार्टी के नेता हैं।

### केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई से इनकार



**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति घोटाले में जमानत पर बाहर चल रहे दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत अवधि बढ़वाने की याचिका पर जल्द सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा कि जब जस्टिस दत्ता की पीठ पिछले हफ्ते बैठी हुई थी, तब याचिका क्यों दायर नहीं की गई थी? दिल्ली सीएम ने स्वास्थ्य आधार पर अपनी जमानत अवधि को सात दिन बढ़वाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, जिससे कोर्ट ने इनकार कर दिया।



## जनपद के सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर 15 जून तक अवकाश घोषित

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र ने ग्रीष्मकालीन सत्र में तेज धूप एवं गर्मी के प्रकोप को देखते हुए जनपद में संचालित सभी आंगनबाडी केन्द्रों पर 28 मई 2024 से 15 जून 2024 तक लाभार्थी बच्चों का अवकाश घोषित किया है। डॉ. दिनेश चन्द्र ने कहा कि इस अवधि में आंगनबाडी केन्द्र खुले रहेंगे एवं आंगनबाडी कार्यकत्री, मिनी आंगनबाडी कार्यकत्री एवं सहायिका द्वारा लाभार्थियों को ड्राई राशन का वितरण, वजन, गृह भ्रमण, पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, निर्धारित कैलेण्डर के अनुसार सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन, वीएचएसएनडी सत्र एवं आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांच व संदर्भन के साथ-साथ अन्य शासकीय एवं विभागीय कार्य नियमित रूप से सम्पादित किया जायेगा तथा अवकाश अवधि में बिना सक्षम स्तर पर अवकाश स्वीकृत कराये आंगनबाडी कार्यकत्री मुख्यालय से बाहर नहीं जायेंगी।

# मतगणना को लेकर डीएम व एसपी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना कार्य को सकुशल निष्पक्ष निर्भीक व शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता, प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या, काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा बैठक में डीएम व एसपी ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों के सुझावों को भी सुना। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की



मतगणना 04 जून 2024 को प्रातः 8:00 बजे से राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार में 06 विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर करायी जाएगी। सर्वप्रथम ई0टी0पी0बी0एस0 एवं पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी तत्पश्चात ईवीएम से पड़े मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। विधानसभावार मतगणना के पश्चात परिणाम संबंधित एआरओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। विधानसभावार ईवीएम से पड़े मतों की गणना हेतु टेबलें स्थापित की गई हैं एआरओ हेतु एक टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना हेतु एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक प्रथम, एक मतगणना सहायक द्वितीय तथा एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया जा रहे हैं। निर्वाचन अभ्यर्थियों के एजेंट के पास निर्वाचन कार्यालय से निर्गत किए जाएंगे पास हेतु प्रारूप पर आवेदन दो प्रतियों में करते हुए साथ में दो फोटोग्राफ एवं एक फोटो अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे समय से एजेंटो के पास जारी किए जा सके। मतगणना स्थल पर उम्मीदवार/एजेंट निर्धारित समय से एक घंटा पूर्व अवश्य प्रवेश कर लें। मतगणना की विजयी घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकल जाएगा।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मतगणना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। मतगणना स्थल से 100 मी के बाहर वाहनों की पार्किंग की जाएगी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा प्रत्याशी व उनके प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

*अवधनामा संवाददाता*



**लखीमपुर खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह रेलवे ट्रैक पर युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घटना को संदिग्ध माना और रिश्तेदारों के साथ जमीनी रंजिश बताई, लेकिन किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया। युवक एक दिन पहले ही दिल्ली से काम कर लौटा था। युवक फरधान के ट्रैक पर कैसे पहुंचा, पुलिस जांच कर रही है। महेवागंज निवासी जावेद अहमद (22) पुत्र जमील अहमद दिल्ली में काम करता था। सोमवार को ही वह दिल्ली से लौटा था। रेलवे ट्रैक पर जहां पर जावेद अहमद का कटा सिर मिला, वहीं पास में धड़ दूसरी ओर पड़ा मिला। मंगलवार सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सिर कटा शव देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू की। शव की पहचान करानी शुरू की। करीब एक घंटे के बाद शिनाख्त हुई। पुलिस से मिली जानकारी के बाद परिजन घटना स्थल पर पहुंचे। पुलिस यह आशंका जता रही है कि सोमवार रात आठ बजे 09354 मैलानी से डालीगंज को जाने वाली पैसेंजर ट्रेन से हादसा हुआ होगा। स्टेशन मास्टर सिराज अहमद ने बताया कि जिस रेलवे लाइन पर शव पड़ा मिला। उस पर रात आठ के एक ट्रेन गुजरी थी, उसके बाद कोई ट्रेन नहीं गुजरी है। जबकि शव सुबह छह बजे रेलवे लाइन पर पड़ा देखा गया।

# वरिष्ठ जनों के लिए आयोजित हुआ चिकित्सा सेवा शिविर




**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,रायबरेली के तत्वाधान में वृद्धजन आवास (वृद्धाश्रम), आई0टी0आई0 कैम्पस दूरभाष नगर, रायबरेली में वृद्धजनों की सेहत जाँचने व मुफ्त इलाज दिये जाने हेतु निःशुल्क चिकित्सा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। उक्त चिकित्सा सेवा शिविर में डाक्टरों के द्वारा बीमार वृद्धजनों की सेहत की जाँच कर चिकित्सीय सलाह दी गयी।

इस अवसर पर अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य के द्वारा उपस्थित वृद्धजनों को यह बताया गया कि आपको अपनी सेहत के प्रति सचेत रहना है। बीमारी के शुरुआती चरणों में स्वास्थ्य जांच और परीक्षण बीमारी को तेजी से ठीक करने और किसी भी नुकसान का कारण बनने से पहले जीवन बचाने में मदद कर सकते हैं। सचिव द्वारा बताया गया कि कोई व्यक्ति तभी लंबे समय तक और स्वस्थ रह सकता है जब उसे सही तरह की स्वास्थ्य जांच, स्क्रीनिंग और उपचार मिले।

इस चिकित्सा सेवा शिविर में डॉ नीलम सिंह नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ गीता सिंह दंत चिकित्सक, डॉ डीपी सरोज ऑर्थोपेडिक सर्जन, डॉ अशोक वर्मा फिजिशियन, सरफराज लैब टेक्नीशियन के अतिरिक्त भण्डारी अनुज श्रीवास्तव, स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव व खुशबू भारती उपस्थित रही।

## मतगणना कार्मिकों/माइक्रो ऑब्जर्वर को अब राजकीय इण्टर कालेज में मतणना सम्बन्धी दिया जायेगा प्रशिक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना 04 जून 2024 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गोरा बाजार रायबरेली में होनी है। मतगणना कार्य को सकुशल एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए मतगणना कार्य में लगाए गए समस्त मतगणना कार्मिक, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो ऑब्जर्वर को मतगणना सम्बन्धी प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये है कि मतगणना गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही समस्त मतगणना कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है। जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने बताया है कि समस्त मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में 30 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 10:00 बजे से अपरान्ह 12:00 बजे तक द्वितीय पाली अपरान्ह 02:00 बजे से 04:00 बजे तक सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार समस्त मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय प्रशिक्षण राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में 03 जून 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली 11:00 से 01:00 बजे तक एवं द्वितीय पाली 02:00 बजे से 04:00 बजे तक मतगणना कार्य को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि मतगणना कार्मिकों एवं माइक्रो आब्जर्वर के आयोजित प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण स्थल पर समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ एवं शुद्ध शीतल पेयजल तथा पानी हेतु पर्याप्त संख्या में गिलास व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रशिक्षण हेतु पर्याप्त कुर्सी और मेज की व्यवस्था।

# अपनी प्रेमिका से मिलने आये युवक की प्रेमिका के घरवालो ने पीट पीट कर ले ली जान

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** जिले के नीमगांव थाना क्षेत्र में सनसनीखेज वारदात हुई है। थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि वह अपनी प्रेमिका से मिलने आया था। तभी प्रेमिका के घरवालों ने उसे पकड़ लिया। उसकी हत्या करने के बाद आरोपी फरार हो गए। मिर्जापुर गांव में मंगलवार तड़के करीब पांच बजे घटना हुई है। अपनी प्रेमिका से मिलने उसके घर पहुंचे 22 वर्षीय युवक नागेश को युवती के परिजनों ने पकड़ लिया। आरोपियों ने पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी। युवक की हत्या से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद नीमगांव थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने छानबीन करते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वारदात के बाद से युवती के परिजन घर से फरार बताए जा रहे हैं। लड़की का घर लड़के के घर से 50 मीटर की दूरी पर है। बताया गया है कि लड़की के घर में ही युवक को बेरहमी से पीटा गया। घायल अवस्था में युवक ने खुद ही 112 पर कॉल की। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को लहूलुहान अवस्था में लड़की के घर से बाहर निकाला। उसके बाद युवक ने तुरंत ही दम तोड़ दिया। युवक और युवती दोनों एक ही बिरादरी के हैं। सीओ और एसओ ने गांव पहुंचकर जांच की। वारदात के बाद से लड़की के घरवाले फरार हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी है। प्रेमिका से मिलने गए युवक की हत्या के मामले में एक और अहम बात सामने सामने आई है। आरोपियों ने लड़की की भी पिटाई लगाई है। उसको भी चोटें आई हैं, उसे भी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि परिजनों ने लड़की और लड़के को एकसाथ पकड़ लिया था। गुस्से में आकर दोनों की पिटाई लगाई। युवक को ज्यादा पीटा, इसलिए उसकी मृत्यु हो गई है।

## बालाजी मंदिर पर हजारों की संख्या में पहुंचते हैं श्रद्धालु

**लखीमपुर खीरी।** महेवागंज में शारदा नगर बालाजी मंदिर की अपनी विशेष महत्ता है। लखीमपुर-निघासन मार्ग से 22 किलोमीटर दूर शारदा सिंचाई कॉलोनी में यह मंदिर स्थित है। दशकों से यहां लोग अपने आराध्य हनुमान जी का आशीर्वाद लेने बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। वैसे तो हर दिन यहां श्रद्धालुओं का आना रहता है। ज्येष्ठ माह के बड़े मंगलवार पर मंदिर में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। जानकारी के मुताबिक बालाजी मंदिर की विशेष बात यह है कि मेंहदीपुर बाला जी से 40 वर्ष पहले ज्योति लाई गई थी, जो अनवरत प्रकाशमान है। मंदिर के पुजारी ने बताया कि इंदिरा गांधी ने इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की थी। मंदिर में शिवजी परिवार सहित और श्रीराम दरबार भी मंदिर में विराजमान है। बड़े मंगल पर मंदिर के कपाट सुबह तीन बजे खुल जाते हैं। शाम नौ बजे बंद होते हैं।महंत के मुताबिक लोगों में मान्यता है कि बालाजी मंदिर में सच्चे भाव से पूजन करने से भूत प्रेत और वाह्य शक्तियों का प्रभु हनुमान जी नष्ट कर देते हैं। जिला और अन्य दूरदराज प्रांतों से भी श्रद्धालु यह मन्नत मांगने आते हैं। सामान्य दिनों में सुबह पांच बजे आरती और रात आठ बजे कपाट बंद होते हैं। बड़े मंगल पर मंदिर की साफ सफाई और विशेष इंतजाम किए गए। महिला, पुरुष की लाइन के लिए बैरिकेडिंग की गई। प्रभारी निरीक्षक शारदा नगर ने बताया कि करीब 70 हजार श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

# ई-रिक्शा लूटने वाले तीन शातिर लुटेरे गिरफ्तार

## पुलिस ने लूट की ई-रिक्शा व एक मोबाइल किया बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बड़गांव पुलिस ने ई-रिक्शा लूट का खुलासा करते हुए 03 शातिर लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, जिनके कब्जे से 01 ई-रिक्शा व 01 मोबाईल बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

गौरतलब रहे कि 25 मई को सूफियान पुत्र गफ्फार उर्फ नानू निवासी मानकी थाना देवबंद ने अज्ञात अभियुक्तों पर उसकी ई-रिक्शा व मोबाइल लूटने के संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा ने तत्काल घटना का संज्ञान लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए सख्त दिशा-निर्देश दिये थे, जिसके अंतर्गत थाना बडगांव के प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर राकिब पुत्र हारून निवासी ग्राम हरडाखेडी थाना चिलकाना, सत्यम पुत्र मिथुन निवासी ग्राम हरडाखेडी थाना चिलकाना व प्रियांशु उर्फ पेन्चू पुत्र बबलू निवासी ग्राम हरडाखेडी थाना चिलकाना को राणा ब्रिक फील्ड सिरसली कला रोड से गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से लूट का ई-रिक्शा व मोबाईल बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर मुकदमें में धारा 411 भादवि की वृद्धि की गयी। पूछताछ करने पर अभियुक्त राकिब ने बताया कि हम तीनो को पैसो की जरूरत थी। इसलिये हमने योजना बनाकर 25 मई को सूफियान को महेशपुर के पास रोककर डरा धमका कर उसका मोबाइल और ई-रिक्शा लूट लिया था। जिसे आज पुलिस ने बरामद कर लिया है। लुटेरो को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अतिरिक्त निरीक्षक मीरपाल तेवतिया, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक शहरोज आलम, कांस्टेबल सन्नी व होमगार्ड सतीश शामिल रहे।

## शिव कुमार हत्याकांड के खुलासे को ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**सहारनपुर।** गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत शिव कुमार हत्याकांड का खुलासा किए जाने की मांग को लेकर परिजनों ने आज जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और इस सम्बंध में एक ज्ञापन जिलाधिकारी को भी सौंपा। थाना गागलहेड़ी के ग्राम सम्भलहेड़ी निवासी छोटी उर्फ बबली पत्नी स्व. महेंद्र सिंह के साथ परिजन व ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे और उन्होंने अपने पुत्र शिवकुमार के हत्यारोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की। उन्होंने बताया कि चार वर्ष पूर्व उसके पुत्र शिवकुमार ने सुखवीर नामक व्यक्ति से लगभग 70 हजार रूपए ब्याज पर लिए थे और इस बात को लेकर कई बार उनके पुत्र शिवकुमार से कहासुनी भी हुई थी। इस दौरान शिवकुमार ने 30 हजार रूपए लौटाने की बात कहते हुए बाकी पैसा थोड़े-थोड़े देने की बात कही थी। श्रीमती छोटी उर्फ बबली का आरोप है कि उसका पुत्र कई दिन से लापता था और सुखवीर व उसके पुत्र पैसे के लिए घर आ रहे थे। आरोप है कि कई बार उसके पुत्रों ने शिवकुमार से गालीगलौच कर मारपीट की थी तथा जातिसूचक शब्द भी कहे थे। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को घड़कोली के पाली के जंगल से उसके पुत्र का लावारिश रूप से अंतिम संस्कार कर दिया गया जिसकी सूचना उनके द्वारा थाना पुलिस को दी गई लेकिन आज तक हत्यारोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने युवती के साथ जबरन दुष्कर्म करने के मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी युवक का चालान काटकर जेल भेज दिया है।

विदित हो कि 25 मई को एक व्यक्ति ने अभियुक्त मोहित उर्फ कल्लू पुत्र इसमपाल निवासी इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान पर उसकी पत्नी के साथ दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना रामपुर मनिहारान प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में आज मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दुष्कर्म में वांछित अभियुक्त मोहित उर्फ कल्लू पुत्र इसमपाल निवासी इस्लामनगर थाना रामपुर मनिहारान को इस्लामनगर चौकी क्षेत्र शेरपुर गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक आनन्द पोसवाल व पंकज कुमार शामिल रहे।

## अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव को 06 जून तक चलाया जाएगा विशेष अभियानः मण्डलायुक्त

### अग्नि सुरक्षा के उपायों के संबंध में किया जाए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार

**सहारनपुर।** मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने वर्तमान में बढते तापमान के कारण सम्भावित अग्नि दुर्घटनाओं के दृष्टिगत जनपदों में संचालित रेस्टोरेन्ट, अस्पताल, नर्सिंग होम्स विशेषकर बच्चों के अस्पताल, मॉल्स, गेमिंग जोन, बैन्क्वेट हाल व भीड-भाड वाले स्थान तथा ऊँचे रिहायशी भवनों आदि में फायर ऑडिट, इवैक्यूएशन ड्रिल व अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में 06 जून तक विशेष अभियान चलाकर अग्नि सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मण्डलायुक्त डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने मण्डल के तीनों जनपदों के जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य अग्निशमन अधिकारी एवं सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा को निर्देश दिए कि फायर रिस्क के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए। सुरक्षित प्रवेश एवं निकासी मार्ग सुनिश्चित किया जाए। स्थल की क्षमता से अधिक व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबन्धित किया जाए। अग्नि सुरक्षा के उपायों के संबंध में विशेष प्रचार-प्रसार किया जाए तथा रेजिडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन्स को विशेष रूप से सतर्क व जागरूक किया जाए। इलैक्ट्रिकल सेफ्टी के दृष्टिगत विद्युत उपकरणों एवं तारो का इलेक्ट्रिकल ऑडिट कराकर विद्युत लोड के अनुसार उपकरणों एवं तारों को अधिष्ठापित कराये जाने हेतु निर्देशित किया जाए। फायर रिस्क के दृष्टिगत निरीक्षण के दौरान मानम में पाई गयी कमियों के संबंध में संचालकों को निर्देशित किया जाए।

# शतरंज में जिला स्तर के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला शतरंज संघ के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश राज्य प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने के लिए शतरंज के जिला स्तर के खिलाड़ियों की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें खिलाड़ियों ने जमकर पसीना बहाया। मल्हीपुर रोड स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल एवं हरी कॉलेज ऑफ फार्मसी में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरी ग्रुप ऑफ इंसटिटूट्स के चेयरमैन डॉ.सुभाष चौधरी, जिला ओलिम्पिक एसोसिएशन के सचिव डॉ.संदीप गुप्ता, पार्षद अमित त्यागी, जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष डॉ.सुशील कुमार जैन, हरी कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डायरेक्टर डॉ.क्षितिज अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलित करके किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से 50 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता 2 दिन तक चलेगी तथा इसमें कुल 7 चक्र होंगे। प्रतियोगिता से प्रथम 4 खिलाड़ी उत्तर प्रदेश राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे तथा सहारनपुर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। डॉ.चौधरी ने सभी खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। डॉ संदीप गुप्ता ने भविष्य में शतरंज ओलमपीयार्ड करने का आह्वान किया। जिसके लिए पार्षद अमित त्यागी ने हर तरह का सहयोग करने का आश्वासन दिया। सचिव ललित कपूर ने द्वितीय चक्र के खत्म होने तक की जानकारी देते हुए बताया की प्रमुख खिलाड़ियों में गुलाब शाह ने हार्दिक राजोतिया, निशित सिंह ने रॉबिंसन डोलेन को, कमर खान ने रमेश शर्मा को, सुमित सिडाना ने राज कपूर को, यसर अब्दुल्लाह ने श्रेय भारती को तथा केसर नसीम ने शिवांश शर्मा को हराकर 2 पॉइंट के साथ प्रतियोगिता में टॉप पर बने हुए हैं। प्रतियोगिता के आयोजन में विवेक मैथयूस, विवेक शर्मा, नैन्सी जैसवाल, पूजा तोमर, स्वाती सैनी, विपुल गर्ग, दलजीत सोढ़ी, तीरथ राम मोरिया आदि का विशेष योगदान रहा।

## दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृता को किया सकुशल बरामद

**सहारनपुर।** थाना मिर्जापुर पुलिस ने युवती को बहला फुसलाकर दुष्कर्म करने के एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। विदित हो कि 23 मई को एक व्यक्ति ने अभियुक्त सागर पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम कासमपुर थाना मिर्जापुर पर उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने के संबंध में थाना मिर्जापुर पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना मिर्जापुर पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर अपहृता को सकुशल बरामद कर मुकदमें में वांछित अभियुक्त सागर पुत्र श्याम लाल निवासी ग्राम कासमपुर थाना मिर्जापुर को गोदरेज कम्पनी उत्तराखण्ड से गिरफ्तार कर लिया। विवेचना व साक्ष्यों के आधार पर मुकदमें में धारा 376 भादवि व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि की गयी।

# नोतपा में भी 125 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** फ़ैमिली ऑफ़ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 125 लोगों ने नोतपा में भी स्वेच्छा से रक्तदान किया। एस.बी.बी.ए. इण्टर कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन पण्डित योगेश जिज्ञासु ने फ़ीता काटकर किया। भारी गर्मी के बावजूद रक्तदान शिविर में नगर की महिलाओं एवं पुरुषों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर में 125 यूनिट रक्तदान हुआ। ब्लड मोटिवेटर गौरव सैनी एवं निखिल माहेश्वरी ने बताया कि किसी भी इमरजेंसी में मरीजों को रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। रक्तदान शिविर में एकत्रित किया गया रक्त मरिजो को समय पर उपलब्ध हो पाता है। संस्था ब्लड मोटिवेटर आनन्द मक्कड़ एवं प्रिंस गिरधर ने बताया कि प्रत्येक स्वस्थ पुरुष को एक वर्ष में चार बार और स्वस्थ महिला को एक वर्ष में दो से तीन बार रक्तदान करते रहना चाइए। रक्तवीर कुणाल सैनी ने बताया कि रक्तदान करने से शरीर में कभी कोई कमजोरी नहीं आती है और कई संभावित बीमारियों से भी बचा जा सकता है।

रक्तदान शिविर में अभिषेक ढाका, डा. दिनेश वर्मा, सोनिया कपूर, निशा गर्ग, नवनीत जैन, अर्जुन शर्मा, ईशान्त भाटिया, तरुण भोला, पंकज पाँचाल, राहुल गौतम, रूपक सेठ, शिवांग, हिमांशु, मुनेश, श्रीराम, दिव्यांशु, अमित, शिवम छाबड़ा आदि ने भाग लिया।

## श्रद्धाभाव से मनाया श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव

**सहारनपुर।** श्री मन्दिर हरनामदास लोटिया समिति द्वारा श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का 10वां वार्षिकोत्सव बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। इस दौरान श्री सत्यनारायण की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर किया गया। शास्त्री मार्किट स्थित श्री मन्दिर हरनामदास लोटिया में श्री मन्दिर हरनामदास लोटिया समिति द्वारा श्री विग्रह प्राण प्रतिष्ठा का 10वां वार्षिकोत्सव बड़े ही श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि त्रिलोकचन्द गुप्ता, विशिष्ठ अतिथि चतरसेन गोयल, मीता गुप्ता, संजय गुप्ता, अरविन्द कुमार गोयल एडवोकेट रहे। कार्यक्रम मे आज प्रातः श्री सत्यनारायण कथा, दोपहर आरती एवं भोग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सम्मान समारोह व सहभोज का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे काफी संख्या मे श्रद्धालुओ ने पहुंचकर धर्म लाभ उठाया। कार्यक्रम में प्रधान अरवन्द कुमार गोयल एडवोकेट, मंत्री प्रवीण कुमार, उप प्रधान कपिल गोयल, उपमंत्री मनोज गोयल, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, संरक्षक देवेन्द्र गोयल, ऑडिटर सचिन गोयल, कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र गोयल, अभिषेक गोयल, अभिनव गोयल आदि को सहयोग रहा।

# रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर: सीएम योगी

अवधनामा संवाददाता



- लोकसभा का ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच
- कांग्रेस व सपा को जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को रामद्रोही बताते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। बकौल मुख्यमंत्री, एक तरफ भगवान राम को नकारने वाले, रामभक्तों पर गोली चलवाने वाले, राम मंदिर को बेकार बनाने वाले लोग हैं तो दूसरी तरह पांच सौ वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त कराकर प्रभु श्रीरामलला को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराने वाले लोग हैं।

राम मंदिर पूरे भारत की सनातन आस्था का प्रतीक है इसलिए आज पूरे देश मे एक ही स्वर सुनाई पड़ रहा है, रामभक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर। तुष्टिकरण की राह पर चलने वाली कांग्रेस और सपा को देश की जनता वहां पहुंचा देगी, जहां उनका कोई नाम लेने वाला नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को पूर्वाह्न पीपीगंज में गोरखपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद व भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस चुनाव में वह प्रचार के लिए देश मे जहां भी गए, हर जगह लोग मोदी जी को भरपूर समर्थन देते मिले। हर क्षेत्र से एक ही आवाज गूंज रही है कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। जो राम मंदिर पूरे भारतवर्ष के लोगों के लिए गौरव है, उसे लेकर कांग्रेस कहती है कि यह मंदिर नहीं बनना चाहिए था इससे दुनिया में गलत संदेश गया है। वहीं समाजवादी पार्टी कहती है कि राम मंदिर बेकार बना है। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने इन बयानों के लिए कांग्रेस-सपा पर प्रहार करते हुए कहा राम मंदिर तो ठीक बना है लेकिन राम मंदिर को बेकार बताने वाले लोगों की बुद्धि में भूसा भर गया है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव राम भक्तों और रामद्रोहियों के बीच जा चुका है। एक तरफ राम और राम मंदिर का विरोध करने वाले रामद्रोही लोग हैं। वहीं दूसरी तरफ राम की सेवा करने वाले, रामलाल को विराजमान करने के लिए 500 वर्षों की प्रतीक्षा के कालखंड को समाप्त करने वाले रामभक्त हैं। ये वो रामभक्त हैं जिन्होंने रामलला के विराजमान होने से पहले अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि के नाम पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनवाया, श्रीराम के सखा निषादराज के नाम पर प्रतीक्षालय बनवाया, माता शबरी के नाम पर भोजनालय बनवाया।

## टीडीएम ने किया बीएसएनएल कार्यालय का निरीक्षण

**उरई (जालौन)।** बी एस एन एल सर्वर बंद रहने की शिकायत पर टीडीएम ने नगर में स्थित बीएसएनएल कार्यालय का निरीक्षण कर उसकी कमी को परखा, जिसमें पुरानी मशीन होने के कारण अक्सर सर्वर चले जाने के चलते नई मशीन लगवाए जाने का आश्वासन दिया। बागबान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक रायन ने बीएसएनल सेवा खराब रहने की शिकायत दर्ज कराई थी उनकी शिकायत पर टीडीएम एमके त्रिपाठी ने बीएसएनएल ऑफिस जाकर मशीनों का निरीक्षण किया उन्हें उक्त सरवर की समस्या के लिए बताया कि यहां कुछ मशीन पुरानी हो चुकी हैं उनके स्थान पर नई मशीन रखी जाएगी। इस दौरान एसडीओ दूर संचार विभाग बृजलाल ने बताया की बीएसएनल में धीरे-धीरे सर्वर की समस्याएं समाप्त होती जा रही हैं पहले बैटरी के चलन की व्यवस्था नहीं थी मशीन लाइट पर ही निर्भर थीं ,जिसके चलते समस्या बनी रहती थी अब हर जगह बैटरी की व्यवस्था कर सर्वर पर्याप्त दिए जा रहे हैं। इस दौरान शिकायतकर्ता अशफाक रायन भी मौजूद रहे।

## तीन तलाक के मसले पर अफ़हामे ज़मा सोसायटी के प्रतिनिधिमंडल की कानपुर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

अवधनामा संवाददाता



- किसी भी निर्दोष के खिलाफ कोई गलत कार्रवाई नहीं की जाएगी

**लखनऊ।** तीन तलाक के मसले पर अफ़हामे जमा समिति के प्रतिनिधि मंडल ने कानपुर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात करते हुए पुलिस कमिश्नर को डीजीपी उत्तर प्रदेश के नाम एक ज्ञापन सोपा जिसमें प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि तीन तलाक पर बनाए गए कानून का हम स्वागत करते हैं लेकिन इस बनाए गए कानून का शिया मुसलमान से कोई मतलब नहीं है क्योंकि शिया मुसलमानों में तीन तलाक का कोई चलन है ही नहीं।

फिर भी तीन तलाक के लिए बनाया गया कानून शिया मुसलमान पर लागू किया जा रहा है। अभी कुछ दिन पहले एक मामला उत्तराखंड के खटीमा उद्यम सिंह नगर में सामने आया था और अब कानपुर के चकेरी थाने में एक मुकदमा दर्ज किया गया है जिसमें तीन तलाक का कानून शिया लड़के के खिलाफ लागू किया गया है जो 19.12.2023 को लिखा गया है और उसका मुकदमा अपराध संख्या 0948 है। समिति के प्रतिनिधिमंडल ने इस सिलसिले में पुलिस कमिश्नर कानपुर के अलावा डीसीपी पूर्वी कानपुर श्री एस के सिंह से भी मुलाकात की और अपनी बात से अवगत कराया। पुलिस के आला अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि किसी भी में निर्दोष के खिलाफ कोई गलत कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने यह भी मांग की कि अगर कोई मसला मुस्लिम समाज के पति-पत्नी का सामने आता है तो यह जांच लिया जाए कि वह शिया समुदाय का है या सुन्नी समुदाय का। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष सैयद अली मीसम नकवी एडवोकेट, मोहम्मद अली मदहोश एडवोकेट, कुलदीप पांडे एडवोकेट, धर्मेंद्र राजपूत एडवोकेट, रवि कुमार एडवोकेट, उषा आबिद एडवोकेट के अलावा समिति की महिला प्रभारी श्रीमती मिथिलेश सिंह मौजूद थीं।

**पीएम मोदी पर राहुल और अखिलेश ने बोला हमला, बांसगांव लोकसभा सीट पर की जनसभा**

# भाजपा आई तो आरक्षण खत्म कर देगी: राहुल

अवधनामा संवाददाता




- इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो युवाओं को 30 लाख नौकरियां
- भाजपा पश्चिम से लेकर पूरब तक सब जगह हार रही है : अखिलेश यादव

**देवरिया।** देवरिया में इंडिया गठबंधन के तहत राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। देवरिया, कुशीनगर और गोरखपुर लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने युवाओं की बेरोजगारी पर सवाल खड़ा किया।

सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन 30 लाख नौकरियां सरकार में आते ही युवाओं के हवाले कर देगी। बेरोजगार युवाओं के बैंक एकाउंट में साल के एक लाख रुपये, खटाखट, खटाखट ,खटाटक आ जाएंगे और पीने के साथ ही गर्मी अधिक है का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने पानी की बोतल से पीने का पानी अपने सिर पर गिरा लिया। कहा, गर्मी बहुत है। कांग्रेस नेता श्री राहुल गांधी ने कहा कि यह विचारधारा की लड़ाई है। संविधान बचाने की लड़ाई है। भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। भाजपा नेता कहते हैं। उनकी सरकार आएगी संविधान रद्द कर देंगे। मै कहता हूं कि भाजपा सरकार नहीं आयेगी। इस संविधान को बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने बनाया है। उन्होंने इसके लिए पूरा जीवन लगा दिया। संविधान ने देश के दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों, महिलाओं को अधिकार और सम्मान दिलाया है। संविधान ने दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों को आरक्षण दिया है। भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। इंडिया गठबंधन अपने खून से इस संविधान की रक्षा करेगा। हम जान दे देंगे, मर जायेंगे, कट जायेंगे लेकिन संविधान खत्म नहीं होने देंगे। इंडिया गठबंधन भाजपा को आरक्षण खत्म नहीं करने देगा। गठबंधन आरक्षण सीमा 50 फीसदी से आगे बढ़ाने का काम करेगा। इंडिया गठबंधन 50 फीसदी आरक्षण सीमा को हटा देगा। भाजपा सरकार ने सेना के जवानों को अग्निवीर बना कर मजदूर बना दिया है। इंडिया गठबंधन अग्निवीर योजना खत्म कर देगी। श्री राहुल गांधी ने कहा कि मोदी जी कहते है उन्हें परमात्मा ने भेजा है। तो क्या परमात्मा ने उन्हें सिर्फ अडानी की मदद के लिए भेजा है। किसानों, मजदूरों की मदद के लिए नहीं भेजा है। क्या नरेन्द्र मोदी के परमात्मा ने कहा कि उद्योगपतियों का कर्ज माफ कर दो, अडानी को एयरपोर्ट दे दो। ये अडानी, अम्बानी की मदद करते है। चार जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। गरीब महिलाओं की लिस्ट बनेगी। परिवार की महिला के खाते में हर साल एक लाख रुपये देंगे। हर महीने उनके खाते में रुपया डालेंगे। किसानों का कर्ज माफ करेंगे। तीस लाख सरकारी नौकरियों की भर्ती करेंगे। श्री राहुल गांधी ने कहा कि हम देश की अर्थव्यवस्था को जम्प स्टार्ट करने जा रहे हैं। इंडिया गठबंधन यूपी में क्लीन स्वीप करने जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, हर जगह भ्रष्टाचार बढ़ा, निवेश के नाम पर सपने दिखाएं, कहां निवेश जमीन पर पहुंचा? इलेक्टोरल बॉन्ड के नाम पर बड़े बड़े लोगों से चंदा वसूला, जिसकी वजह से महंगाई है। खुद को डबल इंजन की सरकार कहने वालों के दावे खोखले हैं। अखिलेश यादव ने कहा ये चुनाव हमारा आपका तो है ही, ये भविष्य की पीढ़ी का चुनाव है और ये चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। ये संविधान हमारी संजीवनी है। रोटी कपड़ा और मकान, से भी पहले हमें संविधान बचाना है। कहा कि समाजवादियों ने कुशीनगर को एयरपोर्ट दिया है लेकिन भाजपा सरकार इसे नहीं चला रही है। आने वाले समय में अन्य एयरपोर्ट की तरह भाजपा सरकार इसे भी बेच देगी। कहा कि भाजपा पश्चिम से लेकर पूरब तक सब जगह हार रही है। भाजपा नेताओं की भाषा लड़खड़ा रही है। मुख्यमंत्री जी पहले ही डगमगा रहे थे अब और डगमगा रहे है।

## बिजली की आवाजाही तथा लो वोल्टेज की समस्या को लेकर दिया गया ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोग परेशान हैं। हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बिजली की समस्या का समाधान कराने की मांग की है। इस समय भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है। गर्मी के मौसम के बिजली की मांग भी बढ़ जाती है। लेकिन इस गर्मी के मौसम में नगर को सरकार द्वारा घोषित रोस्टर के अनुसार बिजली की आपूर्ति नहीं पा रही है।

कई बार घंटों की कटौती हो जाती है तो दिन में कई बार फाल्ट आदि की समस्या के चलते बिजली चली जाती है। इतना ही नहीं नगर के कई मोहल्लों में लो वोल्टेज की समस्या भी है। बिजली की आंख मिचौली और लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोग परेशान हैं। ऐसे में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत सहसंयोजक सोशल मीडिया सत्यम याज्ञिक, विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी व बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार आदि ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या से नगर के लोगों को न तो दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात में सुकून मिल पा रहा है। नगर में बिजली व्यवस्था के सुधार के लिए प्रयास किए जाने चाहिए और लगातार हो रही बिजली की आवाजाही व लो वोल्टेज की समस्या को भी रोका जाए। ताकि इस गर्मी के मौसम में नगर के लोगों को परेशान न होना पड़ेगा। अन्यथा की स्थिति में उन्होंने बिजली विभाग के खिलाफ आंदोलन की भी बात कही।

# महिला चिकित्सालय में मरीजों को बांटा ठंडा पानी



अवधनामा संवाददाता

**गोंडा।** अयोध्या यूनिवर्स ट्रस्ट व श्रीमती रवि सेवा केंद्र के तत्वाधान में आज गोंडा महिला चिकित्सालय में डॉक्टर आशीष शुक्ला बीडीएस डॉक्टर श्रद्धा शुक्ला बीडीएस, अमित शुक्ला (राजेश मेडिकल्स) ने अस्पताल में इलाज के लिए आए हुए मरीजों व उनके तीमारदार को पीने के लिए ठंडा पानी व खाने के लिए बिस्कुट आदि निशुल्क वितरित किया। डॉ आशीष शुक्ला ने बताया कि श्रीमती रवि सेवा केंद्र द्वारा पानी के दानि बने अभियान चलाया जा रहा है जिससे प्रेरित होकर महिला चिकित्सालय में गरीबों को ठंडा पानी बिस्किट का वितरण किया गया। राजेश मेडिकल्स के अमित शुक्ला ने कहा कि आगे भी ऐसे कार्यक्रम होते रहेंगे। आज के कार्यक्रम में अनिमेष, आध्या, नितिन, सौरभ तथा अयोध्या यूनिवर्स ट्रस्ट के अचार्य आसाराम शास्त्री भी उपस्थित थे।

# राम को नकारने वालों को नकारेगी देवरिया की जनता: शशांक मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** हिंदू धर्म के आराध्य भगवान श्री राम को काल्पनिक बताने वाले मुगलों के वंशजों को देवरिया की जनता इस बार करारा जवाब देगी। उक्त बातें मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने क्षेत्र के गौरीबाजार मंडल के विभिन्न गांवों में भ्रमण के दौरान कहीं।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस के लोग सनातन धर्म पर प्रश्नचिन्ह उठाते हैं, रामसेतु को काल्पनिक कहते हैं, रामभक्तों पर गोलियां बरसाने वाले बहुसंख्यक हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाकर एक विशेष वर्ग का वोट पाना चाहते हैं लेकिन इस बार जनता ने इन लोगों को सबक सिखाने की तैयारी कर ली है। इन ठगबंधन के लोगों की जमानत जब्त होने जा रही है । सदर विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि आपका एक सही वोट कश्मीर से धारा 370 हटाने का काम करता है, देश से आतंकवाद समाप्त कर सरहदों को को सुरक्षित करने की ताकत आपके एक वोट से मिलती है इसलिए राष्ट्रहित में मतदान करें। भ्रमण के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश पांडे डिग्गी बाबा, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, जिला पंचायत सदस्य विनय जायसवाल, धीरज पाठक, अमित मोदनवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर में आग लगने से बिजली गुल

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** भीषण गर्मी के चलते पारा 44 डिग्री पर पहुंचने के बाद जहां लोग सूर्य की गर्मी से बेचैन थे। ऐसे में मंगलवार को नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र में रखें ट्रांसफार्मर में आग लगने से धूं-धूं कर जलता रहा और लोग कई घंटे तक गर्मी में दिल जलते रहे,लेकिन बिजली विभाग के कर्मी आग में जल रहे ट्रांसफार्मर को देखने तक नहीं आए जबकि आसपास के लोगों ने आग लगने पर सूचना दी थी। ट्रांसफार्मर की तेज लपटे निकलने से हड़कंप मच गया ट्रांसफार्मर में आग लगने से करीब 50 मीटर की दूरी पर ट्रांसफार्मर से तेल के फब्बारे उड़ते हुए नजर आए। ट्रांसफार्मर में आग लगने से रोड पर कुछ देर के लिए जाम लग गया। करीब आधा घंटा तक ट्रांसफार्मर की तेज लपटे उठती रही। सूचना के बाद भी बिजली विभाग का कोई भी कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

## न्यायालय कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया आंदोलन

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** न्यायालय कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर आंदोलन किया। न्यायालय कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा सभा कर मांगों को लेकर आंदोलन किया। प्रदेश संघ के आवाहन पर विभिन्न मांगों को लेकर प्रतिज्ञा सभा कर आंदोलन किया। कर्मचारियों ने मांग की है कि न्यायिक कर्मियों के अंतर जनपदीय स्थानांतरण लम्बे समय से लंबित है। न्यायिक कर्मचारियों को वर्ष 2013 में वर्दी पहने का शासनादेश न्याय अनुभाग ने जारी किया था लेकिन धनराशि का निर्धारण अभी तक नहीं हो सका है।

## डीएम ने आरोपियों को सजा दिलाने के दिए निर्देश

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मुकद्दमों की प्रभावी पैरवी कर जल्द से जल्द आरोपियों को सजा दिलवाई जाये, जिलाधिकारी द्वारा खाद्य सुरक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि खुले में विक्रय किये जा रहे खाद्य पदार्थो के विरुद्ध अभियान चलाकर प्रभावी कार्यवाही की जाये, बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर पुलिस अधीक्षक व संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गहरे पानी में जाने से गंगा नदी में तीन दोस्त डूबे, एक की मौत

अवधनामा संवाददाता

- घाट पर मौजूद लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद दो युवकों को बचाया

**फर्रुखाबाद।** पांचालघाट पर गंगा नदी में नहाने आए तीन दोस्त गहरे पानी में जाने के चलते डूबने लगे। घाट पर खड़े कुछ लोगों ने तीनों को डूबते देखा तो छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद दो युवकों को सकुशल बचा लिया गया। वहीं तीसरा किशोर गहरे पानी में जाने के चलते डूब गया। सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने गोताखोरों की मदद से घंटे भर की खोजबीन के बाद किशोर का शव बरामद किया।

थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम बिलालपुर निवासी अरुण राठौर उम्र 16 वर्ष ग्राम जैनापुर निवासी भैयालाल व अखिलेश के साथ सोमवार को गंगा नदी में स्नान करने के लिए आए थे। तीनों दोस्त दुर्वासा ऋषि आश्रम के सामने बने गंगा घाट पर स्नान करने पहुंचे। गंगा में नहाते समय वह तीनों गहरे पानी में चले गए जिससे गोते खाने लगे। घाट पर नई बस्ती के कुछ लोग मौजूद थे, उन्होंने तीनों को बचाने के लिए गंगा में चलांग लगा दी। अखिलेश व भैया लाल को उन लोगों ने गंगा नदी से बाहर निकाल लिया। भैया लाल की हालत बिगड़ने पर शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। काफी खोजबीन के बाद जब अरुण राठौर का कोई पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे पांचाल घाट चौकी इंचार्ज अमित शर्मा ने निजी गोताखोरों की मदद से खोजबीन शुरू की, करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने घाट से 100 मीटर दूरी पर गंगा नदी से अरुण के शव को बरामद कर लिया। मौके पर पहुंचे परिजन अरुण को लेकर जिला अस्पताल लोहिया पहुंचे। जहां डॉक्टर ने शव मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के भाई सोनू ने बताया कि अरुण मजदूरी करता था।

# गणना का कार्य बेहद संवेदनशील

**गणना कार्मिक सतर्क रहकर पारदर्शी ढंग से मतगणना प्रक्रिया को करायें संपन्न: रिटर्निंग ऑफिसर**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह ने मतगणना कार्मिकों के प्रशिक्षण के दौरान कहा कि सभी की मेहनत, सहयोग के कारण लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की मतदान प्रक्रिया सकुशल निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, सभी अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपने दायित्वों का निष्पक्षता के साथ निर्वहन कर मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अपना योगदान दिया।

उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन का अंतिम चरण लेकिन सबसे महत्वपूर्ण मतगणना का कार्य अभी शेष है, गणना कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारी पूरी तन्मयता के साथ सजग रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर इस कार्य को भी निष्पक्षता, कुशलता के साथ संपन्न कराने में अपनी भूमिका अदा करें, मतगणना का कार्य एरर फ्री, निष्पक्ष रूप से संपादित करना है, गणना कार्य में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों का दायित्व काफी बढ़ेगा इसलिए सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी अपने कार्यों, दायित्वों की जानकारी भली-भांति कर लें, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गणना के संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों को भली-भांति पढ़ लें यदि कहीं कोई शंका हो तो उसका समाधान कर लें, मतगणना कर्मी कर्तव्य निष्ठा, परस्पर विश्वास, पारदर्शिता एवं सौहार्द, सुचिता, निष्पक्षता, इच्छाशक्ति एवं समर्पण, अनुभव का समावेश कर गणना प्रक्रिया को सम्पन्न करायें। श्री सिंह ने प्रशिक्षण में उपस्थित गणना कार्मिकों से कहा कि कन्ट्रोल यूनिट के टेबल पर पहुंचने पर ग्रीन पेपर शील, एड्रेस टैग को खोलने, 17-सी से मिलान कराने की प्रक्रिया की गहनता से जानकारी करें, अपने टेबल पर मौजूद अभिकर्ता को गणना प्रक्रिया की जानकारी दें, एजेंट का संतुष्ट होना बेहद जरूरी है, इसलिए डिस्प्ले पैनल पर दिखने वाले मतों की संख्या को सही ढंग से बोला जाये, जो संख्या बोली जाये वही लिखी जाये, बोलने-लिखने में गलती से भी गलती न हो, सुनिश्चित किया जाये। उन्होने कहा कि मतगणना सम्बन्धी उपलब्ध कराये गये प्रारूप के समस्त कॉलम स्पष्ट शब्दों में भरे जायें, मतदेय स्थल का क्रमांक अंग्रेजी अंक में लिखना अनिवार्य है, अन्य जहां कहीं भी अंक लिखने की आवश्यकता हो वहां अंग्रेजी का अंक ही लिखा जाना अनिवार्य है, मतपत्र लेखा 17-ग भाग-1 के अनुसार ही प्रारूप-17-ग भाग-2 के कॉलम में स्पष्ट शब्दों में भरा जाये, प्रत्येक शीट पर गणना सुपरवाइजर के स्पष्ट हस्ताक्षर करना अनिवार्य है। मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु ने प्रशिक्षण में उपस्थित गणना कार्मिकों से कहा कि मतगणना का कार्य बेहद संवेदनशील है इसलिए सभी गणना कार्मिक अपने-अपने दायित्वों, कार्यों की भली-भांति जानकारी कर लें, सभी गणना कर्मी मतगणना तिथि 04 जून को प्रातः 06 बजे तक अनिवार्य रूप से मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मंडी समिति पर उपस्थित होकर कार्मिक अनुभाग में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उपरांत अपना आवंटित टेबल की जानकारी प्राप्त करने के उपरांत आवटिंत टेबुल पर पहुंचना सुनिश्चित करें, गणना कार्य प्रांरभ होने के पर प्रारूप के अनुसार प्रत्येक कॉलम को सुस्पष्ट भाषा में निर्धारित स्थान पर लिखें।

# ग्रह कलह को लेकर युवक ने लगाई फांसी

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमैयापुर निवासी हेमराज कश्यप का 32 वर्षीय बेटा नीलेश कुमार शराब का आदी था ।शराब पीने को लेकर उसकी पत्नी से आए दिन कहां सुनी होती रहती थीं।पत्नी बबली ने मायके फोन कर पिता को बुलाया और वह सोमवार को पति के बगैर मर्जी से अपने पिता के साथ मायके चली गई। जिससे पति नीलेश कुमार ने घर में फांसी का फंदा लगाकर झूल गया।

लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए चल रही सांसो के साथ फांसी के फंदे से उतार लिया। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष अमृतपुर मीनेश पचौरी वरिष्ठ उपनिक्षक रमाशंकर पांचाल मौके पर पहुंचे।युवक की हालात गंभीर देखकर उन्होंने चिकित्सालय ले जाने की सलाह दी। पिता द्वारा डायल 108 एम्बुलेंस को फोन पर सूचना दी गयी। सूचना पर डायल 108 एम्बुलेंस लगभग एक घंटा लेट पहुंचने से युवक की हालत गंभीर होती रही। युवक को लेकर एम्बुलेंस एक किलोमीटर तक ही चल सकी और ग्राम रतनपुर पमारान की बाजार में एम्बुलेंस का पहिया पंचर हो गया। इसके बाद दूसरी एंबुलेंस को फोन किया गया ।एक घंटे बाद जब दूसरी एंबुलेंस आई इसके बाद उसे राजेपुर चिकित्सालय भेजा गया। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना आते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी बबली ब पिता हेमराज पूरे परिवार का रो रो कर बुरा हाल हो गया। पिता हेमराज कश्यप एक ही बात कह रहे थे। कि यदि समय से एंबुलेंस आ जाती और बेटे को इलाज मिल जाता। तो शायद मेरे बेटे की जान बच जाती। मृतक चार भाइयों में सबसे छोटा था। मृतक की दो बेटियां बड़ी रोशनी उम्र 5 वर्ष छोटी पुत्री रूसी उम्र 3 वर्ष की है। मृतक की पत्नी रो रो कर कह रही थी आखिर इन बच्चो का लालन पालन कौन करेगा।

अवधनामा



# जिलाधिकारी ने गीष्म ऋतु में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचाव हेतु जनहित मे जारी की एडवायजरी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी ने बताया कि भारतीय मौसम विभाग के अनुसार जब किसी जगह का स्थानीय तापमान लगातार तीन दिनों तक वहाँ के सामान्य तापमान से 03 डिग्री से0 या




उससे अधिक रहें तो उसे लू या हीट वेव कहते हैं। जब वातावरणीय तापमान 37 डिग्री से0 तक रहता है तो मानव शरीर पर उसका कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है, पर जैसे ही तापमान 37 डिग्री से0 से ऊपर बढ़ता है तो हमारा शरीर वातावरणीय गर्मी को शोषित कर शरीर के तापमान को प्रभावित करने लगता है। गर्मी में सबसे बड़ी समस्या होती है लू लगना। गर्मी में उच्च तापमान में ज्यादा देर तक रहने से या गर्म हवा के झोंकों के सम्पर्क में आने पर लू लगने की प्रबल सम्भावना होती है।उन्होंने बताया कि गर्मी में शरीर के द्रव्य, सूखने लगते हैं, शरीर में पानी, नमक की कमी होने पर, शराब की लत, हृदय रोग, पुरानी बीमारी, मोटापा, पार्किंसंस रोग, अधिक उम्र, अनियंत्रित मधुमेह के मरीजों तथा डाययूरेटिक, एंटीस्टिमिनिक, मानसिक रोग की कुछ औषधियां लेने वाले मरीजों को लू लगने का खतरा अधिक रहता है। लू लगने पर परिलक्षित होने वाले लक्षण जैसे-त्वचा का गर्म, लाल, शुष्क होना, पसीना न आना, पल्स तेज होना, उल्टे श्वास गति में तेजी, सिरदर्द, मिचली, थकान और कमजोरी का होना या चक्कर आना तथा मूत्र न होना अथवा इसमें कमी होना है। उच्च तापमान से शरीर के आंतरिक अंगों, विषेश रूप से मस्तिष्क को नुकसान पहुँचता है तथा इससे शरीर में उच्च रक्तचाप उत्पन्न हो जाता है। मनुष्य के हृदय के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव उत्पन्न होता है। जो लोग एक या दो घंटे से अधिक समय तक 40.6 डिग्री से0/105 डिग्री एफ0 या अधिक तापमान अथवा गर्म हवा में रहते हैं, तो उनके मस्तिष्क में क्षति होने की सम्भावना प्रबल हो जाती है।जिलाधिकारी ने लू (हीट वेव) से बचने के उपायों यथा-'क्या करें और क्या ना करें' की जानकारी देते हुए बताया कि अधिक से अधिक पानी पियें, यदि प्यास न लगी हो, तो भी पानी पियें ताकि शरीर में पानी की कमी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। हल्के रंग के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहनें। धूप में गमछा, चश्मा, छाता, टोपी व पैरों में चप्पल का उपयोग अवश्य करें। खुले में कार्य करने की स्थिति में सिर, चेहरा, हाथ-पैरों को गीले कपड़े से ढँके रहें तथा छाते का प्रयोग करें। लू से प्रभावित व्यक्ति को छाये में लिटाकर सूती गीले कपड़े से पोछें अथवा नहलायें तथा चिकित्सक से सम्पर्क करें।

# अवध विवि की एनईपी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत स्नातक व परास्नातक सम सेमेस्टर की परीक्षा को लेकर मंगलवार को कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में अपराह्न कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में प्राचार्यों एवं केन्द्राध्यक्षों के साथ आफ व आनलाइन बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय की एनईपी सम सेमेस्टर की परीक्षाएं 31 मई से शुरू हो रही है, जो 09 जुलाई तक चलेगी। उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप स्नातक एवं परास्नातक सेमेस्टर परीक्षाएं सीसीटीवी की निगरानी में नकलविहीन कराई जायेगी। सभी अपने दायित्वों का निवर्हन करते हुए पूर्व की भांति परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता बनाये रखने के लिए सहयोग प्रदान करें। बैठक में कुलपति ने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि विश्वविद्यालय की स्नातक सम सेमेस्टर परीक्षा तीन पालियों में होगी। वहीं परास्नातक की परीक्षा दो पालियों कराई जायेगी। इस परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सात जनपदों में कुल 464 केन्द्र बनाये गए है। जिसमें स्नातक एवं परास्नातक में कुल 5 लाख 35 हजार 654 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने बताया कि एनईपी स्नातक में 4 लाख 36 हजार 348 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें 195532 छात्र एवं 240816 छात्राएं है। वही परास्नातक स्तर पर 99306 परीक्षार्थी परीक्षा देगें जिसमें 31199 छात्र व 68107 छात्राएं है। बैठक में कुलपति प्रो0 गोयल ने सभी केन्द्राध्यक्षों से कहा कि परीक्षा की शुचिता एवं पवित्रता बनाये रखने के लिए सभी केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे सुचारू रूप से संचालित होने चाहिए। इन केन्द्रों के कैमरे की निगरानी विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से की जायेगी। इसके अतिरिक्त सदलदल द्वारा औचक निरीक्षण भी किया जायेगा।

# साफ छवि के व्यक्ति को बनायें मतगणना अभिकर्ताः डीएम

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा शर्मा ने लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन लड़ने वाले सभी प्रत्याशियों के चुनाव अभिकर्ताओं के साथ एनआईसी सभागार में बैठक की। उन्होंने सभी 4 जून को होने वाली मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए सभी प्रत्याशी अपना मतगणना एजेंट नियुक्त कर सकते हैं। मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना हॉल में जाने के लिए पहचान पत्र रखना अनिवार्य होगा। पहचान पत्र जारी करने के लिए अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। मतगणना अभिकर्ताओं के पहचान पत्र निर्गत करने के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त कर दिया है। कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पयागपुर, कैसरगंज, कटरा बाजार, करनैलगंज व तरबगंज विधानसभा क्षेत्र के लिए नगर मजिस्ट्रेट एवं गोंडा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले उतरौला मेहनौन गोंडा मनकापुर व गौरा विधानसभा क्षेत्र




के लिए मुख्य राजस्व अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी दल ऐसे व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता बनाएं जो साफ छवि का हो और विवादित ना हो। मतगणना के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना फैलाएं। मतगणना अभिकर्ता को भारत निर्वाचन आयोग के सभी दिशा निर्देशों का अक्षरश पालन करना होगा। मतगणना हॉल के बाहर सुरक्षाकर्मियों की भारी तैनाती रहेगी। किसी भी व्यक्ति को बिना अनुमति के कमरे में प्रवेश करने या छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी। मतगणना केंद्र के अंदर आयोग के पर्यवेक्षकों और काउंटिंग डेटा प्रसारित करने के आधिकारिक उपयोग के लिए आवश्यक उपकरणों के अलावा किसी भी मोबाइल फोन, आई-पैड, लैपटॉप या किसी भी ऑडियो या वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण की अनुमति नहीं होगी। मतगणना स्थल में सुरक्षाकर्मियों के अतिरिक्त कोई भी व्यक्ति अस्त्र, शस्त्र, विस्फोटक पदार्थ लेकर प्रवेश नहीं करेगा।

## चिलचिलाती गर्मी में किसानों के फसलों का बेसहारा बना सरकारी नलकूप

**गोंडा।** तहसील मनकापुर के अंम्बरपुर ग्राम सभा में लगे नलकूप संख्या 70 के सारे प्वाइंट पिछले लगभग पांच साल से बंद होने से किसानों को खेतों की सिंचाई की समस्या एक गंभीर समस्या बन गया है. निजी नलकूप के सहारे किसान कर रहे हैं खेतो की सिंचाई. बारिश नहीं होने पर किसानों के लिए वरदान साबित होने वाले ये सरकारी नलकूप पिछले पांच सालो से किसानों के लिए बस दिखावे के लिए रह गए हैं अम्बरपुर गांव में एक समय था कि सरकारी नलकूप होने से लोग अपने खेती का सिचाई समय समय पर कर लेते थे. लेकिन वही अब इस महंगाई के दौर में किसान अपने खेतों के सिचाई करने में अस्मर्थ है जिन लोगो के पास निजी नलकूप है वे लोग तो अपना खेती कर लेते है लेकिन जिनके पास निजी नलकूप का कोई उचित सुबिधा नही है.।

# ओडिसी की प्रथम खेप आईटीआई लि. मनकापुर से रवाना

*अवधनामा संवाददाता*

**मनकापुर (गोंडा)** गत दिवस आईटीआई लिमिटेड मनकापुर ईकाई ने आउट डोर कैबिनेट की एक सौ छब्बीस बेस की पहली खेप भारत संचार निगम के लिए ईकाई प्रमुख के साथ दो महिला अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर कर रवाना किया । बताते चलें कि आउट डोर कैबिनेट बेहतर 4G नेटवर्क के साथ संचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बेस स्टेशन में लगाया जाता है। इसका निर्माण पूर्णतया स्वदेशी तकनीक पर आधारित व डिजाइन मनकापुर इकाई में किया जा रहा है उक्त उत्पाद का कार्य मनकापुर इकाई में दिन रात किया जा रहा है इसी उत्पाद की प्रथम खेप गत दिवस 126 की संख्या में भारत संचार निगम लि. के गुणवत्ता आश्वासन विभाग द्वारा पूर्णतया परीक्षण के बाद रवाना किया गया । ईकाई में जन सम्पर्क अधिकारी जे के श्रीवास्तव ने बताया कि इस ऐतिहासिक अवसर पर कम्पनी के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक राजेश राय ने वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिये इकाई के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा किया तथा विशेष रूप से उक्त उत्पाद से जुडे अधिकारियों व कर्मचारियों को उत्पाद के उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में उत्पादन करने की क्षमता के प्रति बधाई दिया तथा उम्मीद जताया कि अगले 10000 बेस उत्पाद के उत्पादन में अपनी पूर्ण गुणवत्ता व क्षमता का प्रयोग करेंगे। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने अवगत कराया कि मनकापुर इकाई में 4G से संबन्धित RRU और BBU जैसे उत्पाद का उत्पादन शीघ्र शुरू होने जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक उत्पादन एस जयंती ने उत्पाद की उच्च क्वालिटी के लिए मनकापुर इकाई की पूरी टीम की सराहना की तथा आशा जताया कि अपने उच्च गुणवत्ता के लिए जाने वाली मनकापुर इकाई भविष्य में भी उत्पादो की गुणवत्ता के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी । मनकापुर




इकाई प्रमुख अजय कुमार श्रीवास्तव ने समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि इसी वर्ष नव वर्ष की प्रथम बेला पर मनकापुर ने New ITI Mankapur @2024 का स्लोगन निर्धारित किया गया है जिसका तात्पर्य यह है कि मनकापुर प्लांट में स्थापित सभी और विभागों में पूर्णतया उत्पादन करना है। इस वर्ष मनकापुर इकाई एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा । प्रथम खेप की रवानगी इकाई प्रमुख के साथ दो महिला अधिकारियों रत्ना वर्मा व राधा सोनी ने हरी झंडी दिखा कर किया।

## मास के प्रथम बड़े मंगल पर बालाजी महाराज के पूजन बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**गोण्डा।** ज्येष्ठ मास शुरू होते ही जहां गर्मी चरम पर हो जाती है तो वहीं आस्था भी बढ़ जाती है इस मास में बड़े मंगल पर जन आस्था के मुताबिक कलयुग के देवता माने जाने वाले श्री राम भक्त हनुमान का विशेष दिन होता है जिसमें श्रीराम भक्त हनुमान की पूजा पाठ के साथ ही भण्डारे का भी आयोजन होता है। जनपद के विभिन्न स्थानों पर ज्येष्ठ के बड़े मंगल पर मंदिर और सार्वजनिक स्थानों पर भक्ति मय रहता है कहीं जागरण, हनुमान चालीसा, रामायण पाठ के स्वर सुनने को माल जाते हैं।

# जिला चिकित्सालय अयोध्या में मरीजों का बुरा हाल भर्ती मरीज सिस्टम की मार झेल रहे

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला अस्पताल अयोध्या में मरीजों का बुरा हाल है। वार्डों में एसी न होने के कारण भीषण गर्मी में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। कूलर लगे हैं, लेकिन उनकी टंकियों में पानी न होने के कारण वे गर्म हवा फेक रहे हैं, जबकि चिकित्सकों और नर्सों के कक्ष में एसी लगा हुआ है। गर्मी ने चौतरफा कहर बरपा रखा है। सड़कों पर निकलना भारी पड़ रहा है। दोपहर के समय लोग घरों में दुबके हुए हैं। लोग एसी-कूलर छोड़कर निकलना नहीं चाह रहे हैं। वहीं जिला अस्पताल में भर्ती मरीज सिस्टम की मार झेल रहे हैं। मेल सर्जिकल वार्ड में बुरा हाल दिखा। कूलर तो लगा था लेकिन गर्म हवाएं फेंक रहा था। रौजा गांव से आईं मालती देवी ने अपने बेटे को वार्ड में भर्ती कराया है। उन्होंने बतायाा क



कूलर की टंकी लीक कर रही है। रविवार को पानी भरा गया था, लेकिन पूरे वार्ड में भर गया। इसके बाद से पानी ही नहीं डाला जा रहा। बच्चा वार्ड में दो एसी लगे हैं, लेकिन बीमार बच्चों की संख्या बढ़ने के कारण वहां बेड बढ़ा दिए गए हैं। लगभग 16 बेड लगाए हैं। दो एसी है, लेकिन कूलिंग ही नहीं कर रहे हैं। लोगों को हाथ वाले पंखे से अपने लाडलों को हवा देनी पड़ रही है। मेडिकल वार्ड में तो बुरा हाल है। सारे बेड फुल हैं। लोग जगह-जगह अपने मरीज के पास घर से फर्राटा व टेबल फैन लाकर लगाए हैं। मकबरा के रामदीन मेडिकल वार्ड में भर्ती हैं। उनके पैरों में तकलीफ है। उन्होंने बतायाा क पंखे से हवा नहीं आ रही थी। इसलिए घर से मंगवाना पड़ा। ककरही बाजार की सुमित्रा देवी को ब्लड कम था। उनके परिजनों ने उन्हें भर्ती कराया था। उनके पास टेबल फैन लगाया गया है। आर्थो वार्ड में भी मरीजों के साथ यही दुर्गति है। अमित के पैर टूट गया था।

# वोटर साथी बनेंगे मददगार, करेंगे वृद्ध और आसक्त मतदाताओं का सहयोग

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मंगलवार को वोटर साथियों का प्रशिक्षण कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव सर्वाधिक महत्वपूर्ण पर्व है और इस पर्व के समाज के अशक्त और असहाय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने और उनको अपने मताधिकार के प्रयोग में सहयोग हेतु आप लोगों को नियुक्त किया गया है। मतदान के दिन आपकी भूमिका है कि आप लोग अशक्त, वृद्ध और दिव्यांगजनो को वोट करने में जरूरी सहायता प्रदान करें। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्य को करते हुए इस बात का विशेष ध्यान रखें कि आपकी व्यक्तिगत राजनीतिक पसंद/नापसंद का किसी भी सूरत में प्रदर्शन न हो और आप सिर्फ वोटर को मतदान में सहायता करें। किस दल या प्रत्याशी को वोट देना चाहिए, इसमें आपकी कोई भूमिका नहीं होगी। उन्होंने कहा निर्देश दिया। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने प्रशिक्षण में दिव्यांग मतदाताओं की सहायता



कि मतदान के भीतर सभी वोटर साथी अनुशासित और निष्पक्ष व्यवहार करेंगे। प्रशिक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी को उनके दायित्वों के सफल निर्वहन हेतु शुभकामना भी दिया इससे पूर्व वोटर साथियों को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी सदर ने कहा कि सभी वोटर साथी समय से केंद्र पर पहुंचे और केंद्र को देख लें,ताकि किसी मतदाता को सहायता की आवश्यकता होने पर संबंधित को सूचना दे सकें। उन्होंने वोटर साथियों को निष्पक्ष रहकर कार्य करने का प्रक्रिया और आवश्यक निर्देशों के विषय में विस्तार से बताया। बैठक में वोटर साथी के रूप में मौजूद एनसीसी कैडेट्स, स्काउट एंड गाइड और युवक मंगल दल के सदस्यों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी जवाब दिया गया। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अमरनाथ राय, जिला युवा कल्याण अधिकारी वैभव सिंह, डिप्टी आरएमओ विवेक सिंह, एआरओ पनियरा शैलेंद्र गौतम, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में वोटर साथी उपस्थित रहे।

## शराब के नशे में पति ने पत्नी को पीटा, मौत

**महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। पति पत्नी के बीच विवाद हुआ तो नशे में धुत पति ने पत्नी की जमकर पिटाई की जिससे मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के हरपुर तिवारी में बीती रात पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान नशे में धुत पति राजू यादव ने अपनी पत्नी नेहा उर्फ लक्ष्मी यादव को लाठी-डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। राजू यादव उम्र 37 वर्ष अपने परिवार के साथ अलग रहता था। आयें दिन शराब के नशे में घर में विवाद होता रहता था। जिससे सोमवार की रात राजू ने अपनी पत्नी नेहा को लाठी-डंडे से पीट-पीट कर मार डाला। मृतिका नेहा के दो छोटे बच्चे हैं। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# बेवा की जमीन पर दबंग युवक कर अवैध कब्जा , हुई शिकायत

*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में वेवा महिला के सास की जमीन पर एक दबंग युवक द्वारा अवैध कब्जा कर जबरन निर्माण करने का प्रयास गई है और उनकी मौत के चार साल भी नहीं बीते 4 वर्ष पूर्व में मेरी सास की भी मौत हो गई जमीन की वरासत प्रक्रिया के लिए तहसीलदार के न्यायालय में मामला विचारधीन है लेकिन अभी वारासत नही हुई



जा रहा है। पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर मदद की गुहार लगाई है। जानकारी के मुताबिक कोठी थाना क्षेत्र अंतर्गत बिबियापुर गांव निवासनी आसमा बानो पत्नी स्वर्गीय किस्मतुल्ला ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया है कि उसकी सास वहीदन पुत्री बहराची के नाम गाटा संख्या 60 पर जमीन कादीपुर बाजार असंद्रा में बतौर खेतौनी पर दर्ज है। करीब छह वर्ष पहले पति किस्मतुल्ला की मौत हो है।जमीन रोड के किनारे बेस कीमती होने के चलते असंद्रा थाना क्षेत्र के महुवागढ़ निवासी तौफीक पुत्र अज्ञात खाली पड़ी जमीन पर काफी दिनों से अपनी निगाहे जमाए हुए हैं और अवैध कब्जा करना चाहते हैं और उस पर अवैध निर्माण करवाना शुरू कर दिया है। जमीन पर अवैध कब्जा करने से मना करने पर लड़ाई झगड़ा फौजदारी करने पर आमादा हो रहे हैं कहते हैं कि यह जमीन हमारी है ।

## जनपद में गृहमंत्री का आवागमन आज

**महराजगंज।** भारत सरकार के गृहमंत्री बुधवार को स्थानीय जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए बीजेपी जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि प्रातः 11 बजे हेलीकाप्टर से भारत सरकार के गृह मंत्री अमित शाह केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित करने जवाहर लाल नेहरू स्मारक पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज के मैदान में आ रहे है। सभी जनपदवासियो से विनम्र निवेदन है कि समय से पहुंच कर जनसभा को सफल बनायें।

## दादा मियां के उर्स में जायरीनों की भीड़ उमड़ी, कव्वाली का हुआ आयोजन

**जैदपुर बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला बडापूरा में दादा मियां के उर्स के मौके पर सोमवार को बाद नमाजे इशा एक शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बे सहित आस पास क्षेत्र के लोगों की भीड़ मौजूद? रही।जानकारी के अनुसार हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हज़रत इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके पर लगने वाले मेले में कस्बे



सहित आस पास क्षेत्र के लोगों की आमद से सात दीवसीय मेले? में काफी भीड़ भाड़ बनी हुयी है। छोटे बड़े झूले हिंडोलन के लगने से एक अलग माहोल बन चुका है। जैदपुर के मोहल्ला बडापूरा में हज़रत मियां इब्राहीम शाह दादा मियां के उर्स के मौके सोमवार को शानदार कव्वाली के आयोजन? किया गया। जिसमें शारूख नवाब कानपूरी व उजमा नाज प्रतापगढ़ी के बीच जवाबी कव्वाली का मुकाबला पेश किया गया। देर? रात तक चहल पहल बनी रही। झूला ब्रेक डांस रेल सहित विभिन्न प्रकार के मंनोरंजन हेतु हिंडोलन भी जमकर भीड़ बनी रही। वहीं? बुधवार को आल इंडिया मुशायरा के आयोजन किया जायेगा। जिसमें मशहूर मारूफ शोआरा मैसर अफरीदी मुंबई,मोहन मुंतजिर वाहिद अंसारी, रुखसार बलराम पूरी सहित तमाम शायर अपना अपना कलाम पेश? करेंगें। इस अवसर पर आलम चौधरी, फैजानुर्रहमान,महबूब आलम,सलमान चौधरी इस्लामुद्दीन सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

# जनसंवाद में केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री ने किया संबोधन

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने फरेन्दा विधान सभा के भइया फरेन्दा, मनिकौरा, करमहवा, फरेन्दा खुर्द और डडवार मे आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम हुआ। केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री ने कहा गरीबो के घर मुफ्त बिजली की योजना बनाई है। इस योजना से लाभार्थी को भविष्य मे धन भी प्राप्त होगा।केन्द्रीय मंत्री ने कहा की सरकार ने अभी तीन करोड मकान और बनाने का वादा किया है। इस अवसर पर पूर्व बिधायक बजरंग बहादुर सिंह,विवेका पाण्डेय, बिनोद प्रजापति, डब्बू सिंह,



की आज अपने जिले मे 5,38,000 किसानो को सम्मान निधि प्राप्त हो रही है। जिले मे सौभाग्य योजना के तहत 66 हजार घरो मे मुफ्त विद्युत कनेक्शन हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के अंतर्गत प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने परमानन्द तिवारी, बुद्धु चौहान, सुधीर तिवारी, गिरिजेश जायसवाल, वृजेश चौधरी, उपेंद्र साहनी, अरविंद मिश्रा, दिनेश मद्देशिया, राजू कसौधन, रमाकांत चौहान, केसा यादव, रामनारायण पाण्डेय और ललित यादव मौजूद रहे।

# कोई भी कार्य हमेशा सेवा के भाव से ही करना चाहिएः सुनील

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 की ओर से सोमवार को लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित हाइवे एक होटल मे सेवा विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया क्लब के गवर्नर सुनील बंसल ने साल भर रोटरी क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी देते हुए उन्होंने सहयोग की भावना से काम करने का संदेश दिया। इस दौरान ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे संचालित लाइब्रेरी के लिए एक कंप्यूटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से शुरु हुआ सर्वप्रथम रोटरी क्लब बाराबंकी के अध्यक्ष महबूब उर रहमान किदवाई ने क्लब के गवर्नर सुनील बंसल का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत करते हुए वित्तीय वर्ष मे क्लब द्वारा कराये गये कार्यो की जानकारी दी। क्लब के सचिव गिरीश अरोरा ने बीते हुए सत्र मे जनसेवा के रूप मे किये गये कार्यो की जानकारी दी। डिस्ट्रिकट गवर्नर रो सुनील बंसल ने कहा कि सभी रोटेरियन सेवा कार्य करते रहते हैं, सेवा करने से हमें संतुष्टि मिलती है। कोई भी कार्य हमेशा सेवा के भाव से ही करना चाहिए अगर सदस्यों की यह टीम कोई भी कार्य करें, तो उनका नाम समाज सेवा के क्षेत्र में आगे आएगा। गवर्नर सुनील बंसल ने पिछले सत्र मे हुए कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं। ये हमें जीवन के लिए आक्सीजन, खाने के लिए फल और गर्मी में छांव देते हैं। धरा को हरा-भरा करने एवं जीवन को बचाने के लिए सबको पौधारोपण का संकल्प लेने की जरूरत है साथ ही रोटरी क्लब के सदस्यों से कहा कि पौधरोपण हमेशा बाउंड्रीवाल के अंदर करे जिससे पौधो को बचाया जा सके उन्होंने आपसी मित्रता बढ़ाकर सेवा कार्यों को करने का संकल्प दिलाया तथा आपसी तालमेल जरिये आसानी से सेवाकार्य का लक्ष्य पूरा करने का मंत्र दिया तथा रोटरी क्लब के नये सदस्य राजेश अरोरा को अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया तथा रोटरी क्लब के अंतर्गत



अंगीकृत प्राथमिक विद्यालय दरामनगर का भर्मण किया गया। शिखा श्रीवास्तव के संचालन एव सरदार रविंद्र सिंह कालरा के सम्बोधन के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौक़े पर प्रथम महिला रो मनीषी बंसल, डिस्ट्रिकट ट्रेनर के के श्रीवास्तव, सचिव भारती गुप्ता संस्थापक सदस्य अरविंद गुटगुटिया, डॉ रवि आहुजा डा0 सुधीर वर्मा, सुमना किदवाई सहित रोटरी क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

## लाइब्रेरी को मिला कम्प्यूटर

विकास खण्ड मसौली की ग्राम पंचायत बड़ागाव के पंचायत भवन मे ग्राम पंचायत द्वारा बनवाई गयी लाइब्रेरी मे रोटरी क्लब द्वारा एक कंप्यूटर सिस्टम ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद एव पंचायत सचिव जैसराम को भेंट किया गया। बताते चले कि पंचायत भवन बड़ागांव मे संचालित लाइब्रेरी मे बड़ागाव सहित आसपास गांवो के बच्चे पढ़ाई के लिए आते है रोटरी क्लब द्वारा भेंट किये गये कंप्यूटर से बच्चे अब आनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। लाइब्रेरी को कंप्यूटर प्राप्त करते समय सहायक विकास अधिकारी आई एस बी मदन गोपाल कनौजिया, अवर अभियंता लघु सिंचाई अरुण कुमार व्यास, मनरेगा समन्वयक शिवबालक वर्मा सचिव उत्तम वर्मा मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों से घर में लगी आग गृहस्थी राख

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** नगर पंचायत सुबेहा के पूरे तेजी वार्ड स्थित एक घर में रखे छप्पर में अज्ञात कारणो के चलते आग लग गई। घटना के समय गृह स्वामी मजदूरी करने गया था घर में मौजूद दो नाबालिक बच्चों की गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने का भरपूर प्रयास किया परंतु जब तक आज पर काबू पाया जाता तब तक सारी गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। वार्ड निवासी पुतान पुत्र बैजू के घर में रखे छप्पर में आज सुबह 9 बजे अचानक आग लग गई घर में मौजूद दो नाबालिक बच्चों ने गुहार लगाई जिस पर गांव के सैकड़ो ग्रामीण दौड़ पड़े और आग बुझाने में जुड़ गए कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका लेकिन जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक छप्पर समेत घर में मौजूद हजारों रुपए कीमत की गृहस्थी का समान जलकर राख हो गया । बताया जा रहा हैं कि पुतान बहुत गरीब व्यक्ति हैं दिनभर मजदूरी करने के बाद शाम को मिलने वाले पैसे से अपने बच्चों का पेट पालता है दीवाल पर छप्पर रखकर किसी तरह से गुजर बसर कर रहा था, वह भी जल कर राख हो गया।

# शहीदों की याद दिलों को ताज़गी देती है: मोहम्मद अब्बास शारिब

○ वक्फ शाह आलमगीर सानी हल्लौर में ईरानी राष्ट्रपति व दीगर 8 शहीदों के इसाले सवाब में आयोजित हुई मजलिस

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ईरान में होने वाले हेलीकॉप्टर हादसे में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहीम रईसी और 8 शहीद होने वालों की याद में क्षेत्र के हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में सोमवार रात एक मजलिस ए अज़ा का आयोजन किया गया। मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब ने कहा कि शहादत एक अज़ीम दर्जा है जो हर किसी को हासिल नही होता।

इस सिलसिले में कुरान ने कहा है कि राहे खुदा में शहीद होने वालों को मुर्दा न समझना बल्कि वो ज़िन्दा है और अपने रब से रिज़्क़ हासिल करते हैं। मौलाना ने बयान किया कि कुरान की रोशनी में ये बात पता चलती है कि अगर कोई ईमान वाला है और नेक काम अंजाम देता है तो खुदा उसके लिए लोगों के दिलों में मोहब्बत पैदा कर देता है। आज जो पूरी दुनियां में इन शहीदो को याद किया जा रहा है उसकी एक वजह ये हो सकती है कि ये अफ़राद मज़बूत ईमान के साथ साथ नेक काम करने वाले भी थे इस लिए रब ने सबके दिलों में इनके लिए मोहब्बत डाली और दुनियां भर में इनके लिए प्रोग्राम्स किए जा रहे हैं। इन लोगों के बारे में पढ़ने के बाद मालूम होता है कि ये अफ़राद अपने अपने मैदान में साफ नीयत से काम कर रहे थे और लोगों की खिदमत के लिए हमेशा आगे आगे रहते थे। मौलाना ने अपनी बात को मजबूती देने के लिए कहा कि आज करबला में शहीद होने वालों की याद पूरी दुनियां में मनाई जाती है और बिना किसी मज़हब ओ मिल्लत के फ़र्क़ के लोग इमाम हुसैन अस का गम मनाते हैं। इसकी वजह वही मोहब्बत है जो रब ने लोगों के दिलों में डाली है। क्योंकि करबला वाले बेहतरीन ईमान की मंज़िल पर थे और नेक काम करने वाले थे तो रब ने अपना वादा पूरा करते हुए उनकी मोहब्बत को हर पाकीज़ा दिल में डाली। आखिर में मौलाना ने सैय्यदुश शोहदा हज़रत इमाम हुसैन अस पर ढाए गए मसाएब बयान किया तो हर तरफ रोने की आवाज़ सुनाई दी। मजलिस से पूर्व अम्बर मेंहदी व हमनवा ने मर्सिया पेश किया। मजलिस के दौरान तशबीब हसन, कामयाब हैदर, मंटू, काज़िम रज़ा, मनव्वर रिज़्वी, सलमान मोजिज़, नौशा, अली सज्जाद रेहान, यूसुफ, महफूज़ मैक्स, सुजेन, अर्श, अब्बास अली, शबाब, हक्कन बैंक, नजमुल हसन, बबलू एसीसी, गुड्डू, असगर जमील सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## बानगंगा नदी में नहाने गये युवक की मौत

अवधनामा संवाददाता

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र में स्थित बानगंगा बैराज फाटक के पास मंगलवार की दोपहर दो किशोर बानगंगा नदी में नहाने गये थे। बानगंगा नदी में नहाते समय एक नदी से निकलकर बाहर आ गया मगर एक गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। वहां मौजूद मछुआरों व गोताखोरों की मदद से डूबे युवक को खोज निकाला। सांसे थम जाने से उसकी मृत्यु हो गयी मगर स्वजन उसको जिला चिकित्सालय ले गये। मृतक शोयब पुत्र चांद मोहम्मद उर्फ बुखारी उम्र 16 वर्ष जों शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनौरा मुस्तहकम का रहने वाला है। एक पखवारा पहले वह स्वजन संग मुम्बई से घर आया था और मृतक किशोर परिवार संग ग्राम पंचायत अटकोनिया रुके हुए थे। ग्राम पंचायत अटकोनिया से ही मंगलवार की दोपहर अपने एक मित्र के साथ नदी में नहाने गया था गहरे पानी में चले जाने से उसकी मृत्यु हो गयी। इस संबंध में शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार पाण्डेय ने बताया कि बानगंगा नदी से स्थानीय ग्रामीणों व मछुआरों ने निकाल कर स्वजन शोहरतगढ़ के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गये जहां उसकी मौत हो चुकी थी। लेकिन स्वजन संतुष्टि के लिए उसे जिला मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर ले गये हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्री-ट्रायल बैठक का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को अरविन्द राय पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन हुआ।



राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ, के निर्देश के क्रम में अरविन्द राय, पीठासीन अधिकारी, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, सिद्धार्थनगर की अध्यक्षता में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारित किए जाने हेतु प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशनों को निस्तारित किये जाने पर बल दिया गया तथा बीमा कम्पनी एवं मोटर दुर्घटना से संबंधित क्लेम पेटिशन मामलों से सम्बन्धित अधिवक्तागणों से अधिक से अधिक पत्रावलियों को निस्तारित कराए जाने का प्रयास करने हेतु विचार विमर्श किया गया। उक्त बैठक में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सम्पूर्णानन्द बक्शी, इम्तियाज अली, अजय कुमार पाण्डेय, इजहार अहमद खान, विनय चन्द्र मिश्र, प्रमोद कुमार चौरसिया, राम प्रकाश धर द्विवेदी, संजय दूबे व विद्वान अधिवक्तागण तथा इन्श्योरेंश कम्पनी की और से उनके अधिवक्तागण तथा प्री-ट्रायल हेतु नियत पत्रावलियों में कुछ मामलों के पक्षकारगण के साथ-साथ कार्यालय मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के विदाई का वक्त करीब: सुप्रिया श्रीनेत

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** मतदान की तिथि नजदीक आते ही इंडिया गठबंधन के नेताओं ने जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं तेज कर दी हैं। इसी क्रम में कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने महराजगंज में डेरा डाल दिया है और वे नुक्कड़ सभाओं में कांग्रेस को वोट देने की अपील कर रही हैं। व्यस्ततम कार्यक्रमों के बीच उनके लगातार चार दिन तक क्षेत्र में रहकर कांग्रेस उम्मीदवार वीरेंद्र चौधरी के लिए प्रचार करने की संभावना है।

मंगलवार को उन्होंने फरेंदा विधानसभा क्षेत्र के गोपालपुर में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से ऊबी जनता मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बेताब है।मतदाताओं के अपार जन समर्थन से देश को इस कुशासन से चार जून को मुक्ति मिल जाएगी। समाज का हर तबका यह समझ गया है कि मोदी सरकार लोकतांत्रिक नहीं है,यह एक ताना शाह सरकार है जिसका ताल्लुक अपनी प्रजा से नहीं,चंद चरण चुंबको से है जिसे एक एक करके देश की सारी संपत्ति सौंपी जा रही है। उन्होंने कहा कि इनके चार सौ पार नारे की असलियत भी जनता जान चुकी है इसीलिए चार सौ हार की सबक सिखाने जा रही है। सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि भाजपा के राज्य में संविधान एवं संवैधानिक संस्थाएं खतरे में पड़ गई है। देश में गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई एवं कुशासन से जनता परेशान है। कश्मीर से कन्याकुमारी तक इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है। देश में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है।

नुक्कड़ सभा को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विजय सिंह एडवोकेट, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष डा. रामनारायन चौरसिया,कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष राम प्यारे प्रसाद तथा आनंद नगर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष जयप्रकाश लाल, दिनेश मिश्रा, रामनेवास चौबे ने भी संबोधित किया।

## श्रीमद्भागवत कथा में स्वामी आलोकानंद ने सुनाया परीक्षित मोक्ष की कथा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** डुमरियागंज क्षेत्र के परसपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन सोमवार की रात कथावाचक स्वामी आलोकानंद ने जरूरी धार्मिक संदेश देने के साथ ही परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाया। जिसे सुन कर श्रद्धालु भावविभोर हो गये। कथावाचक ने बताया कि सच्ची भक्ति पर परमात्मा की कृपा होती है। उन्होने कहा कि भगवान की कथा सुनने से जीव की व्यथा दूर होती है। पूरे मनोयोग और अंत~करण से भगवान को याद कर और उनका ध्यान लगाने वाले मानव को जीवन में कभी भी निराश नहीं होना पड़ता है। भगवान कृष्ण की लीलाओं को साधारण भाव से नहीं समझा जा सकता है। मनुष्य जितना ज्यादा भगवान कृष्ण के भक्ति के प्रति अनुरागी होगा उतना ही उसका मन उज्जवल होता जाएगा। कथावाचक ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही, जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथावाचक ने धार्मिक संदेश के जरिये लोगों को सात्विक जीवन जीने का रास्ता बताया साथ ही परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाकर कथा का समापन किया। इस दौरान आचार्य सतीश मिश्र, आयोजक मकरध्वज शुक्ला, बहेरिया ग्राम प्रधान व डुमरियागंज के प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, शिव कुमार पाण्डेय, संदीप शास्त्री, प्रदीप शुक्ला, विजयपाल, विक्की पाल, अरविंद, गोपाल, पारसनाथ आदि मौजूद रहे।

# सालाना मजलिस के दूसरे दिन बड़ी संख्या में लिया अक़ीदतमंदो ने भाग

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** सराय चौक स्थित रौज -ए-हजरत कासिम में सालाना चार दिवसीय तब्लीग़ी मजालिस के दूसरे दिन उलमा व धर्मगुरुओं ने लोगों के भीतर घटते उत्तम गुणों पर चिंता व्यक्त किया।पड़ रही प्रचंड गर्मी के बीच अकीदतमंद कार्यक्रम में पहुंच कर हज़रत इमाम हुसैन से अपनी मुहब्बत का इजहार कर रहे हैं।

गर्मी की शिद्दत को देखते हुए मजलिस में विभिन्न सामाजिक संगठनों की तरफ से ठंडे शरबत व सबीलों का एहतेमाम किया गया है। सुबह की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैयद उरूजुल हसन मीसम ने लोगों को क्रोध, हिंसा, झूठ, लालच से दूर रहकर मानवीय आदर्शो पर चलने की सीख दी। उन्होंने कहा कि धर्म मानव जीवन की आचार्य संहिता है जो हमें कर्तव्य पालन की प्रेरणा देता है। सायं की मजलिस को मौलाना सैयद मोहम्मद मेंहदी आजमगढ़ ने खिताब किया। इससे पूर्व अंसर जलालपूरी, वारिस जलालपूरी सरवर हुसैन व अमीर हैदर ने पेश ख्वानी किया। कार्यक्रम के संयोजक इब्ने अली जाफरी ने बताया कि अन्य गंतव्य से कार्यक्रम में शिरकत करने वाले अकीदतमंदो के लिए भोजन व आवास की व्यवस्था की गई है। उक्त अवसर पर शमशीर अली, नज़र अब्बास तब्बू,सय्यदैन, नासिर हुसैन, हसन मुसन्ना, हैदर मेंहदी,शरीफुल हुसैन, तहजीब हैदर इनाम जाफरी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सिब्ते हसन, अलमदार हुसैन, कौसर अली, जाफर मेहंदी, सैफ अब्बास राजू, अली अकबर पतारे, मेहंदी रज़ा आदि का सहयोग रहा।

# पांच जून को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

○ सीएम योगी के 52वें जन्मदिवस पर होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को हिन्दू भवन एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवतरण दिवस के अवसर पर प्रभारी हिन्दू युवा वाहिनी उप्र व पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में उनके आवास हिन्दू भवन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किए जाने पर चर्चा हुई। पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि विगत वर्षो कि भांति इस वर्ष भी मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के 52वें जन्मदिवस 5 जून दिन बुधवार को सुबह 8 बजे हिन्दू भवन पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया हैं, जिसमें भारी संख्या में लोग सम्मलित होकर रक्तदान करेंगे। उन्होंने सभी से इस रक्तदान शिविर के कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना का आवाहन किया हैं। इस दौरान डॉ दशरथ चौधरी, लवकुश ओझा, धर्मराज वर्मा, मधुसूदन अग्रहरि, रमेशधर द्विवेदी, विनय पाठक, संजय मिश्रा, संतोष पासवान, उदय शंकर श्रीवास्तव, राम विलास कन्नौजिया, चंद्रभान अग्रहरि, गणेश विश्वकर्मा, सतीश श्रीवास्तव, चंद्रिका मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार बस ने सड़क पार कर रहे बालक को कुचला, मौत

अवधनामा संवाददाता

○ बस चालक पुलिस हिरासत में, केस दर्ज

**महमूदाबाद सीतापुर।** कोतवाली क्षेत्र के महमूदाबाद-रेउसा रोड स्थित डफरा गांव के पास तेज रफ्तार बस ने सड़क पार कर रहे 6 वर्षीय बालक को कुचल दिया। हादसे में बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को लेते हुए चालक को भी हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुआ बालक बाराबंकी जनपद के भटेटा गांव का रहने वाला था। पिता शेष नाग के देहांत के बाद से ही वह अपनी आठ वर्षीय बहन के साथ अपने ननिहाल सेमरी चौराहे पर रह रहा था। बता दें कि ज्येष्ठ माह के प्रथम बड़े मंगलवार के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया था। इसी क्रम में सेमरी चौराहे के समीप महमूदाबाद-रेउसा रोड के किनारे डफरा गांव के पास भंडारा चल रहा था। बताते हैं कि पीयूष भी अपनी बड़ी बहन के साथ भंडारे में वितरित किए जा रहे शरबत पीने के लिया आया। जैसे ही सड़क को पर करने लगा तभी रेउसा की ओर से आ रही तेज रफ्तार बस ने उसको कुचल दिया। बस के नीचे कुचलने से पीयूष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए ज़िला मुख्यालय भेज दिया।कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपी बस चालक को हिरासत में लिया गया है। बस को भी कब्जे में लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिया जिला मुख्यालय भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# बाबा बरुआदास पीजी कालेज के शिक्षकों ने परीक्षा का किया बहिष्कार

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम के शिक्षकों ने किया परीक्षा बहिष्कार डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ (आक्टा) की दिनांक 27 मई, 2024 की बैठक में विश्वविद्यालय प्रशासन के तानाशाही रवैए और हठधर्मिता द्वारा शिक्षकों के ग्रीष्मावकाश को समाप्त करने देने की कोशिश के विरोध में आमसभा द्वारा सर्वसम्मति से लिए गए निर्णय के आलोक में बाबा बरुआदास पीजी कॉलेज परुइय्या आश्रम अम्बेडकरनगर की महाविद्यालय शिक्षक संघ इकाई और स्ववित्त पोषित शिक्षक साथियों द्वारा आनलाइन बैठक में सर्वसम्मति से ग्रीष्मावकाश के दौरान 31 मई 2024 से प्रारंभ होने वाली विश्वविद्यालयीय सेमेस्टर परीक्षाओं का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में निवर्तमान प्राचार्य प्रो.के. के. मिश्र ने कहा कि जून माह की भीषण गर्मी में जबकि मौसम विभाग द्वारा बार-बार इस गर्मी से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं, ग्रीष्मकालीन अवकाश में परीक्षाओं की घोषणा शिक्षक एवं छात्र - छात्राओं के लिए नितांत अमानवीय है। इकाई शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के अतिरिक्त अन्य किसी भी समय जैसे -जुलाई या उससे पश्चात होने वाली परीक्षाओं में हम सभी शिक्षकों का पूर्ण मनोयोग से सहयोग रहेगा। इसके बावजूद यदि विश्वविद्यालय परीक्षा कराता है तो उसमें होने वाली किसी अप्रिय घटना के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन जिम्मेदार होगा। डॉ. सत्येन्द्र कुमार यादव ने कहा कि एक बार पुनः विश्वविद्यालय प्रशासन से सादर अनुरोध है कि हम शिक्षकों को ग्रीष्मावकाश का उपभोग करने हेतु सकारात्मक विचार करे। बैठक में शिक्षक संघ इकाई के जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश उपाध्याय, डॉ. रमेश कुमार, राम अचल यादव,डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ, सैयद बाकर मेहंदी, डॉ. सत्यप्रकाश पाण्डेय, आलोक यादव, वीरेन्द्र कुमार, डॉ. राजित राम यादव आदि उपस्थित रहे।

## अत्यधिक लाइट कटने के विरोध मे किन्नरों ने पॉवर हाउस में काटा हंगामा

**महमूदाबाद।** यूपी के जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद में लगातार हो रही बिजली कटौती को लेकर किन्नर समाज के लोगों ने पावर हाउस पहुंचकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। आपको बता दें कि झुलसा देने वाली गर्मी में लोग बाहर निकलने से बच रहे हैं। दूसरी ओर दिन हो या रात बिजली कटौती जारी है। बिजली कटौती से लोग परेशान हैं । महमूदाबाद में बिजली संकट बरकरार है। रात मे घंटों बिजली न आने से परेशान लोग छतों और घरों के बाहर टहलते रहते है। कई इलाकों में बिजली की आवाजाही का सिलसिला बरकरार रहता है तो कई जगह लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है।खासकर जब मोहल्ला बेलदारी टोला की लाइट घण्टो नही आती है इन्हीं सब समस्याओं के चलते किन्नर समाज के तमाम लोग विद्युत उपकेन्द्र पर पहुंच गये और जमकर हंगामा किया। हालांकि आश्वासन मिलने के बाद किन्नर समाज के लोग वापस लौट आए।

## जिलाधिकारी ने सबसे अधिक मतदान पर मतदाताओं का जताया आभार

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जनपद वासियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 मे दिए गए सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद अंबेडकर नगर में 25 मई,2024 के मतदान में जहां 116 वर्ष की वृद्ध माताजी ने अदम्य उत्साह के साथ मतदान में प्रतिभा किया। वहीं नारी शक्ति, वृद्ध मतदाता, दिव्यांग मतदाता एवं युवा मतदाताओं में भी एक अलग उत्साह दिखाई दिया और सभी ने इस चुनाव को पर्व के रूप में लिया। आप सभी के इसी उत्साह एवं सराहनीय प्रयास के कारण देश के छठे चरण के चुनाव में लोकसभा क्षेत्र 55-अंबेडकर नगर उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत में प्रथम स्थान प्राप्त कर गौरवान्वित महसूस कर रहा है। इसके लिए जिला प्रशासन आप सभी का आभारी है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विगत कई माह से लगातार जनपद में अनेक कार्यक्रम कराए गए । उन कार्यक्रमों में भी आप सभी ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया और मतदाता जागरूकता अभियान में अपना सक्रिय योगदान दिया। जिलाधिकारी ने समस्त इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के सम्मानित पत्रकार बंधुओ द्वारा निर्वाचन के दौरान अपना भरपूर सहयोग देने एवं समय-समय पर सभी सूचनाओं को आम जनता तक पहुंचाने तथा मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कराए गए कार्यक्रमों की कवरेज कर उसे आमजन तक पहुंचने में सहयोग के लिए सभी का आभार प्रकट किया है। 4 जून, 2024 को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना के लिए समस्त तैयारी पूरी कर ली गई हैं। आप सभी से हमारा विनम्र आग्रह है कि भीषण गर्मी को देखते हुए आप सभी अपने घरों में रहे तथा मतगणना की अपडेट विभिन्न संचार माध्यमों यथा मीडिया, सोशल मीडिया, टेलीविजन आदि के माध्यम से लेते रहे ,जिससे हीट स्ट्रोक आदि से सुरक्षित रहे तथा कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो।

# सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल कार्यक्रम के तहत आशा बहुओं के तृतीय बैच को प्रशिक्षित किया गया



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में गृह आधारित देखभाल (एचबीवाईसी) कार्यक्रम के तहत आयोजित प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने प्रतिभागी सभी आशाओं को गृह भ्रमण के दौरान नवजात शिशु एवं प्रसूता महिला के खतरे के लक्षण तथा गर्भवती महिलाओं के शीघ्र पंजीकरण पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई। डॉ.ओझा ने बताया कि आशा बहू अपने क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के अंतिम मासिक तिथि से एक सप्ताह तक पंजीकरण करते हुए प्रतिदिन एक गोली फोलिक एसिड की शुरुआत करें तथा गर्भावस्था के 3 माह से प्रसव तक सभी गर्भवती महिलाओं को कैल्शियम की दो गोली प्रतिदिन खाने के लिए तथा साथ ही साथ आशा बहू गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड टेबलेट की गोली खाने के लिए जागरूक करें। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. पी.एन. पटेल के द्वारा आशा बहू को प्रसूता के खतरे के लक्षण जैसे बदबूदार पानी आना, खून का बहुत कम होना, झटके आना, आंख का पीला होना आदि इसी प्रकार नवजात शिशु के खतरे के लक्षण जैसे तेज बुखार, तेज सांस का चलना, तेज बुखार, वजन न बढ़ना, नाभि से खून आना आदि लक्षण पाए जाने पर तत्काल संदर्भित करने हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान द्वारा इस दौरान राजीव त्रिपाठी, मैराज अहमद, सूर्यदेव सिंह, फूल कुमारी, अनीता, पुष्पा, साधना आदि मौजूद रहे।

## घर के अंदर जमीन पर पड़ा मिला महिला का शव

**कौशाम्बी।** जिले के कड़ा धाम थाना क्षेत्र में महिला का शव उसके घर के अंदर जमीन पर पड़ा हुआ मिला है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई इसके बारे में परिजन कुछ नहीं बता पा रहे हैं। मृतक महिला के बेटे के मुताबिक मां से झगड़ा कर पिता काम पर चले गए थे। इसके बाद वह खेलकर घर लौटा तो मां जमीन पर बेहोश पड़ी थी। घर के और लोगो को बुलाया तो उन्होंने देखा कि उनकी मौत हो गई है सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक कड़ाधाम थाना क्षेत्र के हुजरा शरीफपुर का मजरा अम्बाई बुजुर्ग गांव के फूलचन्द्र सरोज अपने पत्नी सुनीता और 2 बच्चों के साथ रहता है। मंगलवार की सुबह पत्नी व पति के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। पति फूलचन्द्र पत्नी से गुस्सा होकर बिना कुछ खाए ही काम पर चला गया। दोनों बच्चे भी गांव में खेलने चले गए। ग्रामीणों के मुताबिक सुनीता का बेटा सूरज खेल कर अपने घर लौटा तो उसकी मां जमीन पर पड़ी थी।

# कर्मचारी भविष्य निधि की समस्या को लेकर सीएमओ को सौंपा पत्र



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य केन्द्र मिठवल में एनम के पद पर कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने ईपीएफ की समस्या को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी को संबोधित पत्रक सीएचसी अधीक्षक मिठवल को सौंप कर समस्या समाधान की मांग किया है। सीएमओ को भेजे गए पत्र में कर्मचारियों ने कहा है कि ईपीएफ में जमा करने हेतु उन सभी के वेतन से कटौती की जा रही धनराशि कहाँ जमा कराई जा रही है कोई अता-पता नहीं है।लोगों का कहना है कि वह लोग वर्षों से स्वास्थ्य केन्द्र मिठवल पर संविदा कर्मचारी के रुप में जिम्मेदारी पूर्वक अपनी सेवा दे रहे हैं। अतएव उनके वेतन से प्रतिमाह ईपीएफ के लिए कटौती किए गए धनराशि के बावत उन्हें भी जानकारी मिलनी चाहिए जो नहीं हो रहा है। पत्रक के माध्यम से एनम पद पर कार्यरत कर्मचारियों ने सीएमओ से संपूर्ण प्रकरण का जांच कर आवश्यक कार्यवाही की मांग किया है। इस बावत अधीक्षक सास्वाकेंद्र मिठवल डा रामनिवास ने जानकारी दिया कि मामला संज्ञान में आया है, इस प्रकरण को लेकर जिला मुख्यालय पर बैठक बुलाई गई है। वेतन व ईपीएफ आदि सभी कार्यों का क्रियान्वयन विभाग के जिला कार्यालय से ही किया जाता है। बैठक में उच्चाधिकारियों द्वारा लिए गए नियमानुसार निर्णय के अनुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित होगी।

# दोनों ड्राइवरों ने रची थी हत्या की साजिश, पुलिस ने मुठभेड़ के बाद किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर सेक्टर 20 में रिटायर्ड आईएएस देवेंद्रनाथ दुबे की पत्नी मोहिनी की हत्या के आरोपी तीन बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक गोली लगने से घायल हुआ है।

पुलिस के अनुसार, ड्राइवर रवि व अखिलेश ने वारदात की साजिश रची थी। इसमें इनका एक साथी रंजीत भी शामिल था। वारदात को रवि व रंजीत ने अंजाम दिया था जबकि अखिलेश देवेंद्रनाथ दुबे को लेकर वापस लौटा था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारे वारदात के बाद दोनों नीले रंग की स्कूटी से भागते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे।

इंदिरानगर सेक्टर 20 में शनिवार सुबह सेवानिवृत आईएएस देवेंद्र दुबे के घर में घुसकर बदमाशों ने उनकी पत्नी मोहिनी की हत्या कर दी थी। इसके बाद अलमारी में रखे जेवरात और नकदी लूट ले गए थे। मामले में पुलिस को पहले भी ड्राइवरों पर ही शक था। कई पुख्ता सुबूत इस ओर इशारा कर रहे थे। दोनों चालकों रवि और अखिलेश से सोमवार को पुलिस ने लंबी पूछताछ की थी। दोनों के अलावा और भी कई लोगों से पुलिस ने पूछताछ की थी।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला था कि बदमाश नीले रंग की स्कूटी से आए थे और उसी से भागे थे। हत्यारों ने अपने परिचित की स्कूटी का इस्तेमाल किया। नंबर प्लेट निकाल दी थी। स्कूटी पुलिस ने बरामद कर ली थी। वहीं, सीसीटीवी से हत्यारों की पहचान भी हो गई थी। दोनों की शिनाख्त तेलीबाग निवासी अखिलेश और रवि के रूप में हुई। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से अखिलेश घायल हो गया। अखिलेश और रवि दोनों भाई हैं। दोनों ही देवेंद्र नाथ दुबे के घर कार चलाते थे। घायल अखिलेश को अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। पुलिस उसके भाई रवि से पूछताछ कर रही है।

# बीडीए ने चार अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

**बरेली।** बीडीए की टीम ने मंगलवार को शाहजहांपुर रोड पर चार अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करा दिया। बीडीए उपाध्यक्ष मानिकंडन ए ने बताया कि सैदपुर खजुरिया में मिर्जा अली 10 बीघा, इस्लाम खां आठ बीघा, कलीम खां, फरियाद व मुस्लिम खां सात बीघा और अमजद खां, बाबू वसीम खां व सचिन सात बीघा जमीन पर अवैध कॉलोनियों का निर्माण करा रहे थे। इन जगहों पर नक्शा स्वीकृत कराए बिना ही सड़क, नाली व साइट ऑफिस का निर्माण कराकर भूखंडों का चिह्नीकरण किया जा रहा था। इस पर टीम ने ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की है। बीडीए उपाध्यक्ष ने कहा कि संपत्ति खरीदते समय नक्शा जरूर देख लें। बिना नक्शे का निर्माण होगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि इससे पहले भी अवैध निर्माणों पर बीडीए का बुलडोजर चल चुका है। 25 मई को धौरेरा माफी और खजुरिया घाट पर पांच अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया था।

# लू और बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत छह की मौत

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** महोबा जिले में सुबह से निकल रही तेज धूप व गर्म हवाएं जानलेवा बन गई हैं। मंगलवार को लू और बुखार की चपेट में आने से मासूम समेत छह लोगों की मौत हो गई। वहीं, जिला अस्पताल व निजी क्लीनिकों में उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित मरीजों की भरमार रही। चिकित्सक बेहद जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलने की सलाह दे रहे हैं।

आग उगलती सूर्य की किरणों ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जनपद हमीरपुर के बिलहड़ी गांव निवासी जयकिशोर प्रजापति (52) ट्रक चालक था। मंगलवार को वह अपने भांजे बाबू प्रजापति के साथ गिट्टी लेने पत्थरमंडी कबरई जा रहा था। झांसी-मिर्जापुर हाईवे पर टोल प्लाजा रिवई के पास अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत हो गया। भांजे ने उसे सीट पर लेटाकर मुंह पर



पानी की छींटे मारे और स्वयं ट्रक चालक चलाकर कबरई पहुंच जयकिशोर को सीएचसी में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। भांजे ने मामा की मौत लू से होने की जानकारी पुलिस को दी है। इसी तरह पचपहरा निवासी पल्टू (60) राजस्व संबंधी कार्य से तहसील महोबा आया था। जहां वह अचेत होकर गिर गया। साथ आए गांव के कुछ लोग उसे अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना कबरई के

**■ संक्रामक बीमारियों के मरीज बढ़े**

खरका निवासी रामनारायण वर्मा (60) बकरियां चराने खेत गया था तभी उसे लू लग गई। तबियत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली चरखारी के बम्हौरीकलां निवासी खलबल (58) सोमवार को खेत पर बकरियां चरा रहा था। जहां लू की चपेट में आने से हालत बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। वहीं, थाना खरेला के पुन्नियां निवासी सुरेंद्र के दो माह के बेटे अंकित को दो दिन से बुखार आ रहा था। देर रात अचानक हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। शेखूनगर निवासी शकीला बेगम (45) की सोमवार की शाम अचानक हालत बिगड़ गई। आनन-फानन परिजन उसे जिला अस्पताल लाए।

# भारत में गरीबों और अमीरों के बीच की खाई इतिहास के सर्वोच्च स्तर पर

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** लोकसभा चुनावों के कोलाहल और सत्ता के शीर्ष पर बैठे महानुभावों के मुद्दाविहीन प्रलाप की आँधी में विश्व के जाने माने अर्थशास्त्रियों की वह रिपोर्ट पूरी तरह गुम हो कर रह गयी है, जो भारत के 25 करोड़ लोगों को गरीबी से उबारने के सत्ता- प्रतिष्ठान के दावों को तार-तार करती है।

यदि इस रिपोर्ट के जांच- परिणामों को एजेंडा बना दिया जाये तो शासक दल भाजपा और उसका डैमोगाग नेत्रत्व अपने राजनैतिक स्वार्थों के लिये मध्य और उच्च वर्ग को पुनः बरगलाएगा और उनमें उनकी संपत्तियों को छीने जाने का भय उत्पन्न करेगा। वह मंगल सूत्र जैसे भावनात्मक प्रतीकों को फिर से अपना औज़ार बनाने की भरसक कोशिश करेगा। पहले हम रिपोर्ट के उस हिस्से पर चर्चा करते हैं जो सत्ता प्रतिष्ठान के गरीबी

**■ स्थिति में बदलाव के लिए लेने होंगे कडवे फैसले : जाने माने अर्थशास्त्रियों की रिपोर्ट**

को समाप्त कर देने के दावों को सिरे से खारिज कर देती है। पेरिस स्कूल आफ इकोनॉमिक्स के अर्थशास्त्री थामस पिकेटी की टीम द्वारा 20 मार्च को जारी रिपोर्ट में कहा है कि 2000 के दशक की शुरूआत से भारत में असमानता आसमान छू रही है। रिपोर्ट के अनुसार 2022- 23 में शीर्ष एक प्रतिशत आबादी की आय और संपत्ति हिस्सेदारी क्रमशः 22. 6 प्रतिशत और 40. 1 प्रतिशत तक बड़ी है। यह अपने उच्चतम ऐतिहासिक स्तर पर है। भारत की शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की आय और हिस्सेदारी दुनियाँ में सबसे अधिक है। 2014- 15 और 2022- 23 के बीच शीर्ष स्तर की असमानता की व्रद्धि विशेष रूप से धन जमाव के संदर्भ में यह स्पष्ट हुयी है।

# पीओके भारत का अटूट हिस्सा : माधवी लता

अवधनामा संवाददाता

**वाराणसी।** कल तक कश्मीर पर कोई भी निर्णय केंद्र सरकार नहीं ले सकती थी। 70 सालों में कश्मीरियों की जिन्दगी बर्बाद हो गई। न विकास, न प्रकाश था। भूख से बेहाल कश्मीरियों को मिलती थी सिर्फ गोलियां। क्षेत्रीय दलों ने केंद्र का पैसा खुद खा गए। 370 के नाम पर आम कश्मीरियों का केवल शोषण हुआ। न शिक्षा मिली, न रोजगार केवल आतंकवादी होने का ठप्पा मिला। यह कश्मीर से आए पुलवामा जिले के टहब गांव के सरपंच बेलाल अहमद का दर्द है जो इन्होंने बयान किया।

विशाल भारत संस्थान एवं मुस्लिम महिला फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में 370 के खात्मे से पीओके की वापसी का सफर विषयक राष्ट्रीय परिचर्चा का आयोजन लमही के सुभाष भवन में किया गया। राष्ट्रीय परिचर्चा की मुख्य अतिथि हैदराबाद की सामाजिक कार्यकर्ता माधवी लता ने सुभाष मंदिर में मत्था टेका और



सुभाष चंद्र बोस की आरती और दीपोज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। हैदराबाद में अवैसी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाली माधवी लता का भव्य स्वागत काशी में किया गया।

कश्मीर के सामाजिक कार्यकर्त्ता राजा रईस ने कहा कि 370 के खत्म होने से विकास की बयार बह रही है। केंद्र का पैसा गांवों तक पहुंच रहा है। हमारे कश्मीर का विकास देखकर पीओके के लोग तड़प रहे हैं। वो हमसे मिलना चाहते हैं। अभी कश्मीर अधूरा है, जल्द ही कश्मीर का हिस्सा भी मिल जाएगा। पीओके में रहने वाले खुद हिन्दुस्तान का झंडा उठा रहे हैं। मुख्य अतिथि माधवी लता ने कहा कि मजबूत सरकार ने 370 को खत्म कर दिया। अब वही सरकार पीओके वापस लाकर भारत माँ को ताज पहनाएगी। आज कश्मीर का नौजवान खुश है, क्योंकि अब उसे आतंकवादी नहीं समझा रहा है। राहुल अगर कश्मीर जा पा रहे हैं, तो वह आज का बदला हुआ माहौल है। मजबूत सरकार बनेगी और पीओके वापस आएगा। आरक्षण मजहब के नाम पर नहीं बल्कि गरीब, दलित, महिलाओं को मिलेगा जो सभी धर्म और पंथ पर लागू होगा। विशिष्ट अतिथि मो. फैज खान ने कहा कि भारत में रजाकारों की पार्टी हारेगी,

**■ हैदराबाद सीट पर ओवैसी को दे रहीं हैं टक्कर**

राष्ट्रवादियों की पार्टी जीतेगी। कश्मीर हमारा है, हमारा ही रहेगा। जिन लोगों ने देश को धर्म के आधार पर बांटकर नफरत फैलाई, देश का विभाजन किया, देश उन्हें कभी माफ नहीं रहेगा। मोदी जी के नेतृत्व में देश में सामाजिक सौहार्द्र स्थापित किया जा रहा है। विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरुजी ने कहा कि 370 की समाप्ति ने पीओके की वापसी का रोडमैप तैयार कर दिया है। पाकिस्तान के जुल्मों सितम ने पीओके के बच्चों को भी नहीं बख्शा। पीओके के लोग भारत की ओर देख रहे हैं। वहां तिरंगा फहराने के लिए हर भारतीय तैयार बैठा है। अब पीओके की वापसी के लिए कश्मीरी तड़प रहे हैं। दोनों तरफ हिन्दुस्तानी हैं, बस मिलना बाकी है। ठाकुर राजा रईस ने कहा कि भाजपा के दौर में कश्मीर में जितना कार्य हो रहा है उनता काम पिछले 70 साल की सरकारों में नहीं हुआ।

# एरियल बंच कंडक्टर की क्वालिटी अच्छी हो तो उसे बिजली चोरी पर लगेगा अंकुश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कागजों में बिजली फुल लेकिन अनेको जनपदों में कई कई घंटे उपभोक्ता की बिजली गुल जब इसकी पडताल की तो सामने आया मई के महीने में पावर कारपोरेशन ने उपभोक्ताओं को बिजली देने के अपने ही रिकॉर्ड को अनेकों बार तोडा और कुल 29261 मेगावाट बिजली आपूर्ति का नया रिकॉर्ड बनाया आकड़ो में बिजली की उपलब्धता भरपूर होने के बावजूद भी धरातल पर उपभोक्ता पसीने बहा रहे है पूरे उत्तर प्रदेश में उपभोक्ताओं के पसीने बहाने का जो मुख्य कारण है वह 50 से 70 एरियल बंच कंडक्टर के घटिया क्वालिटी के कारण उनके जलने और गलने की वजह से हुए व्यवधान मुख्य रूप से सामने आए खास तौर पर बिजली चोरी को रोकने और विद्युत दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए एरियल बंच कंडक्टर का उपयोग बिजली कंपनियों ने करना शुरू किया आज बिजली चोरी भी अपेक्षित रूप से नहीं रुकी विद्युत दुर्घटना में भी बढोतरी हुई और विद्युत उपभोक्ताओं के ब्रेकडाउन के रूप में व्यवधान एक अभिशाप साबित हो रहा है और अब केवल पावर कारपोरेशन के जी का जंजाल बन गया पूरे उत्तर प्रदेश में पिछले दो वर्षों में लगे 1 अप्रैल 2022 से 30 अप्रैल 2024 तक 89596 किलोमीटर एरियल बंच कंडक्टर लगाये गए शायद यदि इसकी उच्च गुणवत्ता को देखा गया होता तो आज यह उपभोक्ताओं के लिए हितकर साबित होता ज्यादातर एरियल बंच कंडक्टर घटिया क्वालिटी की वजह से जल रहे है और 20 से 25प्रतिसत अब केवल ओवरलोड के चलते- जल रहे है। वही पहले जो एरियल बंद कंडक्टर लगे हैं आज भी वह उपभोक्ताओं के लिए रामबाण है लेकिन इधर आरडीएसएस सहित अन्य योजनाओं में जो एरिया बच कंडक्टर लगे वह उपभोक्ताओं के लिए अभिशाप साबित है।

# माहवारी विषय न तो शर्मिंदगी का है और न ही छुपाने का

अवधनामा संवाददाता




**लखनऊ।** इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया ने आज विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर आशियाना स्थित अंसल बिल्डिंग में कार्यक्रम का आयोजन किया।

आयोजित कार्यक्रम में संस्था की सदस्य और स्वास्थ्य अधिकार कार्यकर्ता शालिनी शुक्ला ने विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस का मकसद माहवारी के दौरान स्वच्छता को बढ़ावा देना और लोगों को जागरूक करना है। उन्होंने कहा की भारत में इस दिशा में बहुत काम किए जाने की आवश्यकता है। सबसे पहली आवश्यकता तो इस बात की है कि इस विषय में खुल कर लोग आपस में बात करें! क्योकि यह विषय न तो शर्मिंदगी का है और न ही छुपाने का। इनिशिएटिव फाउन्डेशन इंडिया इस बात पर ज़ोर देती हैं कि सामूहिक कार्रवाई के लिए मासिक धर्म के बारे में सटीक जानकारी बहुत ज़रूरी है। आज हम सरकार से अपील करते हैं की इस मुद्दे को स्कूली शिक्षा में शामिल करें, ताकि मासिक धर्म से जुड़ी स्पष्ट, सही और समझने में आसान जानकारी सभी को बचपन से ही मिल सकें।

कार्यक्रम में शामिल सामाजिक कार्यकर्ती सीमा जी ने कहा की महिलाओं लड़कियों किशोरियों में माहवारी एक प्राकृतिक शारीरिक क्रिया है लेकिन इसके बावजूद महिलाओं और लड़कियों को शिक्षा प्राप्त करने, आय अर्जित करने और रोजमर्रा की जिंदगी में पूरी तरह से और समान रूप से भाग लेने से रोका जाता है जो बिल्कुल ग़लत है। संस्था की सदस्य और युवा कार्यकर्ता पूजा ने कहा की यह कार्यक्रम हर उस व्यक्ति के लिए एक ऐसा मौका है, जहां हम खुद जागरूक होकर समाज को भी जागरूक करने का काम करेंगे। हमें इस दिन को त्योहार के रूप में मनाना चाहिए। जिससे माहवारी को लेकर सबकी चुप्पी टूटे और समाज में जो भ्रांतियां व मिथक फैली हुई हैं वह दूर हो।

# परिधि मल्होत्रा को 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा परिधि मल्होत्रा को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका की पेस यूनिवर्सिटी द्वारा 80,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। परिधि को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्रा ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने परिधि की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ



विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक सी.एम.एस. के 80 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# चित्रकूट धाम, मथुरा धाम की यर्थाथ गाथा नामक पुस्तक जनसामान्य के लिए उपलब्ध

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या/लखनऊ।** अध्यक्ष अयोध्या जी सेवा न्यास/तत्कालीन उपनिदेशक सूचना अयोध्या मण्डल, अयोध्या डा. मुरलीधर शास्त्री द्वारा मार्डन पूजा/साधना पद्वति-अयोध्या धाम आरेछा धाम, काशी धाम, चित्रकूट धाम, मथुरा धाम की यर्थाथ गाथा नामक पुस्तक का विमोचन विगत 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर प्रसार भारती के चेयरमेन डॉ नवनीत सहगल एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में श्रीराम जन्म भूमि परिसर में पुस्तक का विमोचन किया गया था। पुस्तक के माध्यम से अयोध्या की संस्कृति लगभग 496 साल से इस आर्यावर्त के मर्यादा पुरूषोत्तम राम की नगरी में उनके जन्मस्थान पर मंदिर के लिए संघर्ष रहा। इसका परिणाम 9 नवम्बर को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद हुआ तथा जिसका अंतिम परिणाम श्रीरामलला विराजमान मंदिर का



लोकार्पण 22 जनवरी को हो गया। इस पुस्तक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय मंत्री अमित शाह, उप्र मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ की जन्मकुण्डली का वैदिक विश्लेषण किया गया जिसमें स्पष्ट उल्लेख है 4 जून को लोक सभा चुनाव की मतगणना होगी, जिसमें भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलेगा तथा अमित शाह जी गृहमंत्री के साथ-साथ उप प्रधानमंत्री भी बनेगें क्योंकि लेखक का जन्म दिवस तथा भाजपा का स्थापना दिवस 06 अप्रैल है इसके आधार पर वैदिक ज्योतिष के गृह बता रहे है तथा उत्तर प्रदेश में भाजपा को 50-55 सीटें तथा इंडिया गठबंधन को 25-30 सीटें मिलेंगी। इस घटनाओं को सामान्य व्यक्ति होने के कारण तथा सूचना विभाग के अधिकारी होने के कारण मुझे नजदीक से देखने का मौका मिला, जिसमें अयोध्या के निर्माण में करोड़ों लोगों का योगदान है पर 108 उन महानुभावों का विशेष योगदान है जो अपने जीवन के समर्पित कर राम आंदोलन को आगे बढ़ाया। हमारी इस पुस्तक में उन महानुभावों का विशेष योगदान रहा। यह पुस्तक 432 पेज की है जिसमें 12 कलर पृष्ठ में फोटो भी संलग्न है। इस पुस्तक में मुख्य रूप से अयोध्या के विषय में व्यापक रूप से आरेछा धाम में राम के स्थान का व्यापक रूप से काशी धाम में महादेव के स्थान का व्यापक रूप से तथा राम के 11 वर्ष के वनवास में चित्रकूट धाम में निवास का और भगवान राम के अवतार कृष्ण के धाम मथुरा के विशेष पहलुओं का उल्लेख किया गया।

# पेंशनर्स के ज्वलंत मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान करें सरकार

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के लाखों पेंशनर्स, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शीर्ष प्रतिनिधि संगठन उ0प्र0 सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ यादव ने राज्य शासन के मुख्य सचिव को 26 मई अनुस्मारक ज्ञापन भेजकर स्मरण कराया है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद पूर्व में ही प्रेषित पेंशनर्स के मूलभूत ज्वलंत मुद्दों पर द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समाधान कराये जिनकों लेकर पेंशनर समाज में असंतोष व्याप्त हैं।

विवरण देते हुए संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बी0एन0 कुशवाहा एवं महामंत्री ओ0पी0 त्रिपाठी ने बताया कि राशिकृत पेंशन की वसूली ब्याज सहित 10 वर्ष की अवधि में पूरी हो जाती है पर सरकार 15 वर्ष तक जबरन वसूली करती है। अभी हाल में ही पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने रिट याचिका संख्या 2490/2024 आर0एस0

**■ पेंशनर एसोसिएशन ने मुख्य सचिव को अनुस्मारक ज्ञापन भेजकर उठाई मांग**

जिंदल बनाम सरकार में इसे न्यायोचित निरुपित करते हुए 10 वर्ष के पश्चात् वसूली पर रोक लगा दी है। अतः राज्य सरकार को इस पर निर्णय लेना चाहिए और 10 वर्ष के बाद की वसूली को रोकने और जिनसे वसूली कर ली गयी है उन्हें अतिरिक्त वापस करनी चाहिए। दूसरा ज्वलंत मुद्दा 30 जून एवं 31 दिसम्बर को सेवानिवृत्त कार्मिकों को एक वेतन वृद्धि देते हुए वेतन पुनर्निधारण एवं पेंशन पुनरीक्षण किये जाने का है इस पर भी मा0 सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय के निर्णय आ चुके हैं। राज्य सरकार ने न्यायिक सेवा के अधिकारियों को एक सामान्य शासनादेश जारी कर इसका लाभ दे दिया है तो शेष सभी के लिए वित्त विभाग द्वारा जनरल जी0ओ0 जारी किया जाना चाहिए।

# किसानों के लिए वरदान है 'फुलपेज' राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन

## 12 से अधिक राज्यों के धान उत्पादक किसानों की बढ़ेगी आय, पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ खेती को मिलेगा बढ़ावा : अजय राणा

अवधनामा संवाददाता

**नई दिल्ली।** धान के बीज की खेतों में सीधी बुआई करने यानी डीएसआर (डायरेक्ट सीडिंग ऑफ राइस) तकनीक का उपयोग करने वाले किसानों के लिए एक खुशखबरी है। अब उन्हें धान की फसल के साथ उगने वाले अनावश्यक खरपतवार और जंगली धान के पौधों की समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। एक नया प्रौद्योगिकी समाधान फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन धान के बीज की सीधी बुआई करने वाले लाखों किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए तैयार है। 'फुलपेज' तकनीक एक समग्र और भविष्यवादी दृष्टिकोण का मिश्रण है, बल्कि किसानों के लिए प्रति एकड़ लागत में 6000 से 8000 रुपये की बचत भी करता है। यह श्रम लागत कम करने के साथ-साथ ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को भी करीब 25 फीसदी तक करने में सक्षम है। यह नया प्रौद्योगिकी



समाधान पानी बचा कर भूजल की खपत को कम करेगा और टिकाऊ कृषि को बढ़ावा देगा। यह पूरी तरह से भारत सरकार के नेट जीरो उत्सर्जन और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के दृष्टिकोण के अनुकूल है।

सावाना सीड्स के एशिया प्रशांत व्यापार प्रमुख एवं सीईओ अजय राणा ने कहा, वर्ष 2035 तक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त 114 मिलियन टन चावल की आवश्यकता होगी। जबकि, धान की खेती में विस्तार के लिए भूमि और जल संसाधन

**■ बोले, यह अत्याधुनिक समाधान व्यापक चार-आयामी लाभ प्रदान करता है**

हासिल करना टेढ़ी खीर है। धान की खेती के पारंपरिक तरीकों में पानी पर निरंतर दबाव और उच्च लागत को देखते हुए यह जरूरी है कि अधिक-से-अधिक किसान सस्ती एवं अधिक टिकाऊ डीएसआर विधि के साथ जलवायु-अनुकूल कृषि प्रथाओं का उपयोग करें। हालाँकि, ऐसे किसान खरपतवार प्रबंधन और कम उत्पादकता की चुनौतियों से जूझते हैं। यही वजह है कि हमें इस क्षेत्र में नये समाधान के बारे में सोचने के लिए प्रोत्साहन मिलता है।

प्रौद्योगिकी-आधारित अग्रणी चावल कंपनी सवाना सीड्स ने अपनी तरह का पहला फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन पेश किया है, जिसे विशेष रूप से धान के किसानों द्वारा डीएसआर प्रणाली को बड़े पैमाने पर अपनाने की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है।

राणा ने बताया, यह अत्याधुनिक समाधान व्यापक चार-आयामी लाभ प्रदान करता है। अपने स्क्वाड बीज उपचार के साथ फुलपेज क्रॉपिंग सॉल्यूशन फसल उत्पादन में वृद्धि करने के लिए स्मार्ट जेनेटिक्स को एकीकृत करता है, एक समान अंकुरण प्रदान करता है, मजबूत प्रारंभिक विकास के साथ पौधे की शक्ति को बढ़ावा देता है। पारंपरिक तरीकों के विपरीत, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन फसल में हर्बिसाइड फाइटोटॉक्सिसिटी के जोखिम को समाप्त करता है, व्यापक स्पेक्ट्रम खरपतवार नियंत्रण और फसल सुरक्षा की पेशकश करके निर्बाध विकास और अधिकतम उपज क्षमता सुनिश्चित करता है। राणा, फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) के अध्यक्ष भी हैं। राणा ने कहा, नई तकनीक से भारत के 12 से अधिक राज्यों के धान उत्पादक किसानों को मदद मिलेगी। इसे 500 से भी अधिक प्रदर्शनों में प्रदर्शित करने व तीन वर्षों से हजारों किसानों द्वारा पर्यवेक्षण व अनुमोदन के बाद ही धान की खेती करने वाले किसानों के लिए पेश किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, पारंपरिक डीएसआर प्रथाएं अक्सर खरपतवार प्रबंधन और असंगत अंकुरण से जूझती हैं, जिससे पैदावार कम होती है। धान की खेती में इस चुनौती का समाधान करने के लिए, फुलपेज राइस क्रॉपिंग सॉल्यूशन एडमा के वेज़िर हर्बिसाइड को एकीकृत करता है, जो इमाज़ेथापायर-हर्बिसाइड सहिष्णु संकर चावल में खरपतवार वाले चावल, घास, चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार और सेज जैसे खरपतवारों को नियंत्रित करता है। यह तकनीक कम पानी खर्च करने वाली और टिकाऊ कृषि पद्धतियों की ओर कदम बढ़ाने के वैश्विक एजेंडे को आगे बढ़ाती है।

# संचालिका अपने ब्यूटी पार्लर में चलाती है सेक्स रैकेट

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में ब्यूटी पार्लर का संचालन करने के साथ ही स्टाफ की महिलाओं पर देह व्यापार के धंधे में शामिल होने का दबाव बनाया जा रहा है। जो भी खिलाफत करता है संचालिका उसे धमकाती है। एक युवती को मना करने पर पीटकर घायल कर दिया। पीड़िता ने मंगलवार को एसपी से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के एक कालोनी का है। यहां की रहने वाली युवती ने एसपी विनोद कुमार को प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि वह मूल रूप से फिरोजाबाद की रहने वाली है। वह कोतवाली क्षेत्र में अपनी एक रिश्तेदार के यहां स्टेशन रोड पर रह रही है। वह शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित एक ब्यूटी पार्लर पर काम सीख रही है। इसकी संचालिका दन्नाहार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला है जो कि वर्तमान में शहर में ही रह रही है।

## आग का विनाशक पक्ष

किबदन्ती है आग स्वर्ग से मानव कल्याण के लिये लाई गई। तबसे इसका रचनात्मक और विनाशक पक्ष सामने आ रहा है। वर्तमान में अग्निशमन तकनीक दुनिया में बहुत उच्चस्तर का है पर आग लगने की घटनायें होती ही रहती है। वजह सुरक्षा के नियमों की अनदेखी साथ इससे सम्बन्धित विभागो जांच एजेन्सियों की अनदेखी और ढीलापन है। बढ़ती आबादी के साथ बेतरतीब बढ़ते नगर और मकान भी लगी आग को फैलाने में सहायक होते है। अभी गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेन्ट पार्क के अन्दर गोमिंग जोन में लगी आग अभी बुझी भी नही थी कि दिल्ली के एक बच्चों के अस्पताल में आग लग गई। दोनो घटनाओं में चोटिल होने वालो में छोटे बच्चे ज्यादा है। दोनो घटनाओं में नियमों की अवहेलना जांच एजेन्सियों सुरक्षा अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया उजागर है। जांच के आदेश हो गये है। पर घटना और जांच को लेकर कुछ दिन चर्चायें होती है, नतीजे आने तक लोग भूल जाते है।

हालात बद से बदतर होते रहते है। होना यह चाहिये की हाउसिंग सार्वजनिक जगहों होटलों अस्पतालों की डिजाईनिंग इस तरह की होनी चाहिये के ऐसी स्थिति में तुरन्त अग्निशमन उपकरण तुरन्त पहुंचाया जा सकें। और ये उपकरण जरूरी भवनों में बिना लगाये स्वीकृत नहीं देनी चाहिये। स्थानों में सुरक्षा के उपकरणा अपडेट हो और लगाये गये हो। उपकरणों की नियमित जांच होती रहनी चाहिये।

राजकोट के प्राईवेट अम्यूजमेन्ट पार्क में फायर एनओसी नहीं मिला था पर बिना बाधा गेमिंग जोन चल रहा था। बच्चे महंगे टिकट लेके यहां आते रहते है। प्रशासन को गैरकानूनी कामों की सूचना होनी चाहिये और उनके रोकने के लिये ठोस कदम उठाने चाहिये। दिल्ली घटना में आग लगने की वजहें तलाशी जा रही है। राजधानी में प्राइवेट संस्थाओं में आग लगने की घटनायें आती जाती रहती है। वजह सब नियमों से बेपरवाह है।

गुजरात हाईकोर्ट ने राजकोट दुर्घटना का स्वयमसंज्ञान लेते हुये सरकार, राजकोट सूरत और अहमदाबाद मुनसपिलिटी को आदेश दिया है कि इन शहरों मे चल रहे गेमिंग सेन्टर के कार्यपद्धति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। देहली अस्पताल की जांच में देहली सरकार ने बच्चों को जलने की खबर दी है। जिनकी मौत हो गई। आग से विनाश की कुछ घटनायें आज भी रोगटें खड़ा कर देती है। 1997 में उपहार सिनेमा दुर्घटना दिल्ली में 2010 में, बगलरू रिहयशी काम्पलेक्स में, 2017 में, कमना मिल में कलकोत्ता के एमआरआई अस्पताल में 2011 में, कोविड के समय अस्पताल में लगी आग इन सब के बावजूद आगे खतरों के साथ सारे कार्यक्रम यथावत चल रहे है। जंगल के आग की अलग कहानी है। हेल्थ केयर सहूलियतो वाले केन्द्रों में विशेष ध्यान की जरूरत है। यहां दवाओं के साथ उपकरणों में उपयोग होने वाले तत्व अति ज्वलशील होते है। नेशनल बिल्डिंग कोड का पार्ट चार ने 80 पेजों में अग्नि दुर्घटना रोकने के उपाय दिये है। उपकरणों में रोकने की जिम्मेदारी म्यूनिस्पलिटी पर है पर वे लापरवाह है। नेशनल डिजास्टर मैनेजमेन्ट अथरिटी ने सुरक्षा के लिये मार्ग दर्शन दिये है। पर सब पन्नों मे कैद है। उन्हें बाहर निकालने की प्रियारिटी होनी चाहिये।

## अब 'रेवड़ी आवंटन' में भी प्रतिस्पर्धा?



तनवीर जाफ़री

भारतीय जनता पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि 2019 के लोकसभा चुनावों में उसे समर्थन देने वाला एक बड़ा वर्ग उन लोगों का भी था जिन्हें केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मुफ़्त राशन बांटना शुरू किया था। भाजपा ने ग़रीब मतदाताओं के इस नये वर्ग को लाभार्थी वर्ग के नाम से सम्बोधित किया था। इस योजना में पूरे देश में प्रधानमंत्री मोदी की फ़ोटो छपे मज़बूत थैलों में राशन बांटा गया था। देश में तमाम जगहों पर ढोल बजे व तमाशे के साथ इस योजना के तहत राशन बांटकर देश के ग़रीबों की ग़रीबी का न केवल मज़ाक़ उड़ाया जाता था बल्कि इसके बदले में उन ग़रीबों से वोट की उम्मीद भी रखी जाती थी। चुनावों के दौरान कई सत्ताधारी दबंग नेताओं को यह कहते भी सुना गया कि खायेंगे मोदी का तो वोट भी मोदी को ही देना होगा। गोया सरकारी मुफ़्त राशन के बदले में वोट पर अधिकार जताने का दावा? ऐसे ही एक राशन वितरण समारोह में मुझे भी मेरे एक परिचित राशन डिपो होल्डर ने ग़रीबों को राशन बांटने के लिये मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। मैंने न केवल जाने से इंकार किया बल्कि उसे प्रवचन भी दे डाला कि वह अपनी दुकान के लाइसेंस के चक्कर में ग़रीबों की ग़रीबी का मज़ाक़ उड़ाने वालों की पंक्ति में न खड़ा हो तो बेहतर है। परन्तु वह तो एक सुनियोजित सरकारी प्रोपेगंडा मशीनरी का हिस्सा था लिहाज़ा मैं नहीं गया तो उसे राशन बांटने के लिये कोई दूसरा मिल गया। बहरहाल, प्रधानमंत्री ग़रीब कल्याण अन्न योजना अप्रैल 2020 से प्रारंभ की गयी थी। इसका उद्देश्य देश में कोविड-19 के अचानक फैलने से हुए आर्थिक व्यवधानों के कारण ग़रीबों और ज़रूरतमंदों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करना बताया गया था। जिस समय यह योजना शुरू की गयी थी तभी से यह विपक्षी दलों के निशाने पर थी। परन्तु जैसे जैसे सरकार को जनता की ओर से इसका सकारात्मक फ़ीडबैक मिलता गया,सरकार इस मुफ़्त राशन योजना को आगे बढ़ाती गयी। परन्तु जब किसी राज्य में विपक्षी दाल की सरकार राज्य के नागरिकों को मुफ़्त बिजली, मुफ़्त स्वास्थ्य, मुफ़्त शिक्षा, क़र्ज़ मुआफ़ी या बेरोज़गारी भत्ता आदि देने की बात करती तो उसे स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुफ़्त की रेवड़ी बांटने का नाम देते। जबकि केंद्र सरकार बड़े गर्व के साथ ग़रीबों के वोट बैंक की लालच में छाती ठोककर दावा करती कि केंद्र की मोदी सरकार देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ़्त राशन दे रही है। परन्तु जब इसी दावे के साथ यही सरकार यह दावे भी करती कि हमने करोड़ों लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकाला, यही सरकार जब देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे करती,देश में प्रगति व ख़ुशहाली की बातें करती तब यही विपक्ष केंद्र सरकार के उन्हीं दावों को शस्त्र के रूप में इस्तेमाल करते हुये यह पूछता कि जिस देश में 80 करोड़ लोग राशन ख़रीदने की स्थित में नहीं हैं उस देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के दावे में भला कैसी सच्चाई? उस सरकार के करोड़ों लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालने व देश में प्रगति व ख़ुशहाली के दावों में कितनी सच्चाई? परन्तु आज जब वही विपक्ष 2024 के लोकसभा चुनावों में एन डी ए ,विशेषकर उसके सबसे बड़े घटक भाजपा से दो दो हाथ कर रहा है तो उसने भी जनता से अनेक लोकलुभावन वादे किये हैं।

इण्डिया गठबंधन के सबसे बड़े दल कांग्रेस ने तो 48 पन्नों का एक विस्तृत घोषणापत्र जारी किया है जिसमें 5 न्याय, 25 गारंटी, के साथ जनता से 300 से अधिक वादे किये गए हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसकी 5 न्याय, व 25 गारंटी की घोषणा उसे चुनाव जीतने की गारंटी देगी। कांग्रेस के घोषणा पत्र में न्यूनतम मज़दूरी 400 रुपए प्रति दिन करने, ग़रीब परिवार की महिला को साल में 1 लाख रुपए देने, रस्क्क को क़ानून बनाने,अग्निवीर योजना को समाप्त करने और जाति जनगणना कराने जैसी बातें तो काफ़ी हद तक ठीक लगती हैं। परन्तु चुनाव के बीचो बीच जिसतरह इण्डिया गठबंधन व कांग्रेस के अपने चुनाव घोषणा पत्र से अलग हटकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने 15 मई को लखनऊ में यह घोषणा कर डाली कि इण्डिया गठबंधन सत्ता में आने के बाद ग़रीबी रेखा से नीचे के लोगों को मिलने वाले 5 किलो राशन की जगह उससे दो गुना यानी 10 किलो राशन देना शुरू करेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़्वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़्वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं।

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया



ललित गर्ग

गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है। यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।

इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं? प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है? बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन



घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है।

आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है? सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे-जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है। राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है। इंसान का जीवन कितना सस्ता हो गया है। अपने धन लाभ के लिये कितने इंसानों के जीवन को दांव पर लगा देता है। मालिकों से ज्यादा दोषी ये अधिकारी और कर्मचारी हैं। अगर ये अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते तो उपहार सिनेमा अग्निकांड नहीं होता, नन्दनगरी के समुदाय भवन की आग नहीं लगती, पीरागढ़ी उद्योगनगर की आग भी उनकी लापरवाही का ही नतीजा थी। बात चाहे पब की हो या रेल की, प्रदूषण की हो या खाद्य पदार्थों में मिलावट की-हमें हादसों की स्थितियों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करने ही होंगे। तेजी से बढ़ता हादसों का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है। स्थानीय निकाय हो या सरकारें, लाइसेंसिंग विभाग हो या कानून के रखवाले- अगर मनुष्य जीवन की रक्षा नहीं की जा सकती तो फिर इन विभागों का फायदा ही क्या? कौन नहीं जानता कि ये विभाग कैसे काम करते हैं। सब जानते हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर इंस्पैक्टर आते हैं और बंधी-बंधाई राशि लेकर लौट जाते हैं। लाइसेंसिंग विभाग में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। नैतिकता और मर्यादाओं के इस टूटते बांध को, लाखों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते इन आदमखोरों से कौन मुकाबला करेगा? कानून के हाथ लम्बे होते हैं पर उसकी प्रक्रिया भी लम्बी होती है। कानून में अनेक छिद्र हैं। सब बच जाते हैं।

# भारत रत्न किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह



मणेन्द्र मिश्रा

देश की आजादी के शुरूआती दशकों में जनसंचार माध्यमों के पर्याप्त अभाव के बाद भी किसानों की लड़ाई लड़ने वाले नेता की पहचान अखिल भारतीय स्तर पर किसान मसीहा के रुप में स्थापित होना किसी आश्चर्य से कम नहीं है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह समकालीन पीढ़ी के लिए उस दौर के अचंभित करने वाले नेता के तौर पर ही पहचाने जाते हैं। आज भी सुदूर ग्रामीण अंचलों में किसानो के हक और हकूक की लड़ाई लड़ने वाले नेता के रूप में लोगों की जुबान पर बरबस चौधरी साहब का नाम सहज ही आ जाता है। उनके किसान हितैषी व्यक्तित्व का ही प्रभाव रहा कि मौजूदा भारत सरकार को चुनावी वर्ष में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित कर उस महान धारा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना पड़ा।


चौधरी चरण सिंह आजीवन किसान हितों के प्रति समर्पित रहे। लोकतांत्रिक भारत के इतिहास में पहली बार उन्होंने प्रशासनिक सेवाओं में खेतिहर और ग्रामीणों के लिए पचास फीसदी आरक्षण की बात किया। लाल किले की प्राचीर से बोलते हुए खेती-किसानी और नौजवानों के रोजगार को ही मुद्दा बनाते रहे। जहां एक ओर उन्होंने राजनीतिक भ्रष्टाचार से खुद को आजीवन बचाए रखा, वहीं दूसरी ओर अपने से जुड़े लोगों की शुचिता और साख के मजबूत बने रहने के लिए विशेष अनुशासन के नियम को बनाए

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाये गये रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गाँवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गाँव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया, जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुयी है।

रखा। यह उनके व्यक्तित्व का ही असर था कि राजनीति में गलत और अन्याय करने वाला शख्स उनके आस-पास भी नहीं आ सका। देश के शीर्षस्थ पद पर पहुंचने की यात्रा के दौरान वे राग-द्वेष से पूरी तरह मुक्त रहकर अपने दिनचर्या का संपूर्ण समय समाज के वंचित लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के विषय में कार्य करते रहे। चौधरी साहब के लेखन को पढ़ने और समझने से एक दृष्टि पैदा होती है कि कैसे राजनीति में रहते हुए चकाचौंध से दूर रह कर आमजन के हित का काम पूरी ईमानदारी से किया जा सकता है।

1937 में पहली बार बागपत-गाज़ियाबाद परिक्षेत्र से चुनाव जीतने के बाद ही उन्होंने 'लैंड यूटीलाईजेशन बिल' बनाकर सरकार द्वारा इसपर विशेष विचार का आग्रह किया था जिसके फलस्वरूप किसान आन्दोलन के अग्रणी नेताओं ने उन्हें विशेष महत्व दिया। किसान आन्दोलन के प्रो.एन.जी.रंगा ने 'मंडी समिति एक्ट' में चरण सिंह के सुझावों को शामिल किया था। 1950 में यूपी के मुख्यमंत्री सम्पूर्णानन्द की सरकार में चौधरी साहब के प्रयास और मार्गदर्शन में ही जमींदारी उन्मूलन विधेयक बना जो एक जुलाई 1952 को लागू भी हो गया। इसी तरह 1964 में सुचेता

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर विशेष



कृपलानी की सरकार में बतौर कृषि मंत्री उन्होंने 'कृषक समाज' की स्थापना के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकि से जोड़ने का प्रयास शुरू किया। जिसे आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री बनने के बाद 'चकबंदी कानून' को अतिरिक्त मजबूत करते हुए किसान हित का ध्यान रखा।

23 दिसम्बर 1977 को केंद्र सरकार द्वारा उन्हें मंत्रिमंडल से निकाले जाने के विरोध में आयोजित किसान रैली के ऐतिहासिक भीड़ के विषय में जानकर तत्कालीन समय में उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। 1977 में जनता पार्टी की प्रथम बैठक में भारतीय अर्थव्यवस्था और किसान नीति की बेहतरी के लिए बनाये गये रिपोर्ट की चर्चा करते हुए उन्होंने लघु एवं कुटीर उद्योग के लिए बजट का 40 प्रतिशत हिस्सा कृषि पर व्यय करने से लेकर 50 फीसदी गाँवों के विकास पर खर्च करने का पक्ष उनके गाँव-किसान से गंभीर जुड़ाव को ही दर्शाता है। किसान विकास योजनाओं में धन की पर्याप्त उपलब्धता करने के लिए उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान नाबार्ड का गठन किया.जिसकी सफलता आज भी निर्विवाद बनी हुयी है।

मेरे सपनों के भारत विषय पर चर्चा करते हुए उन्होंने पाँच बिन्दुयों पर अपनी बात कही थी कि प्राथमिक आवश्यकताएं सब की पूरी हो, ऐशो-आराम की चीजें नहीं। दूसरे सब को रोजगार मुहैया हो,तीसरे अमीरों और गरीबों में अंतर कम से कम होता जाए। चौथे यह कि हर आदमी ईमानदार हो अर्थात देश में भ्रष्टाचार ना हो और हर आदमी रोटी कमाने के काम में स्वतंत्र रहे, अपने कर्तव्य का ईमानदारी से पालन करता रहे। पांचवें यह कि हर आदमी अपने मुल्क को तरक्की की बुलंदियों तक पहुंचाने का स्वप्न देखे और एक यह भी कि भारत में ऊंच-नीच का भेदभाव बिल्कुल ना रहे। इसके साथ ही चौधरी साहब ने एक ठोस आर्थिक नीति का मॉडल प्रस्तुत किया जिससे देश की गरीबी और बदहाली को दूर करने का रास्ता सुझाया जा सके।

गांधीवादी परंपरा के चौधरी चरण सिंह अपने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत संपत्ति के आग्रह से पूरी तरह दूर रहे। चौधरी साहब के प्रिय शिष्य 1974 में उत्तर प्रदेश की राजनीति में दो नौजवान छात्रनेता सतपाल मलिक और राजेन्द्र चौधरी आज भी उस धारा के प्रकाश बिन्दु के रूप में क्रमशः पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री के रूप में उस वैचारिकी को जीवंत बनाए हुए हैं। बीते कुछ वर्षों में जिस तरह किसानों के मुद्दों और उनका दखल एक दबाव समूह के रूप में उभरा है उसे चौधरी साहब की नीतियों के आधार पर समाजवादी विचार परंपरा के वाहक अखिलेश यादव राजनीति के केंद्र में बनाए हुए है। आज जब राजनीति व्यवसाय,विचारहीनता और पदलोलुपता के मकड़जाल में उलझता चला जा रहा है। ऐसे में चौधरी चरण सिंह की याद बेपटरी हो चुकी राजनीति में एक प्रकाशपुंज की भांति प्रतीत होती है जिनके बताए रास्ते पर चलकर समाज में समृद्धि और समरसता कायम की जा सकती है। चौधरी साहब की पुण्यतिथि पर सबसे सच्ची श्रद्धांजलि उनके किसानोंन्मुख छवि पर आम जनता में विमर्श करते हुए किसानों की मूलभूत समस्याओं के विषय में मौलिक एवं सहज समाधान प्राप्त करने के माध्यम से किया जा सकता है।

# सांड को पूंछ से पकड़ने का पर्यावरणीय पाखंड




बादल सरोज

गर्मी प्रचंड है इतनी प्रचंड कि कहीं ट्रैक्टर के बोनट पर रोटियाँ सेंकने, तो कहीं रेत में पापड़ भूने जाने की खबरें आ रही हैं। तापमान हाफ सेंचुरी के एकदम नजदीक पहुँच गया है। मनुष्य का शरीर 37-38 डिग्री तक का तापमान सह सकता है, मगर गर्मी है कि अनेक जगहों पर 47 से 49 तक पहुँच चुकी है। मुमकिन है, कहीं 50 डिग्री सेल्सियस को छू भी लिया हो। मेडिकल जर्नल 'लैंसेट' के मुताबिक अगर बाहरी टेंपरेचर 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाए, तो मांसपेशियां जवाब देने लगती हैं। जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण अंगों के काम करना बंद करने से लेकर हार्ट अटैक जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इस तरह देखें, तो गर्मी जानलेवा हो चली है, आदमखोर हो गयी है। यह अचानक नहीं हुआ है, इस साल की शुरुआत में ही चेतावनी आ चुकी थी कि 2024 सबसे गर्म वर्ष होने जा रहा है। इसके पीछे प्रशांत महासागर की ऊपरी सतह को उबाल देने वाले अल नीनो का कितना प्रभाव है, समन्दर के नीचे की ठंडी लहरों को सहेज संभालने वाली ला नीना की कितनी असफलता है, इस सबकी मौसम वैज्ञानिक समीक्षा कर रहे हैं। जलवायु परिवर्तन ग्लोबल वार्मिंग आने वाले दिनों में और कितना कहर ढहाने वाले हैं, इस पर कई मोटी-मोटी रिपोर्ट्स आयेंगी, चिंता की लकीरें थोड़ी गहरी हो जायेंगी और फिर बारिश आने के बाद सारी चिंता दूर हुयी मान ली

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक़ वर्ष 2015 से 20 के बीच भारत में प्रति वर्ष 6 लाख 68 हजार हेक्टेयर वनों का विनाश किया गया। यह दुनिया में दूसरे नम्बर का वन-विनाश था। लगभग इसी दौर में 4 लाख 14 हजार हेक्टेयर ऐसे प्राकृतिक वनों, जो बारिश के लिए जलवायु तैयार करते थे, को रौंद दिया गया। इन्हें अब कभी दोबारा उगाया नहीं जा सकता। इनके अलावा पिछले दो दशकों में 2 करोड़ 33 लाख हेक्टेयर वृक्ष आच्छादित क्षेत्र उजाड़ दिए गए, इनमे लगे सभी पेड़ उखाड़ दिए गए।

जायेगी। इन पंक्तियों का मकसद पृथ्वी और उस पर रहने वाले प्राणियों के अस्तित्व के लिए संकट बन गए जलवायु परिवर्तन की जिम्मेदार मुनाफे की हवस में मदमाती दुष्ट पूँजी के पापी इरादे उजागर करना नहीं है। जेनेवा में हुए तीन वैश्विक सम्मेलनों से लेकर रिओ, बर्लिन, कोपेनहेगेन से होते हुए क्योटो प्रोटोकोल तक हुई कोशिशों में अमरीका सहित उसके लगुए-भगुए धनी देशों के समूह ने जो पलीता लगाया है, वह सामान्य जानकारी रखने वाला भी जानने लगा है।

ये पंक्तियाँ उन भोले भाले, सीधे सादे मनुष्यों के लिए हैं, जो पृथ्वी के साथ जघन्य अपराध करने वालों के प्रायोजित प्रचार के झांसे में आ जाते हैं और खुद को ही दोषी मानते हुए आत्मधिक्कार करते-करते कुछ दिखावटी समाधानों से हल निकालने का मुगालता पाल लेते हैं। ये भले लोग वे हैं, जिन्हें तापमान के 40 डिग्री पहुँचते ही हर नागरिक को कम-से-कम एक पेड़ लगाने की हिदायत देने की याद आती है। पेड़ लगाना अच्छी बात है, जरूरी है, ऐसा किया जाना चाहिए मगर इसे ही एकमात्र तरीका मान लेना कुछ ज्यादा ही भोलापन है। ऐसा करना वनों, जंगलों, पेड़ों का विनाश करके उसे विकास बताने वालों की धूर्तता पर पर्दा डालना है और यह काम आम आदमी नहीं कर रहा है पूँजी पिशाच और उस बेताल को बिना कोई सवाल-जवाब किये अपने कंधे पर ढो रही सरकारें कर रही हैं। किस



विनाशकारी तेजी और ध्वंसकारी गति से कर रही हैं, इसे चंद तथ्यों से समझा जा सकता है।

खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) के मुताबिक़ वर्ष 2015 से 20 के बीच भारत में प्रति वर्ष 6 लाख 68 हजार हेक्टेयर वनों का विनाश किया गया। यह दुनिया में दूसरे नम्बर का वन-विनाश था। लगभग इसी दौर में 4 लाख 14 हजार हेक्टेयर ऐसे प्राकृतिक वनों, जो बारिश के लिए जलवायु तैयार करते थे, को रौंद दिया गया। इन्हें अब कभी दोबारा उगाया नहीं जा सकता। इनके अलावा पिछले दो दशकों में 2 करोड़ 33 लाख हेक्टेयर वृक्ष आच्छादित क्षेत्र उजाड़ दिए गए, इनमे लगे सभी पेड़ उखाड़ दिए गए। कुल मिलाकर यह भारत की कुल वृक्ष आच्छादित भूमि का 18 फीसदी होता है। एक और रिपोर्ट के हिसाब से पिछले तीसेक वर्षों में कोई 14 हजार वर्ग किलोमीटर वनों को माइनिंग, बिजली और डिफेन्स की परियोजनाओं के लिए लिया गया है। हाल तक इस बारे में कुछ प्रावधान हुआ करते थे। पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए, भले दिखावे की ही सही, भले कागजों पर ही सही, कुछ शर्तें, कुछ बाध्यताएं हुआ करती थीं। हालांकि इनके अमल की स्थिति क्या थी, इसे समझने के लिए एक ही उदाहरण काफी है। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले में महान विद्युत परियोजना और कोल ब्लॉक्स के नाम पर एस्सार (अब अडानी) और अंबानी ने जो संयंत्र लगाए या जो खुदाई की गई, की जानी थी, उससे इस अत्यंत घने और पुराने जंगल में करोड़ों पेड़ का जंगल उजाड़ हुआ। इसकी क्षतिपूर्ति के लिए सघन वृक्षारोपण किये जाने का जिम्मा इन्हीं कंपनियों का था। इसमें किस तरह का मजाक और धांधलियां की गयीं, परियोजनाओं में काटे गए कोई 20 लाख वृक्षों की क्षतिपूर्ति के लिए इन कंपनियों से इतने ही पेड़ लगाने के अमल में किये गए कांड से समझा जा सकता है। जब एक्शन टेकन रिपोर्ट माँगी गयी, तो इन कंपनियों ने दावा किया कि उन्होंने सिंगरौली से कोई साढ़े चार सौ किलोमीटर दूर सागर और दमोह में पौधे लगा दिए हैं। बिना सागर या दमोह जाए, बिना उस वृक्षारोपण को देखे ही सरकारों ने भक्त-भाव के साथ उनके इस हास्यास्पद दावे को मान लिया। यह स्थिति सिर्फ महान परियोजना की नहीं है, बाकियों के मामले में भी उतनी ही सच है। ऐसे अनेक उदाहरण है, जिनमें बिना किसी अपवाद के पुनर्वनीकरण के सारे प्रावधानों की धज्जियां उड़ाई गयी। इस तरह के क्रूर मजाकों में सरकारें भी पीछे नहीं रहीं। 5 जुलाई 2017 को मध्यप्रदेश में भाजपा सरकार द्वारा महज 12 घंटे में लगाए गए 6 करोड़ वृक्षों के पौधारोपण की उपलब्धि का एलान कर दिया गया। पूरी दुनिया में इस असाधारण वृक्षारोपण की गूँज हुयी थी। लेकिन जुलाई 2018 में जब इनका सरसरी ऑडिट किया गया, तो पता चला कि उनमे से एक प्रतिशत भी सलामत नहीं बचे है। ऐसा ही एक करिश्मा उत्तरप्रदेश की योगी सरकार ने एक दिन में 5 करोड़ पौधे लगाने का किया। पुनर्वनीकरण (अफॉरेस्टेशन) के प्रति सत्तासीनों की गंभीरता की हालत यह है कि उसके लिए जो फण्ड आबंटित किया गया था, उसका सिर्फ 6 प्रतिशत हुआ। मोदी राज के आते ही इन रही-सही खानापूर्तियों को भी समाप्त कर दिया गया। वर्ष 2015 में मोदी सरकार के मंत्री प्रकाश जावडेकर ने वन और पर्यावरण विभाग की पूर्व-अनुमतियों को देश के विकास में बाधक बताया और उनकी बाध्यता को सम्पात ही कर दिया गया। बड़े-बड़े और कई बार अनुपयोगी हाईवे, सुपर एक्सप्रेस हाईवे, एक्स्ट्रा सुपर एक्सप्रेस हाईवे आदि के नाम पर किये गए विनाश को विकास बताया गया। जल-जंगल-जमीन से जुड़े सारे क़ानून ताक पर रखकर कार्पोरेट्स को वन भूमियाँ थमा दी गयी। नतीजा यह निकला कि जंगल नेस्तनाबूद कर दिए, नदियाँ सुखा दीं, धरती खोदकर रख दी, सिर्फ आदिवासियों और परम्परागत वनवासियों को ही नहीं, पशुपक्षियों को भी उनके घरों से बेदखल कर दिया, पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) मटियामेट करके रख दी। बर्बादी कितनी भयावह है, इसे देखने के लिए लैटिन अमरीका या नाईजीरिया या कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं है।

# स्ट्रांग रूम सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में ही खोले जाएंगे

- डीएम, एस एस पी ने राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ की बैठक
- मतगणना के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच एवं अन्य कोई भी डिवाइस नहीं जाएगी



**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 मतगणना को सकुशल संपन्न कराए जाने के लिए राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान अनावश्यक तरीके से जुलूस आदि को ना निकाले जिससे किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न हो। उन्होंने कहा कि मतगणना के दौरान मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच एवं अन्य कोई भी डिवाइस नहीं जाएगी। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम सभी राजनीतिक दलों की निगरानी में ही खोले जाएंगे। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि गाड़ियां सभी की बेरीकटिंग पर ही खड़ी की जाएगी जिससे कोई भी जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो, साथ ही साथ उन्होंने यह भी अवगत कराया कि मतगणना शांतिपूर्ण एवं सौहार्द तरीके से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना अभिकर्ता को अपने पास मतगणना पास रखना अनिवार्य होगा तथा मतगणना पास के बिना मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि मतगणना परिणाम की घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजयी जुलूस नहीं निकाला जाएगा, संपूर्ण जनपद में पूर्व से ही धारा 144 निषेधाज्ञा प्रभावित है। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, जितेंद्र कुमार दोहरे समाजवादी पार्टी, श्रीमती सारिका सिंह बघेल बीपी सिंह बहुजन समाजवादी पार्टी, प्रो.राम शंकर कठेरिया चंद्रशेखर भारती जनता पार्टी, विवेक राज जनता समाजवादी पार्टी सहित समस्त राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सावरकर और अवैद्यनाथ के मिशन के लिए हिन्दू राष्ट्र जरूरी: हिन्दू महासभा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** अखिल भारत हिन्दू महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर दामोदर सावरकर और पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री एवं हिन्दू महासभा सांसद रहे महंत अवैद्यनाथ के जन्मोत्सव को पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने वीर सावरकर और महंत अवैद्यनाथ के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी ने नई दिल्ली में सावरकर और अवैद्यनाथ का स्मरण करते हुए कहा कि हिन्दू राष्ट्र निर्माण का अधूरा मिशन आज भी अधूरा है। उनके अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए हिन्दू राष्ट्र निर्माण जरूरी है। हिन्दू राष्ट्र निर्माण बिना स्वधर्म, स्वसंस्कृति, स्वराष्ट्र, स्वभाषा, गौ, गंगा और गायत्री की रक्षा संभव नहीं हो सकती। हिन्दू विरोधी शक्तियों को नेस्तानाबूद करने के लिए भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता बी एन तिवारी ने मुंबई में वीर सावरकर को नमन करते हुए एक बयान जारी किया। जारी बयान में उन्होंने बताया कि देश भर में विविध कार्यक्रम आयोजित कर वीर सावरकर और महंत अवैद्यनाथ के अधूरे मिशन को पूरा करने का संकल्प लिया। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने वीर सावरकर को भारत रत्न देने की मांग की। हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार त्रिपाठी ने गोरखपुर में वीर सावरकर और महंत अवैद्यनाथ को नमन करते हुए कहा कि गोरखपुर महंत अवैद्यनाथ की कर्मभूमि और उनके धर्मरक्षा, राष्ट्ररक्षा, गौ रक्षा अभियानों का प्रत्यक्ष साक्षी है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर का हिन्दू महासभा की राजनीतिक यात्रा में तीन पीढ़ियों का अतुलनीय योगदान है।

# सरकारी ज़मीन को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराया जाए: ज़िलाधिकारी

- ज़िला स्तरीय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स कमेटी की बैठक



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय एंटी भू माफिया टास्क फोर्स कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, नगर पालिका परिषद सहित कई अन्य विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने पीडब्ल्यूडी की समीक्षा में बताया कि सरकारी जमीन को भू माफियाओं से कब्जा मुक्त कराया जाए एवं उनके खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाए। बैठक में उन्होंने यह भी निर्देश दिए की सभी संबंधित अधिकारी बैठक में कार्य योजना के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों की तहसीलवार कमेटी बनाकर भू माफियाओं को चिन्हित करके उन पर कार्यवाही अवश्य की जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए एवं उसकी सूचना पोर्टल पर अवश्य फीड कराई जाए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, निदेशक सामाजिक वानिकीय अतुलकांत शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, जिला पंचायत राज अधिकारी बनवारी सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## नशा उन्मूलन वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान

**मथुरा।** आर्मी एरिया के कैप्टन मनोज पाण्डेय पी वी सी कॉम्प्लेक्स मथुरा में 11 यू पी वाहिनी एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में आज दिनांक 28 मई को कैंप कमांडेंट कर्नल रजत पाण्डेय ने क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण किया तथा एनसीसी कैडेटों ने उन्हें गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया। इस अवसर पर उन्होंने कैडेटों को भारतीय सेना के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। कैडेट से भारतीय सेना में अफसर बनकर देश सेवा करने का आह्वान किया।आज एनसीसी कैडेट नशा उन्मूलन, पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण के साथ उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। इससे कैडेट में सामाजिकता की भावना पैदा होगी। कर्नल रजत पांडे ने कैडेटों से भारतीय सेना की अग्नि वीर योजना की भी चर्चा की। उन्होंने कैडेटों का आह्वान किया कि वे न केवल भारत बल्कि विश्व कल्याण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के दूसरे राउंड में भिंड और चौरेला विजयी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा, पंचनद।** चंबल म्यूजियम द्वारा आयोजित चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के ग्यारहवें दिन चौरेला ग्राउंड पर भिंड और बिठौली टीमों के बीच दूसरे राउंड का मुकाबला हुआ। बिठौली ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी भिंड टीम ने निर्धारित 12 ओवर में से 10.2 ओवर में 80 रन पर सिमट गयी। बिठौली टीम के खिलाड़ी सचिन यादव ने 4 छक्का और 2 चौका सहित सर्वाधिक 36 रन का योगदान के साथ 2 विकेट भी झटके। जवाब में उतरी बिठौली टीम 11.3 ओवर में 65 रन बनाकर ऑल आउट होने के साथ शिकस्त हुई। बिठौली टीम के खिलाड़ी आलोक ने 2 छक्का सहित 17 रन बनाने के साथ 2 विकेट झटके. भिंड टीम के खिलाड़ी सचिन यादव मैन आफ़ द मैच रहे. सचिन को ट्राफी राजेंद्र सिंह ने दी। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 की इसी कड़ी में सरसई और चौरेला टीमों के बीच भी दूसरे राउंड का कड़ा मुकाबला हुआ। सरसई ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। चौरेला टीम निर्धारित 12 ओवर में 5 विकेट के नुकसान से 113 रन बनाए. चौरेला टीम के कप्तान वैभव रंजन 2 छक्का और 5 चौका सहित 40 रन का योगदान दिया। जवाब में उतरी सरसई 11.5 ओवर में 98 रन पर ऑल आउट हो गयी। सरसई टीम के खिलाड़ी विकास ने 3 छक्का लगाकर 26 रन बनाए। चौरेला टीम के खिलाड़ी और वीरू ने 3-3 विकेट झटके। चौरेला टीम के खिलाड़ी वैभव रंजन मैन आफ़ द मैच रहे। अतिथि के तौर पर वरिष्ठ पत्रकार अजीत उपाध्याय और दीपक उदैनिया शामिल रहे। चंबल संग्रहालय द्वारा आयोजित जालौन, इटावा और भिंड सीमा पर गहमागहमी बनी हुई है।

## बजाना पुल के पास रेलवे ट्रैक पर तीन युवतियों की मिले की हुई शिनाख्त

**मथुरा।** हाईवे थाना क्षेत्र में बाजना पुल के पास बीते शुक्रवार को दिल्ली-आगरा रेलवे ट्रैक पर सामूहिक आत्महत्या करने वाली तीनों किशोरियों की शिनाख्त बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से मृतका के परिजनों ने मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम गृह आकर की है। उनके साथ बिहार पुलिस भी आयी है। वहां के थाना टाउन में 22 मई को गुमशुदगी दर्ज हुई थी। जानकारी के अनुसार 24 मई शुक्रवार दोपहर करीब 1.20 बजे तीन किशोरी भूतेश्वर की ओर से पैदल आई। बाजना पुल से आगे खंभा संख्या 1402/5ए के पास ट्रैक पर खड़ी हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर भी मचाया लेकिन वे हटीं नहीं और इसी दौरान आई मालगाड़ी से कट गई। मृतकों में से एक के कपड़ों पर मुजफ्फरपुर के टेलर का नाम-पता चस्पा था।

# कथा वाचक प्रदीप का बरसाना मैं भारी विरोध

- पुतला दहन कर कराई थाने मैं एफआईआर दर्ज

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा किए गए श्री राधा रानी के के विषय पर अशोभनिय प्रसंग को लेकर बृजवासियों , सनातनिय और भक्त वैष्णवो द्वारा बरसाना वासियों के साथ देवी अतिथि भवन में बैठक की कथावाचक प्रदीप मिश्रा के द्वारा कहे गए श्री राधा रानी विवाह प्रसंग को गलत बताते हुए सभी ने अपने-अपने विचार रखें वृंदावन बलदेव गोकुल गोवर्धन नंदगांव आदि से आए विद्वानों ने प्रदीप मिश्रा के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग रखी वही 7 दिन का समय देते हुए कहा की बरसाना श्री राधा रानी के दरबार में अपनी गलती को मानते हुए क्षमा याचना सार्वजनिक रूप से मांगे ऐसा न करने पर कथावाचक प्रदीप मिश्रा के विरुद्ध कानूनी लड़ाई से लेकर धरना प्रदर्शन और अनशन करने को भी कहा गया वही सभी लोगों ने बरसाना के सुदामा मोहल्ला पर प्रदीप मिश्रा का पुतला दहन कर विरोध जताया सभी ने साथ मिलकर बरसाना थाना पहुंच थाना प्रभारी को लिखित शिकायत पत्र दिया और कार्यवाही की मांग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे ब्रज आचार्य पीठ के कृष्णानंद भट्ट , ब्रज तीर्थ देवालय के अध्यक्ष रमाकांत गोस्वामी, मृदुल कृष्ण शास्त्री, विनय त्रिपाठी ,बरसाना चेयरमैन प्रतिनिधि पदम सिंह फौजी, मुखिया जी राम भरोसी गोस्वामी, गोवर्धन चेयरमैन, सुशील गोस्वामी,मंच का संचालन कर रहे आरके पांडे , प्रवीन गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## गीता शोध संस्थान में अठारह अध्याय-अठारह श्लोकों का संगीतमय गायन

**वृन्दावन (मथुरा)।** उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी वृंदावन में श्लोक गायन एवं गीता सार प्रवचन अनूठा आयोजन किया गया। इसमें श्रीमद्भगवद गीता के सभी अठारह अध्याय- अठारह श्लोक का संगीतमय सस्वर गायन हुआ। इस मौके पर एक माह की रासलीला प्रशिक्षण कार्यशाला का भी शुभारंभ किया गया। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने अवगत कराया कि संस्थान में बच्चों के लिए गीता अध्ययन की व्यवस्था की गयी है। अध्ययन करने वाले बच्चों को गीता के वे श्लोक कंठस्थ कराए गये, जिन्हे वे अपने जीवन में आत्मसात ही नहीं करेंगे बल्कि दूसरों को भावार्थ सहित मंच पर समझा भी सकेंगे। गीता प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अनेक बच्चे श्रीमद भगवत गीता मंदिरम में भागवत सीख रहे हैं।

# इटावा के कवि रोहित चौधरी प्रदेश अध्यक्ष और चित्रकूट के सुनील सौम्य बने महामंत्री

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** राष्ट्रीय कवि संगम के बुंदेलखंड प्रांत का अधिवेशन जी सी जीनियस इण्टर कालेज इटावा में संपन्न हुआ। दिल्ली से पधारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने बुंदेलखंड प्रांत के नए अध्यक्ष के रूप में इटावा जनपद के युवा राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी तथा महामंत्री के रूप में चित्रकूट के कवि सुनील सौम्य के नाम की घोषणा की। उन्होंने बताया कि सलाहकार के रूप में औरैया के अजय अंजाम दायित्व का निर्वाह करेंगे। श्री मित्तल ने राष्ट्रीय कवि संगम के बारे में सविस्तार चर्चा करते हुए इटावा अधिवेशन के संयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अनेक सम्मान भी प्रदान किए गए जिनमें कविवर प्रदीप मिश्र सम्मान डा.पदम सिंह यादव पद्म को, कविवर राम प्रकाश शर्मा सम्मान डा प्रत्यूष तिवारी को, कविराज रामजी लाल शर्मा वैद्य सम्मान डा जय कृष्ण तिवारी को, स्वतंत्रता सेनानी ज्योति शंकर दीक्षित सम्मान राजेंद्र दीक्षित राहतपुर को तथा चौधरी रघुराज सिंह सम्मान राम शरण गुप्त को प्रदान किया गया। कवि रोहित चौधरी ने कहा कि उन्हें जो दायित्व सौंपा गया है वह प्रयास करेंगे कि उसका ईमानदारी से निर्वाह करेंगे। काव्य सत्र में रवि कुशवाह, यतीश अकिंचन झांसी, अजय अंजाम, गोपाल पाण्डेय, निर्मल पाण्डेय औरैया, दिलीप कश्यप, राम मोहन शुक्ल, रोहित दीक्षित फर्रुखाबाद, सुनील सौम्य चित्रकूट, रमा कांत त्रिपाठी, अर्पित, अर्जित कानपुर देहात आदि ने काव्य पाठ किया। जनपद के कवि हरी शंकर त्रिपाठी, देवेश शास्त्री, अनुराग असफल, महाराम सिंह मृदुल, अवनीश त्रिपाठी, प्रतीक्षा चौधरी, हर्ष शर्मा, प्रशांत तिवारी, रजनीश त्रिपाठी, वीर शिरोमणि तिवारी आदि ने काव्य पाठ किया। स्वागत कुलदीप चौधरी, रवि तिवारी आदि ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डा उदयवीर सिंह ने तथा अध्यक्षता डा.पदम सिंह यादव पद्म ने की। आभार प्रदर्शन प्रधानाचार्य डा0 सुनील दत्त अवस्थी ने किया। संचालन डा0कुश चतुर्वेदी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आनंद अनुभूति शिविर में ध्यान/योगाभ्यास कराया



**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम राय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित बहु-उद्देश्यीय हॉल में मंगलवार को आयोजित आनंद अनुभूति शिविर के दूसरे दिवस पर जनपद की महिलाओं एवं बालिकाओं को बेहतर मानसिक व उत्तम शारीरिक स्वास्थ्य के दृष्टिगत योग, ध्यान, प्रणायाम की सरल व आसानी से अपनाई जाने वाली पद्धति का परिचय देते हुए ध्यान/ योगाभ्यास कराया गया एवं साधकों को सुदर्शन क्रिया, उपनयन सहित योग, ध्यान, प्राणायाम को जीवन में प्रयोग में लाने का संदेश दिया गया।

### भीषण गर्मी से हाहाकार पौधरोपण की दरकारत्न सुजीत वर्मा

**मथुरा।** जनपद में इस समय भीषण गर्मी विकराल रूप धारण किए हुए है। तापमान 48 डिग्री पर पहुंच गया है। अभी आगे और भी बढ़ने की संभावना है। वातावरण को अगर अपने जीवन के अनुकूल बनाना है तो प्रत्येक परिवार को पांच पौधे लगाने का संकल्प लेना चाहिए, क्योंकि पौधे जो बड़े होकर वृक्ष बनेंगे तो वह भीषण गर्मी रोकने के साथ ही ऑक्सीजन भी देंगे। कोरोना काल में ऑक्सीजन की कमी के कारण पेड़ पौधों का महत्व आम जनता को बहुत अच्छे से मालूम हो चुका है। युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा विगत कई वर्षो से विभिन्न स्थानों पर वृक्षारोपण करते रहे हैं साथ ही लोगों को वृक्ष लगाने को भी समय समय पर प्रेरित करते रहते हैं। सुजीत वर्मा ने कहा परिवार के प्रत्येक मेंबर को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे हम जीवन को आसानी से जी सकें,और बड़ते हुए इस तापमान पर भी अंकुश लग सके। सरकार से एसी के बड़ते प्रयोग पर भी रोक लगाने की मांग की है। एसी का उपयोग लोग अपने स्वार्थ हित में बहुत ज्यादा ही कर रहे हैं, जिससे एसी एक कमरे को ठंडा करता है लेकिन पर्यावरण को वह कितना गर्म कर रहा है इसका शायद अंदाजा नहीं है। प्रकृति को बचाने के लिए,पर्यावरण को बचाने के लिए एसी के प्रयोग पर सरकार को रोक की आवश्यकता है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने मनाया प्रथम स्थापना दिवस

- जनपद के वरिष्ठ पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा और आगरा मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा के आदेशानुसार जनपद में संगठन ने प्रथम स्थापना दिवस समारोह मनाया। जनपद मैं संगठन के सफल आयोजन का संचालन संरक्षक दिनेश पंकज और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने सभी पत्रकारों के सहयोग से किया। कार्यक्रम का आयोजन हीरा गार्डन मंडी समिति पर किया गया कार्यक्रम मैं पधारे सभी सम्मानित पत्रकारों का पटुका पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ पत्रकार भगवान सिंह सफा को सादर श्रद्धांजलि देते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का सभी पत्रकारों ने मौन धारण किया। कार्यक्रम मैं पधारे सभी सम्मानित पत्रकारों ने मिलकर केक काट कर उत्साह के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम मैं शामिल वरिष्ठ पत्रकारों ने युवा पत्रकार साथियों को तथ्य परक पत्रकारिता करने और जनता के मुद्दो पर आधारित पत्रकारिता के बारे मैं विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ पत्रकार गिरधारी लाल श्रोतीय ने युवा पत्रकार साथियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पत्रकार को संविधान का चौथा स्तंभ कहा जाता है पर वास्तविकता इसके उलट है संविधान के तीन अंग अपने पत्रकार साथियों के साथ भेदभाव करते रहे हैं। आज तक पत्रकारों द्वारा कई बार प्रेस क्लब की मांग की पर अधिकारियों ने इस और कभी ध्यान नहीं दिया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के संरक्षक दिनेश पंकज द्वारा कहा प्रशासन को संविधान का सम्मान करते हुए संविधान के बताए हुए चौथे स्तंभ को भी सम्मान देना चाहिए। पत्रकार इस चिलचिलाती धूप में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर घूमते रहते है अगर पत्रकारों के लिए एक प्रेस क्लब बना होता तो इस विकट गर्मी मै कुछ राहत मिलती। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मंडल उपाध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी ने वरिष्ठ पत्रकारों की वात का समर्थन करते हुए कहा पत्रकारों की मांग उचित है और समय के हिसाब से भी न्यायोचित मांग है जिसके लिए जल्द उत्तर प्रदेश सरकार से मुख्यमंत्री कार्यालय मै मुलाकात कर पत्रकारों के लिए जिले मैं प्रेस क्लब की मांग की जाएगी। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला उपाध्यक्ष वी पी एस खुराना ने युवा पत्रकारों को पत्रकारिता के साथ कानून की भी जानकारी रखने की सलाह दी।

वृंदावन से पधारे वरिष्ठ पत्रकार साथी एचने भी अपने वक्तव्य मैं युवा पत्रकार साथियों को पत्रकारिता मै सुधार के कई गुण समझाते हुए अपने विचार व्यक्त किए। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करते हुए सम्मान पत्र प्रदान किए। जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार दिनेश पंकज, निरंजन धुरंधर, दिनेश आचार्य, गिरधारी लाल श्रोत्रिय, गोपाल शर्मा सहित तमाम गणमान्य पत्रकारों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के कोषाध्यक्ष दिनेश आचार्य ने भी युवा पत्रकार साथियों को विना डरे पत्रकारिता करने की बात रखी।

# 03-06 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए ऑगनबाड़ी केन्द्रों अवकाश

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया है कि ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर 03-06 वर्ष की आयु के बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा दी जाती है जिन्हें प्रतिदिन ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर आना होता है। वर्तमान में भीषण गर्मी एवं लू चल रही है जिसके कारण ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। वर्तमान में ( 20 मई से 15 जून 2024 तक) प्राथमिक विद्यालयों में भी ग्रीष्म कालीन अवकाश चल रहा है। ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी के निर्देशानुसार ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर आने वाले 03-06 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए ऑगनबाड़ी केन्द्रो पर 28 मई से 15 जून 2024 तक अवकाश घोषित किया जाता है। इस अवधि में 03-06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति ऑगनबाड़ी केन्द्र पर नही होगी, परन्तु समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने ऑगनवाड़ी केन्द्र पर निर्धारित समयानुसार उपस्थिति रहते हुए, पोषण ट्रैकर ऐप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं ऑगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण पोषण ट्रैकर ऐप पर आधार सत्यापन, अनुपूरक पोषाहार का वितरण, वजन, मेजरिंग ऐफिसियेन्सी तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भाँति किया जायेगा।

# मां के 80 वे जन्मदिन पर 101 प्रभुजनों को कराया भोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** नर सेवा नारायण सेवा के भाव के साथ कार्य कर रही समाज सेवी संस्था श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति की रोटी बैंक की मुहिम रंग ला रही है। लोग विशेष अवसरों पर जरुरतमंद प्रभुजनों को भोजन कराने की अनूठी पहल से जुड़कर पुण्य के भागी बन रहे हैं। गोविंद नारायण और मोहन नारायण स्वामी राया मथुरा ने अपनी मां कमलेश अग्रवाल के 80 वें जन्मदिन को विशेष बनाने के लिए अनूठी पहल की। उन्होंने 101 प्रभुजनों को भोजन प्रसादी का वितरण कराया। श्री मुरलीवाला युवा सेवा समिति की टीम के विशेष सहयोग से जरूरतमंद प्रभुजनों तक भोजन प्रसाद पहुंची। समिति के अध्यक्ष शिवकुमार सोनी ने कहा कि माताजी के जन्मदिन पर लोगों को भोजन कराने का सौभाग्य मिला है, यह अद्भुत अनुभव है। यह पहल केवल माताजी के प्रति सम्मान प्रकट नहीं करती, बल्कि हमारे समाज में सेवाभाव और मानवीयता के मूल्यों को भी बढ़ावा देती है। समिति हमेशा से सामाजिक सेवाओं में सक्रिय रही है और हम भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों को समर्थन देना जारी रखेंगे। इस भोजन प्रसादी के आयोजन ने समाज में सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया और माताजी के जन्मदिन को वास्तव में यादगार बना दिया।

# बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु 01 जून से 30 जून तक चलाया जायेगा अभियान

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि मा0 राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल एवं किशोर श्रमिकों के उन्मूलन की दिशा में 01 जून 2024 से 30 जून 2024 तक विशेष अभियान प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिए गए है। उन्होंने बताया कि बालश्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1988 के अन्तर्गत 18 व्यवसायों एवं 65 प्रक्रियाओं में बाल श्रम का नियोजन निषेधित है। शासन द्वारा सभी जिलों में बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु प्रत्येक तिमाही में कम से कम एक सप्ताह का विशेष अभियान संचालित किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस क्रम मे जनपद में श्रम विभाग व अन्य विभागों के अधिसूचित निरीक्षकों के माध्यम से बाल श्रमिकों के चिन्हांकन हेतु 01 जून 2024 से 30 जून 2024 तक अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के सार्थक परिणाम हेतु बाल श्रमिकों के चिन्हांकन एवं अन्य विधि सम्मत कार्यवाही हेतु जनपद में तहसीलवार टास्क फोर्स का गठन किया जाता है। उन्होंने बताया कि 01 जून से 03 तक हरदोई सदर क्षेत्र मे तथा 04 जून से 08 जून 2024 तक रेलवेगंज स्टेशन रोड़ मे यह अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के लिए तहसील सदर मे उपजिलाधिकारी सदर को इस अभियान का अध्यक्ष नामित किया गया है, तथा खण्ड विकास अधिकारी सुरसा, नायब तहसीलदार सदर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सदर व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। इसी तरह तहसील सण्डीला मे 10 जून से 12 जून तक यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 13 जून से 15 जून 2024 तक तहसील शाहाबाद व पिहानी क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी शाहाबाद को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी शाहाबाद, नायब तहसीलदार शाहाबाद, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील शाहाबाद, श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 17 जून से 20 जून 2024 तक तहसील सवायजपुर व साण्डी क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सवायजपुर को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सवायजपुर, नायब तहसीलदार सवायजपुर, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सवायजपुर, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 21 जून से 24 जून 2024 तक तहसील सण्डीला के अतरौली से बेनीगंज क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 25 जून से 27 जून 2024 तक तहसील बिलग्राम व माधौगंज, मल्लावां क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी बिलग्राम को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम, नायब तहसीलदार बिलग्राम, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील बिलग्राम, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। 28 जून से 29 जून 2024 तक तहसील सण्डीला के बेहन्दर व कछौना क्षेत्र मे यह अभियान चलाया जायेगा, जिसके लिए उपजिलाधिकारी सण्डीला को इस अभियान का अध्यक्ष व खण्ड विकास अधिकारी सण्डीला, नायब तहसीलदार सण्डीला, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी तहसील सण्डीला, व श्रम प्रवर्तन अधिकारी हरदोई को सदस्य नामित किया है। जिलाधिकारी ने श्रम प्रवर्तन अधिकारी को निर्देशित करते हुये कहा है कि संयुक्त रूप से बाल श्रमिकों का चिन्हांकन करने हेतु सम्बन्धित तहसील से पुलिस बल का सहयोग प्राप्त करके कृत कार्यवाही से अद्योहस्ताक्षरी को अवगत करायेगें।

# पूर्व भारतीय खिलाड़ी का बयान, कहा टी20 वर्ल्ड कप के दौरान हार्दिक पंड्या के लिए बदल जाएगा माहौल, रोहित-कोहली का भी किया जिक्र

पूरी दुनिया के क्रिकेट फैंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। टूर्नामेंट का आगाज 1 जून से होने वाला है। वहीं ये टी20 वर्ल्ड कप 2024 में ग्रुप और सुपर-8 चरण में खेला जाना है। टूर्नामेंट में 4 ग्रुप ए, बी, सी, डी हैं, जिनमें ग्रुप ए में भारतीय टीम शामिल है।

टीम इंडिया का पहला मुकाबला 5 जून को आयरलैंड से न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खेला जाना है। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हिस्सा लेने के लिए टीम इंडिया के कई खिलाड़ी अमेरिका पहुंच चुके हैं। बाकि अगले दिनों में पहुंच जाएंगे। वहीं टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज हरभजन सिंह ने भारतीय टीम को कुछ सुझाव दिए हैं। वहीं हरभजन सिंह इस बात से काफी प्रभावित हैं कि कैसे विराट कोहली ने इस साल के



आईपीएल के दौरान कई शॉट्स जोड़कर टी20 खेल में बदलाव किया, जिससे उनके स्ट्राइक रेट में काफी सुधार हुआ है। हरभजन सिंह ने पीटीआई से बातचीत में कहा कि, विराट कोहली ने पिछले साल से इस साल तक काफी सुधार दिखाया है। लोग उनके स्ट्राइक रेट के बारे में भी बात करते हैं। पिछले साल ये 130 के आसपास था जबकि इस बार 160 के आसपास है।

साथ ही भारतीय दिग्गज ने कहा कि, मुझे लगता है कि यशस्वी जायसवाल को खेलना चाहिए। मुझे नहीं पता कि वे इसे प्लेइंग इलेवन में कैसे शामिल करने जा रहे हैं। लेकिन अगर वह नहीं खेलता है तो जाहिर तौर पर रोहित और विराट को ओपनिंग करने और टी20 फॉर्मेट की तरह खेलने की जरूरत है।


रोहित शर्मा को लेकर हरभजन सिंह बोले, वह पहले 6 ओवरों में तेजी से रन बनाने के लिए हमेशा अपनी बल्लेबाजी में बड़ा बदलाव चाहते हैं। अगर ऐसा परिदृश्य है तो, अनुभव के सात जा रहे हैं, लेकिन उन्हें विराट कोहली और रोहित शर्मा ध्यान में रखना होगा कि वह टी20 फॉर्मेट में खेल रहे हैं। उन्हें परिस्थितियों का साम्मना करना होगा।

साथ ही हरभजन सिंह ने हार्दिक पंड्या के साथ सहानुभूति जताई है। उन्होंने कहा कि, हार्दिक पंड्या करियर में एक चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहे हैं। हालांकि, हरभजन को उम्मीद है कि ये ऑलराउंडर अगले महीने होने वाले टी20 वर्ल्ड के दौरान शानदार प्रदर्शन करेगा। हार्दिक पंड्या को आईपीएल 2024 के दौरान जब भी मैदान पर उतरते थे तो उन्हें हूटिंग का शिकार होना पड़ता था।

# मन्नत में घंटों मीटिंग के बाद गौतम गंभीर ने की कोलकाता नाइट राइडर्स टीम में वापसी

आईपीएल का सीजन 17वां भले ही खत्म हो गया है। इस सीजन कोलकाता नाइट राइडर्स ने इतिहास रचते हुए तीसरी बार खिताब अपने नाम किया। दिलचस्प बात ये है कि केकेआर ने पहले दो खिताब गौतम गंभीर की कप्तानी में जीते जबकि तीसरा खिताब भी गौतम गंभीर की मेंटॉरशिप में अपने नाम किया। केकेआर को अपनी कप्तानी में खिताब जिताने के बाद गंभीर ने टीम को छोड़कर दिल्ली कैपिटल्स गए और फिर संन्यास ले लिया। इसके बाद वह लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर बने और फिर दो साल बाद कोलकाता लौ

गंभीर और शाहरुख यकीनन आईपीएल में सबसे लोकप्रिय जोड़ी हैं। हालांकि, वे कई सीजन के लिए अलग-अलग दिशाओं में अपना रास्ता बना रहे थे। 2017 के बाद गंभीर ने केकेआर से नाता तोड़ लिया और दिल्ली कैपिटल्स का




प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने बेस पर लौट आए। आईपीएल 2022 में गंभीर दो सीजन के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर के रूप में आईपीएल में लौटे।

हालांकि, यहां से जब केकेआर लौटे तो हर कोई हैरान रह गया। रिपोर्ट्स की मानें तो शाहरुख और गंभीर 2018 और 2022 के बीच कई बार मिले, लेकिन कभी क्रिकेट पर चर्चा नहीं की। पिछले साल तक। लखनऊ सुपर जायंट्स को लगातार प्लेऑफ में ले जाने के बाद गंभीर ने पहली बार फ्रेंचाइजी छोड़ने का विचार किया, तो शाहरुख ने कदम बढ़ाया। उन्होंने गंभीर को अपने घर मन्नत में आमंत्रित किया और दोनों ने घंटों बात की। जाहिर है, यहीं पर शाहरुख ने गंभीर को ब्लैंक चेक दिया और बदले में उन्हें 10 साल के लिए केकेआर परिवार का हिस्सा बनाना चाहा। दिलचस्प बात ये है कि लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका को इस बारे में कुछ भी पता नहीं था। जब अखबार में छपी खबर को देखी कि गंभीर लखनऊ को छोड़कर अपने अगले काम पर जाने के बारे में सोच रहे हैं तो गोयनका चौंक गए। इस बीच जो हुआ वह ये था कि तब तक गंभीर को यकीन हो गया था कि वह दो अपेक्षाकृत अच्छे सीजन के बावजूद लखनऊ के साथ अपना भविष्य नहीं देख पा रहे थे। सात ही, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि शाहरुख का प्रस्ताव इतना आकर्षक था कि गंभीर ने अपना मन बना लिया। हालांकि, शाहरुख और गंभीर अब अपनी सबसे बड़ी चुनौती का सामना कर रहे हैं। गंभीर अब बीसीसीआई की टीम इंडिया के अगले कोच की दौड़ में सबसे ऊपर हैं। कोई भी उम्मीदवार एक साथ दो भूमिकाएं नहीं निभा सकता, जिससे हितों के टकराव की पूरी बाधा सामने आ जाती है। अगर गंभीर भारत की कोचिंग करने का फैसला करते हैं तो उन्हें केकेआर को छोड़ना होगा।

# वेतन और हालात पर विवाद के बाद तीन खिलाड़ियों ने अर्जेंटीना की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल टीम छोड़ी

अर्जेन्टीना की तीन महिला खिलाड़ियों ने दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों से पहले शिविर में वेतन और परिस्थितियों को लेकर विवाद के बाद सोमवार को राष्ट्रीय टीम छोड़ दी। राष्ट्रीय टीम में नियमित तौर पर खेलने वाली गोलकीपर लॉरिना ओलिविरोस, डिफेंडर जूलिएटा क्रुज और मिडफील्डर लोरेना बेनिटेज ने अपने कदम की घोषणा की जबकि टीम ने शुक्रवार और तीन जून को कोस्टा रिका के खिलाफ मैत्री मैचों के लिए तैयारी शुरू कर दी है।

क्रुज ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हम एक ऐसे बिंदू पर पहुंच गए हैं जहां हम अन्याय से थक गए हैं, हमें महत्व नहीं दिया जा रहा, हमारी बात नहीं सुनी जा रही और इससे भी बदतर, अपमानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमें अर्जेंटीना की महिला फुटबॉल राष्ट्रीय टीम में



सुधार की जरूरत है और मैं केवल वित्त के बारे में बात नहीं कर रही। मैं ट्रेनिंग, दोपहर के भोजन, नाश्ते के बारे में बोल रही हूं।

क्रूज और बेनिटेज ने कहा कि राष्ट्रीय टीम के ट्रेनिंग सत्र के दौरान उन्हें हैम (एक प्रकार का मांस), पनीर सैंडविच और केला मिला जो उनका मानना ? है कि उच्च प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों के लिए अपर्याप्त है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के फुटबॉल संघ ने उन्हें बताया कि उन्हें दो मैत्री मैचों के लिए भुगतान भी नहीं किया जाएगा क्योंकि खेल ब्यूनस आयर्स में घरेलू मैदान पर होंगे। बेनिटेज ने कहा कि खिलाड़ियों को भुगतान ना करने के अलावा उनके परिवार के सदस्यों से टिकटों के लिए 5,000 पेसो (पांच डॉलर) का शुल्क लिया जा रहा था। इस मिडफील्डर ने कहा, और ऐसी लाखों चीजें हैं जिनसे हम गुजरे हैं।

# निशानेबाजों ने शीर्ष राइफल कोच पर बंदूक से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया

एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय कोच पर कुछ निशानेबाजों के अभिभावकों ने उनकी राइफलों के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है जिसका राट्रीय महासंघ ने खंडन किया है। कथित तौर पर प्रभावित एक निशानेबाज के अभिभावक ने गोपनीयता की शर्त पर मंगलवार को पीटीआई को बताया कि कोच ने उनके बेटे की राइफल से छेड़छाड़ कर दी थी जिसके कारण उन्हें नए उपकरण खरीदने पड़े।

उन्होंने हालांकि कोच की पहचान बताने से भी इंकार कर दिया। इस निशानेबाज के पिता ने कहा कोच ने मेरे बेटे की बंदूक को खराब कर दिया, इस कारण हमें नई बंदूक खरीदनी पड़ी। विश्व कप से एक दिन पहले निशानेबाज की अनुमति के बिना कोच बंदूक में इस तरह के बदलाव कैसे कर सकता है। उन्होंने कहा यह पिछले साल भोपाल में आईएसएसएफ विश्व कप के दौरान हुआ था। यह कोच जब भी टीम के साथ विदेश जाता है तब ऐसा होता है। कोच का तर्क होता है कि आपको प्रयोग करने की जरूरत है लेकिन विश्व कप से एक दिन पहले आप किस तरह के प्रयोग कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई निशानेबाज इस संबंध में एनआरएआई (भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ) को भी सूचित कर चुके हैं। एनआरएआई के महासचिव राजीव भाटिया ने हालांकि इन आरोपों का खंडन किया और कहा कि उन्हें इस तरह की किसी घटना का पता नहीं है। भाटिया ने कहा,''मुझे कोई पता नहीं है। किसी ने भी हमसे संपर्क नहीं किया। किसी ने भी हमारे पास शिकायत दर्ज नहीं की है। मुझे नहीं लगता कि ऐसा हुआ होगा।अगर ऐसा हुआ था तो फिर निशानेबाजों को खुलकर सामने आना चाहिए था। उनका चयन नहीं होने पर ही इस तरह के आरोप क्यों लगाए जा रहे हैं।

# फ्रेंच ओपन के रहले राउंड हारे राफेल नडाल, इस साल संन्यास का ऐलान कर सकते हैं

दुनिया के बेहतरीन टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल फ्रेंच ओपन के पहले दौर में हारकर बाहर हो गए हैं। अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ मैच में नडाल को सीधे सेट में 3-6, 6-7, 3-6 से हार मिली। माना जा रहा है कि, 14 बार के चैंपियन का रोलां गैरो पर ये आखिरी मैच था। अपने लंबे और सुनहरे करियर में पहली बार नडाल क्लेकोर्ट पर लगातार दो मैच हारे हैं। फ्रेंज ओपन में पहली बार वह चौथे दौर से पहले बाहर हुए हैं। क्लेकोर्ट पर इस ग्रैंडस्लैम में उन्होंने 116 मैचों में 112 जीते हैं।

राफेल नडाल को संभवतः आखिरी बार खेलते देखने के लिए करीब 15000 दर्शक मौजूद थे, जिन्होंने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया। 22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल तीन जून को 38 साल के हो जाएंगे। वह जनवरी 2023 से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं। इस साल



उन्होंने 15 मैच खेले और उनका रिकॉर्ड 8-7 का रहा है। चोटों की वजह से उनकी रैंकिंग गिरकर 275वीं हो गई और फ्रेंच ओपन में पहली बार वह गैर वरीय खिलाड़ी थे।

इसी कारण से पहले ही दौर में उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त ज्वेरेव से हुआ जो 2020 अमेरिकी ओपन उपविजेता रहे, टोक्यो ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीता और पिछले तीन साल में हर बार यहां सेमीफाइनल में पहुंचने वाले इकलौते खिलाड़ी हैं। नडाल ने संकेत दिया था कि 2024 उनका आखिरी सत्र होगा लेकिन उन्होंन शनिवार को ये कहा था कि उन्हें शत प्रतिशत यकीन नहीं है कि वह फ्रेंच ओपन में दोबारा नहीं खेलेंगे।

वहीं बता दें कि, रोजर फेडरर जैसे खिलाड़ी नडाल को फ्रेंच ओपन में नहीं हरा पाए हैं। वह फ्रेंच ओपन में इससे पहले 2010 में रॉबिन सोडरलिंग से और 2015 और 2021 में नोवाक जोकोविच से हारे थे। एक बार वह इंजरी की वजह से हट गए थे।

# दूसरे गाने की रिलीज़ से पहले, निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना का नया पोस्टर शेयर किया

पुष्पा 2 : द रूल 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। पैन-इंडिया फिल्म के निर्माताओं ने, इसके दूसरे गाने अंगारों की रिलीज से पहले, प्रशंसकों को ट्रैक से अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना का पहला लुक जारी किया। माइथ्री मूवी मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, इंडिया का पसंदीदा जोड़ी #TheCoupleSong के साथ हम सभी को मंत्रमुग्ध करने आ रही है। इस गाने का अनावरण प्रोडक्शन हाउस द्वारा बुधवार सुबह 11:07 बजे किया जाएगा।

पोस्टर में अल्लू और रश्मिका को मुस्कुराते हुए और अपने नए हुक स्टेप को दिखाते हुए दिखाया गया है। यह गाना हिंदी के अलावा कई क्षेत्रीय भाषाओं में भी रिलीज किया जाएगा। तेलुगु में इसे सूसेकी, तमिल में सूदाना, कन्नड़ में नोदोका, मलयालम में कंडालो और बंगाली में आगुनेर कहा जाता है। कई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पुष्पा 2 का पोस्ट-प्रोडक्शन का काम बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। कथित तौर पर, एक नहीं बल्कि तीन इकाइयां पोस्ट-प्रोडक्शन में लगी हुई हैं। इस फिल्म में भरपूर वीएफएक्स है। इसलिए पोस्ट-प्रोडक्शन का काम बहुत सावधानी से किया जा



रहा है।

इससे पहले, फिल्म के निर्माताओं द्वारा अल्लू की विशेषता वाले टाइटैनिक ट्रैक का अनावरण किया गया था। साउथ स्टार के गाने के हुक स्टेप ने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया और टॉप ट्रेंड में से एक बन गया। यहां तक कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेविड वॉर्नर भी अल्लू अर्जुन की तारीफ करने से खुद को नहीं रोक सके और उनसे हुक स्टेप सिखाने की गुजारिश की।

पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना अपनी भूमिकाओं को दोहराते नजर आएंगे। फिल्म में इन दोनों के अलावा फहद फासिल, सुनील, राव रमेश, अनसूया भारद्वाज और जगदीश भी नजर आएंगे। पहले पार्ट की तरह ही इसके निर्देशन की जिम्मेदारी भी सुकुमार के पास है। श्रीकांत वीसा ने उनके साथ मिलकर फिल्म की कहानी लिखी है। दूसरी फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# जीतेंद्र कुमार की सैलरी का खुलासा? नीना गुप्ता से भी ज्यादा है सचिव जी की फीस, जानें शो से कितना कमाया?

पंचायत सीज़न 3 मंगलवार, 28 मई को रिलीज़ हुआ। अमेज़ॅन प्राइम वीडियो सीरीज़ के सितारे- जीतेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, सांविका और चंदन रॉय को एक और मज़ेदार सीज़न के लिए वापस आये है। जहां सीरीज को मिली-जुली समीक्षा मिल रही है, वहीं एक रिपोर्ट में शो के लिए कलाकारों की फीस का खुलासा किया गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू अमेज़न प्राइम वीडियो के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले अभिनेता हैं। दावा किया जा रहा है कि नीना गुप्ता शो की दूसरी सबसे ज्यादा फीस लेने वाली स्टार हैं।

एबीपी लाइव के मुताबिक, अभिषेक त्रिपाठी की भूमिका के लिए जितेंद्र कुमार को प्रति एपिसोड 70,000 रुपये का भुगतान किया गया था। यह देखते हुए कि तीसरे सीज़न में आठ एपिसोड हैं, इस सीज़न के लिए जितेंद्र का अनुमानित वेतन 5,60,000 रुपये है। रिपोर्ट में कहा गया है कि नीना गुप्ता सूची में दूसरे स्थान पर हैं। नए सीज़न में मंजू देवी की भूमिका को फिर से दोहराने के लिए, ऐसा कहा जाता है कि उन्हें प्रति एपिसोड 50,000 रुपये का भुगतान किया गया था। इसका मतलब है कि सीज़न के लिए 4,00,000 रुपये का अनुमान है।



इस सीजन के तीसरे सबसे ज्यादा फीस लेने वाले स्टार रघुबीर यादव बताए जा रहे हैं। प्रधान जी उर्फ ??मंजू देवी के पति की भूमिका को दोहराते हुए, उन्हें कथित तौर पर इस सीज़न में प्रति एपिसोड 40,000 रुपये यानी 3,20,000 रुपये का भुगतान किया गया है। नए सीज़न में विकास जी का किरदार निभाने वाले चंदन रॉय ने प्रति एपिसोड 20,000 रुपये चार्ज किए।

नए सीज़न की शुरुआत सीज़न 2 के समापन समारोह से होती है। अब स्थानांतरित सचिव जी (जितेंद्र कुमार द्वारा अभिनीत) अपनी कैट की तैयारी के लिए दिल्ली चले गए हैं, लेकिन मानसिक रूप से फुलेरा के बारे में सोच रहे हैं। दूसरी ओर, हम उनकी जगह लेने वाले नये पंचायत सचिव से मिलते हैं। नया सीज़न नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आता है।

# बीवी नंबर 1 के 25 साल पूरे, जानें सलमान खान-करिश्मा कपूर स्टारर फिल्म से जुड़ी दिलचस्प बातें!

25 साल पहले आज ही के दिन सलमान खान, करिश्मा कपूर और सुष्मिता सेन अभिनीत फिल्म बीवी नंबर 1 रिलीज हुई थी। यह फिल्म 28 मई 1999 को सिनेमाघरों में आई थी। यह एक मल्टी-स्टारर फिल्म थी, जिसमें करिश्मा कपूर, सलमान खान, सुष्मिता सेन, अनिल कपूर और तब्बू ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला. इस फिल्म की सिल्वर जुबली के मौके पर जानिए फिल्म की कहानी और दिलचस्प किस्से।

बीवी नंबर 1 ने बॉक्स ऑफिस पर 49.81 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था. यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी, जिसने लोगों को खूब हंसाया और एक पत्नी की ताकत भी दिखाई. विवाहेतर संबंध पर आधारित होने के बावजूद यह पूरी तरह से पारिवारिक फिल्म थी।

बीवी नंबर 1 का निर्देशन डेविड धवन ने किया था। फिल्म में करिश्मा कपूर ने एक आदर्श गृहिणी



पूजा मेहरा का किरदार निभाया था। सलमान खान ने (करिश्मा के) पति प्रेम की भूमिका निभाई। सुष्मिता सेन ने रूपाली नाम की एक मॉडल का किरदार निभाया था, जिसके प्यार में वह इतना पागल हो जाता है कि वह अपनी पत्नी और बच्चों को भी भूल जाता है। रूपाली की वजह से पूजा का बसा-बसाया घर बर्बाद होने लगता है और वह अपने पति प्रेम (सलमान खान) को सबक सिखाने का फैसला करती है। फिल्म की कहानी और कॉन्सेप्ट दर्शकों को खूब पसंद आया।

लेकिन क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म के लिए गोविंदा डायरेक्टर डेविड धवन की पहली पसंद थे? गोविंदा के पास फिल्म के लिए कोई फ्री डेट्स नहीं थीं, जिसके चलते ये फिल्म सलमान खान की झोली में चली गई। 12 करोड़ रुपये के बजट से बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की. सलमान खान और करिश्मा कपूर की जोड़ी को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया।

# सिनेमा लवर्स डे पर राजकुमार राव, जान्हवी कपूर स्टारर मिस्टर एंड मिसेज के टिकट की कीमतें केवल 99

जान्हवी कपूर और राजकुमार राव की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म बस कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। इस बीच मिस्टर एंड मिसेज माही की एडवांस बुकिंग भी शुरू हो गई है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली है। हालांकि, मेकर्स सिनेमा लवर्स डे को पूरी तरह से सेलिब्रेट कर रहे हैं। ओपनिंग डे पर मूवी टिकटों की कीमतें काफी कम हो गई, जिससे बिजनेस को फायदा होगा।

पिछले कुछ समय से फिल्में बिजनेस के लिए संघर्ष कर रही हैं। ऐसे में मिस्टर एंड मिसेज माही अपनी रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर कुछ राहत ला सकती है। जान्हवी कपूर और राजकुमार राव की यह फिल्म सिनेमा लवर्स डे के मौके पर यानी शुक्रवार को रिलीज हो रही है। इसलिए मिस्टर एंड मिसेज माही की टिकट की कीमत 99 रुपये बेची जा रही है।

मिस्टर एंड मिसेज माही में राजकुमार और जान्हवी के अलावा अभिषेक बनर्जी, राजेश शर्मा, कुमुद मिश्रा, जरीना वहाब और पूर्णेंदु भट्टाचार्य मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल 1 मई को पूरी हो गई थी। मिस्टर एंड मिसेज माही का निर्देशन शरण शर्मा द्वारा किया गया है, जिन्होंने गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल से निर्देशन की शुरुआत की थी, जिसमें जान्हवी भी मुख्य भूमिका में थीं। मिस्टर एंड मिसेज माही को हीरू यश जौहर का समर्थन प्राप्त है। वहीं, करण जौहर और अपूर्व मेहता ने धर्मा प्रोडक्शंस की फिल्म का समर्थन किया है। यह फिल्म 2021 की हॉरर थ्रिलर रूही के बाद जान्हवी और राजकुमार के दूसरे सहयोग का प्रतीक है।

मिस्टर एंड मिसेज माही के अलावा, राजकुमार को हाल ही में इसी महीने श्रीकांत में देखा गया था, जो उद्योगपति श्रीकांत बोला की प्रेरक यात्रा पर आधारित है। फिल्म सिनेमाघरों में सफलतापूर्वक चल रही है। इनके बाद वह श्रद्धा कपूर के साथ स्त्री 2 और विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में नजर आएंगे। दूसरी ओर, जान्हवी के पास वरुण धवन के साथ सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। वह जूनियर एनटीआर के साथ देवाराः पार्ट 1 के साथ अपना तेलुगु डेब्यू भी करेंगी। इसके बाद वह राम चरण की अगली अनाम फिल्म में उनके साथ नजर आएंगी।



# बाबूलाल मरांडी ने महाविजय संकल्प सभा में कांग्रेस-

**दुमका(हि.स.)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को दुमका लोकसभा क्षेत्र में आयोजित महाविजय संकल्प सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा का चुनाव है। संथाल परगना क्षेत्र में अंतिम चरण का चुनाव है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस दोनों ही संताल परगना में चुनाव लड़ रहे हैं। दोनों पार्टी झारखंड के विरोधी रहे हैं। झारखंडवासियों के भी विरोधी रहे हैं। आजाद भारत में 55 वर्षों तक कांग्रेस पार्टी ने राज किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा इन्हीं के साथ रहा लेकिन इन लोगों ने झारखंड अलग राज्य नहीं बनाया। मरांडी ने कहा कि भाजपा ने वादा किया था कि केंद्र में हमारी सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य का गठन किया जाएगा। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सरकार बनने पर झारखंड अलग राज्य बना। जिस पार्टी ने झारखंड अलग राज्य बनाया है, हमें उसी पार्टी को वोट करना है। झामुमो और कांग्रेस विकास के भी विरोधी हैं। पहले गांव तक सड़कें नहीं हुआ करती थी। नदी नाले में पुल भी नहीं हुआ करता था। घरों तक बिजली भी नहीं थी। जब केंद्र में और झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तब गांव तक सड़क बन गई। घर-घर तक बिजली पहुंच गई। बिजली नहीं रहने से केरोसिन और लालटेन के लिए सभी इधर-उधर दौड़ लगाते थे।झ मरांडी ने कहा कि विकास की रोशनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांव तक पहुंचाई है। कांग्रेस चाहती तो गांव तक सड़क पहुंच जाती। बिजली घर-घर तक पहुंचा देती लेकिन इन्होंने काम नहीं किया। प्रधानमंत्री आवास नरेन्द्र मोदी गरीबों को दे रहे हैं। मुफ्त में गरीबों को अनाज भी दिया जा रहा है। इलाज और दवा के लिए पांच लाख रुपये तक का बीमा भी कराया है। जो हमारे लिए इतनी चिंता करते हैं, उन्हें हमें 2024 में फिर से प्रधानमंत्री बनाना है।

# गेम जोन अग्निकांड का 5वां आरोपित पकड़ा गया, पूछताछ जारी

**आरोपित**

**पुलिस के मुताबिक महेश सोमवार को पकड़े गए आरोपित राहुल राठौड़ का चाचा है।**



**राजकोट (हि.स.)।** गुजरात के राजकोट में हुए टीआरपी गेम जोन अग्निकांड मामले में महेश राठौड़ नाम के पांचवें आरोपित को मंगलवार को पुलिस ने हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ जारी है।

पुलिस के मुताबिक महेश सोमवार को पकड़े गए आरोपित राहुल राठौड़ का चाचा है। महेश ही गेम जोन में वेल्डिंग कर रहा था, जिसकी चिंगारी से पूरा गेम जोन जलकर राख हो गया। इस अग्निकांड में 28 लोगों की मौत हो गई। महेश राठौड़ भी आग से झुलस गया था। उसका एक अस्पताल में इलाज कराया गया था। माना जा रहा है कि पूछताछ के बाद पुलिस उसको गिरफ्तार कर सकती है। पुलिस ने सोमवार शाम को घटना के मुख्य आरोपित धवल ठक्कर को राजस्थान के आबू रोड से पकड़ा था। वह अपने एक रिश्तेदार के घर पर छिपा हुआ था। धवल को मंगलवार सुबह राजकोट पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। इस मामले में गिरफ्तार तीन आरोपितों- युवराजसिंह सोलंकी, नितिन जैन और राहुल राठौड़ को सोमवार को कोर्ट ने 14 दिन की पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया था। इसके अलावा जिस भूमि पर टीआरपी गेम जोन बनाया गया था, उस भूमि के मालिक अशोक सिंह जाडेजा और किरीट सिंह जाडेजा को भी पुलिस जल्द ही हिरासत में ले सकती है।

दूसरी ओर इस हादसे में जान गंवाने वाले 28 में से 11 लोगों के शव पुलिस ने उनके परिजनों को सौंपा है। जिन लोगों के शवों को परिजनों को सौंपा गया है उनमें सत्यपालसिंह छत्रपालसिंह जाडेजा, स्मित मनीषभाई वाला, सुनीलभाई हसमुखभाई सिद्धपुरा, जिग्नेश कालुभाई गढवी, ओमदेवसिंह गजेन्द्रसिंह गोहिल, विश्वराजसिंह जशुभा जाडेजा, आशाबेन चंदुभाई काथड, सुरपालसिंह अनिरुद्धसिंह जाडेजा, नम्रजीतसिंह जयपालसिंह जाडेजा, जयंत अनिलभाई घोरेचा और हिमांशुभाई दयालजीभाई परमार हैं।

# चक्रवात रेमल से बचाव अभियान में तटरक्षक बल ने किया शानदार काम

**कोलकाता(हि.स.)।** भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के प्रवक्ता संजय भारद्वाज ने मंगलवार को कहा कि बंगाल की खाड़ी में उठे भीषण चक्रवर्ती तूफान रेमल से लोगों की सुरक्षा एवं बचाव के लिए चलाए गए



अभियान में तटरक्षक बल ने शानदार काम किया है। भारद्वाज ने हिन्दुस्थान समाचार के साथ बातचीत में कहा कि समुद्री बेड़े और नौकाओं को बचाने में आईसीजी ने केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम किया है। इस समन्वय के कारण पश्चिम बंगाल तट के समीप समुद्र में जीवन और संपत्तियों के नुकसान को रोका जा सका। चक्रवात के आगमन को देखते हुए आईसीजी ने तूफान के रास्ते से पूरे व्यापारी बेड़े की सक्रिय निगरानी की। रणनीतिक मोड सुनिश्चित करने के लिए जहाजों, विमानों और तट-आधारित निगरानी प्रणालियों को तैनात किया गया। उन्होंने बताया कि हल्दिया एवं पारादीप में आईसीजी के रिमोट ऑपरेटिंग स्टेशनों से समय पर अलर्ट प्रसारित किए गए। मछली पकड़ने वाले मछुआरों की नौकाओं और पारगमन व्यापारी जहाजों को समय रहते चेतावनी दी गई। रेमल के लैंडफॉल के बाद आईसीजी जहाज वरद चक्रवात के बाद का आकलन करने के लिए तुरंत पारादीप से रवाना हुआ। इसके अतिरिक्त दो आईसीजी डोर्नियर विमानों ने भुवनेश्वर से उड़ान भरी और उत्तरी बंगाल की खाड़ी में व्यापक निगरानी की। भारतीय नौसेना ने भी मानवीय सहायता और आपदा राहत के लिए अपनी कार्रवाई की। नौसेना की तैयारी के अंतर्गत दो जहाजों को राहत और बचाव के लिए तैयार रखा गया।

# छठे चरण में 63.37 प्रतिशत मतदान, अबतक 66 प्रतिशत मतदान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने छठे चरण के मतदान के आंकड़े जारी किए हैं। आयोग का कहना है कि इस चरण में 58 सीटों पर 63.37 प्रतिशत



मतदान हुआ है। पादर्शिता बनाने के लिए आयोग ने कुल मतों की भी जानकारी साझा की है। इसके साथ ही छह चरणों में अबतक 486 सीटों पर 66 प्रतिशत मतदान हुआ है।

विपक्षी दलों विशेषकर कांग्रेस के आरोपों के बीच हाल ही में चुनाव आयोग ने पांच चरणों में मतदान संख्या की सटीक जानकारी साझा की थी। आयोग ने आज कहा कि 25 मई के दो प्रेस नोटों की निरंतरता में चल रहे आम चुनाव 2024 में 58 पीसी के लिए चरण-6 में 63.37 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।

आयोग के आंकड़ों के अनुसार छठे चरण में बिहार में 8 सीटों पर 57.18, हरियाणा में 10 सीटों पर 64.80, जम्मू-कश्मीर की एक सीट पर 55.40, दिल्ली की सात सीटों पर 58.69 प्रतिशत, ओडिशा की 6 सीटों पर 74.45, उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर 54.04 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों पर 82.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। यानी देश के आठ राज्यों की 58 सीटों पर 63.37 प्रतिशत मतदान हुआ । छठे चरण में 11,13,16,606 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से कुल 7,05,44,933 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इसके अलावा आयोग ने यह भी बताया है कि अगले यानी सातवें चरण में किस सीट पर कितने मतदाता हैं।

आयोग की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार छठे चरण तक 486 सीटों पर 87,53,96,943 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 57,78,42,221 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है। यानी पिछले छह चरणों में 66 प्रतिशत मतदान हुआ है।

# पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ में फर्जी दस्तावेज के साथ 5 बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई (हि.स.)।** पुणे जिले के पिंपरी-चिंचवड़ इलाके के भोसरी शांतिनगर में पुलिस ने 5 बांग्लादेशी नागरिकों को फर्जी दस्तावेज के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन पांचों को शह देने के आरोप में दो अन्य लोगों के



खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पिंपरी-चिंचवड़ आतंकवाद निरोधी दस्ते की टीम को भोसरी शांतिनगर इलाके में पांच बांग्लादेशी नागरिकों के रहने की गोपनीय जानकारी मिली थी। इस पर पुलिस ने इन सभी को सोमवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बांग्लादेशी नागरिकों में शमीम नुरोल राणा, राज उर्फ सम्राट सदन अधिकारी, जलील नारू शेख उर्फ जलील नूर मोहम्मद गोलदार, वसीम अजीज उलहक मंडल उर्फ वसीम अजीउल हक हीरा, आजाद शमशुल शेख उर्फ अबुल कलाम शमशुद्दीन फकीर हैं। पुलिस के अनुसार यह सभी फर्जी आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल प्रमाण पत्र और पासपोर्ट के साथ भारत में रह रहे थे। पुलिस ने इनके पास से सिम कार्ड, 11 हजार रुपये कीमत का मोबाइल, एयरटेल कंपनी का सिम आदि बरामद किया है। इन सबके खिलाफ विदेशी नागरिक अधिनियम, पासपोर्ट अधिनियम और भारत में प्रवेश नियमों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन्हें फर्जी दस्तावेज उपलब्ध कराने वाले दो भारतीय मूल के नागरिकों पर मामला दर्ज किया

## भूस्खलन से प्रभावित पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए आगे आया भारत, 10 लाख डॉलर की सहायता

**नई दिल्ली(हि.स.)।** भारत भारी भूस्खलन की मार झेल रहे पापुआ न्यू गिनी की मदद के लिए आगे आया है। भारत सरकार ने द्वीपीय देश में राहत, पुनर्वास और पुनर्निर्माण प्रयासों के लिए 10 लाख अमेरिकी डॉलर की तत्काल राहत सहायता की घोषणा की है। विदेश मंत्रालय ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि पापुआ न्यू गिनी फोरम फॉर इंडिया-पैसिफिक आइलैंड्स कोऑपरेशन (एफआईपीआईसी) के तहत एक करीबी दोस्त और भागीदार है। वहां के मैत्रीपूर्ण लोगों के साथ एकजुटता के संकेत के रूप में यह सहायता प्रदान की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्राकृतिक आपदा पर गहरी संवेदना व्यक्त की है और कठिन समय में प्रशांत द्वीप देश को हर संभव समर्थन और सहायता देने का वादा किया है। उल्लेखनीय है कि 24 मई को पापुआ न्यू गिनी के एंगा प्रांत में एक बड़ा भूस्खलन हुआ, जिसमें सैकड़ों लोग दब गए और बड़ी तबाही तथा जानमाल का नुकसान हुआ। भारत प्राकृतिक आपदाओं के कारण हुई कठिनाई और तबाही के समय पापुआ न्यू गिनी के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। 2018 में भूकंप और 2019 और 2023 में ज्वालामुखी विस्फोट के बाद भारत सहायता के लिए आगे आया है।

विदेश मंत्रालय का कहना है कि भारत के इंडो-पैसिफिक महासागरों की पहल (आईपीओआई) का एक महत्वपूर्ण स्तंभ नवंबर 2019 में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन है। भारत मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) के लिए प्रतिबद्ध है और एक जिम्मेदार और दृढ़ प्रतिक्रियाकर्ता बना हुआ है।

## मिजोरम में पत्थर खदान ढहने से मरने वालों की संख्या 20 हुई, 16 शव बरामद

**आइजोल(हि.स.)।** चक्रवात रेमल के चलते पिछले 48 घंटों से लगातार भारी बारिश से मिजोरम को तबाह कर दिया है। मंगलवार सुबह करीब 6 बजे राजधानी आइजोल के पास मेल्थम और ह्लिमेन की सीमा पर एक पत्थर की खदान ढहने से मरने वालों की संख्या 20 हो गई है। आइजोल की जिलाधिकारी नजुक कुमार ने बताया कि अब तक 16 शव बरामद किये गये हैं। चार अन्य लोगों को मलबे से निकालने का प्रयास किया जा रहा है। पत्थरों के ढेर के नीचे और भी शव हो सकते हैं। जिलाधिकारी ने कहा, मलबा पूरी तरह साफ होने तक ऑपरेशन जारी रहेगा। पत्थरों के ढेर को हटाकर चार साल के लड़के और छह साल की लड़की को बचाकर नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है।

# नवाज शरीफ को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया



**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को आज पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) का निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिया गया। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में इस आशय की जानकारी दी है।

उल्लेखनीय है कि पनामा पेपर्स केस में पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कारण शरीफ को छह साल के लिए पीएमएल-एन का अध्यक्ष पद गंवाना पड़ा था। नवाज शरीफ के खिलाफ किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। पार्टी के सामान्य परिषद सत्र के दौरान नवाज शरीफ को पीएमएल-एन का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। सत्र में कश्मीर, फिलिस्तीन और अन्य मामलों पर प्रस्तावों को भी मंजूरी दी जाएगी।

पीएमएल-एन ने पहले 11 मई को राष्ट्रपति चुनाव के लिए पार्टी की सामान्य परिषद की बैठक आयोजित करने की घोषणा की थी। बाद में 28 मई को यौम-ए-तकबीर के अवसर पर सत्र आयोजित करने का फैसला किया था। पाकिस्तान ने 28 मई 1998 को परमाणु परीक्षण किया था। तब इस तारीख को हर साल 28 मई को यौम-ए-तकबीर का सरकारी आयोजन किया जाता है। यहां यह उल्लेख करना जरूरी है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को 2018 में दोषी ठहराए जाने के बाद किसी भी सार्वजनिक पद को संभालने से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

## ढाका में अंतर्देशीय जलमार्ग पर परिचालन फिर शुरू

**ढाका(हि.स.)।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज दोपहर से अंतर्देशीय जलमार्ग पर परिचालन फिर शुरू हो गया। बांग्लादेश अंतर्देशीय जल परिवहन प्राधिकरण ने चक्रवाती तूफान रेमल की वजह से रविवार रात 10 बजे से परिचालन रोक दिया था। बांग्लादेश अंतर्देशीय जल परिवहन प्राधिकरण के जनसंपर्क अधिकारी एहतेशामुल परवेज ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि चक्रवात रेमल के कमजोर होने के बाद बांग्लादेश मौसम विज्ञान विभाग ने जारी चेतावनी संकेत को आज वापस ले लिया। इसके बाद ढाका से अंतर्देशीय जलमार्ग पर परिचालन आज दोपहर 12 बजे फिर से शुरू हो गया।

# इजराइल के पश्चिमी रफाह पर हुए हमले में 45विस्थापितों की मौत, नेतान्हू ने दुख जताया

**कार्रवाई**

**इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सैन्य कार्रवाई पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा है,बहुत बड़ी गलती हो गई।**



**यरुशलम (हि.स.)।** इजरायल और फिलिस्तीन के आतंकी संगठन हमास के बीच पिछले साल से जारी जंग की लपटें और विकराल हो गई हैं। इजराइल की सेना ने इस बार दक्षिणी गाजा के पश्चमी रफाह में बड़ी जवाबी कार्रवाई की। इजराइल ने यहां हवाई हमला किया। इस हमले में 45 लोग मारे गए। मरने वालों में 23 महिलाएं, बच्चे और वृद्ध हैं। सभी विस्थापित बताए गए हैं। इस हमले की कई देशों ने आलोचना भी की है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इस सैन्य कार्रवाई पर अफसोस जताया है। उन्होंने कहा है,बहुत बड़ी गलती हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हवाई हमले की वजह से विस्थापित लोगों के तंबुओं में आग लग गई और लगभग 45 लोगों की झुलसने से मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर, 2023 से जारी इजराइल के हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या 36,050 पहुंच गई है। बेंजामिन नेतन्याहू ने इस हमले को लेकर अपनी गलती मानी है। नेतन्याहू ने कहा कि सैन्य कार्रवाई का उद्देश्य किसी भी इंसान को नुकसान पहुंचाना नहीं था। इस हमले की जांच की जाएगी। उन्होंने संसद में एक भाषण में कहा कि दुर्भाग्य से इस हवाई हमले में कुछ नागरिकों की मौत हो गई है। हमास नेता सामी अबू जुहरी ने इसे नरसंहार बताते हुए इसके लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है। उल्लेखनीय है कि रफाह में इजराइल की सेना और हमास के आतंकियों के बीच दो हफ्ते से लड़ाई जारी है। रफाह की इस घटना के बाद यूरोपीय नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के रफाह में सैन्य कार्रवाई रोकने के फैसले को तत्काल लागू किए जाने की जरूरत बताई है। जर्मनी के विदेश मंत्री एनालेना बेयरबोक और यूरोपीय संघ के विदेशी मामलों के प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा, रफाह के बारे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के फैसले का सम्मान होना चाहिए। साथ ही गाजा में मानवाधिकारों की रक्षा होनी चाहिए।

## पाकिस्तान में मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म, उंगलियां जला दी गईं

**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के तुलंबा इलाके से दिल दहला देने वाला वाकया सामने आया है। यहां मदरसे से किताबें चुराने के आरोप में दो अनाथ बहनों पर जुल्म ढाया गया। इसके बाद उनकी उंगलियां जला दी गईं। यह खुलासा पाकिस्तान के समाचार चैनल एआरवाई न्यूज ने किया है। यह रिपोर्ट सोमवार को प्रसारित की गई है। पीड़ित लड़कियों की मां ने आरोप लगाया कि मुदस्सिर और मकसूद नाम के व्यक्तियों ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उनकी बेटियों पर अत्याचार किया। लड़कियों को एक तंबू में ले जाया गया। रस्सियों से बांधकर लटका दिया गया। महिला का दावा है कि हमलावरों ने बाद में उसे और लड़कियों को पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित लड़कियों की मां ने दावा किया, पुलिस ने मुझे और मेरी बेटियों को गैर-मेडिकल जांच की गारंटी पर रिहा कर दिया।

# पाकिस्तान में पांच साल की लड़की का 13 साल के लड़के से करा दिया निकाह

**इस्लामाबाद(हि.स.)।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में बाल विवाह रोकने के तमाम सरकारी फरमान धरे के धरे रह गए। यहां के शेखुपुरा के कोट नजीर इलाके में पांच साल की लड़की की शादी 13 साल के लड़के से करा दी गई। पुलिस खबर मिलने पर पहुंची तो बाराती और घराती भाग गए। पुलिस ने सोमवार को कई जगह दबिश दी। इस दौरान शादी कराने वाले एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस का कहना है कि बाल विवाह में शामिल अन्य संदिग्धों को पकड़ने के लिए छापा मारा जा रहा है। गौरतलब है कि पंजाब में 16 साल से पहले शादी करना गैरकानूनी है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सदर मुरेडके थाने के सहायक उपनिरीक्षक की ओर से बाल विवाह अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि बच्चों की जबरन शादी की जा रही थी। पुलिस को देख संदिग्ध भाग गए। बच्चे के दादा यूसुफ ने स्वीकार



किया है कि वह अपने बेटे मुजम्मिल अब्बास के साथ मिलकर अपने पोते की शादी करा रहे थे। शादी में लड़की के पिता इमरान, उसके दादा अमजद, बशीर और अकरम सुलेमान उर्फ चना भी शादी में मौजूद थे। शादी का सारा इंतजाम अरशद ने कराया। यह निकाह उमर हयात नाम के एक संदिग्ध ने कराया। एफआईआर में कहा गया है, कम उम्र के बच्चों की जबरन शादी कराकर बाल विवाह निरोधक (संशोधन) अधिनियम 2015 के तहत अपराध किया है। पंजाब सरकार ने 2015 में शादी की कानूनी उम्र 16 साल तय की थी। इस साल 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह को रोकने के लिए पंजाब बाल विवाह निरोधक अधिनियम, 2024 का मसौदा तैयार किया गया है। पाकिस्तान में कुछ रूढ़िवादी धार्मिक संस्थाएं तो बाल विवाह का समर्थन करती हैं। ऐसी ही एक संस्था है काउंसिल ऑफ इस्लामिक आइडोलॉजी (सीआईआई)। इसके चेयरमैन मौलाना मोहम्मद खान शेरानी तो यहां तक कहते हैं कि लड़कियों में यौवन के लक्षण दिखने और नौ साल की उम्र होने पर शादी करा दी जानी चाहिए। कानून में शादी की न्यूनतम उम्र इस्लामिक कानून के हिसाब से नहीं है। इसे बदलना होगा। वह संसद से इस्लामिक मान्यता के अनुसार इस कानून में बदलाव करने मांग भी कर चुके हैं।

शेरानी सिंध असेंबली से पास बाल विवाह के खिलाफ कानून की भी आलोचना कर चुके हैं। शेरानी का कहना है कि निकाह किसी भी उम्र में किया जा सकता है, लेकिन दुल्हन सिर्फ यौवन अवस्था में आने के बाद ही दूल्हे के साथ रह सकती है। मुस्लिम मैरिज लॉ 1961 में कई अनुच्छेद गैर-इस्लामिक हैं। कानून के सेक्शन-6 का हवाला देते हुए उन्होंने कहा है कि पुरुष का अपनी पत्नी से दूसरी शादी की इजाजत लेना भी गैर इस्लामिक है। यह हक महिलाओं को नहीं है।

# नेपाल में आम बजट से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष में बनी सहमति

**काठमांडू(हि.स.)।** नेपाल में संसद के बजट सत्र में पिछले छह मई से जारी गतिरोध अब खत्म होता दिख रहा है। संसद में मंगलवार को पेश होने वाले आम बजट से पहले सत्तापक्ष और विपक्ष ने सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति के गठन और उसके कार्यादेश पर सहमति बनने का दावा किया है।

संसद में बिना किसी विरोध के बजट पेश करने का माहौल बनाने के लिए कई असफल प्रयासों के बाद मंगलवार सुबह से ही बैठकों का दौर जारी है। प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल %प्रचंड% की पहल पर सत्ता पक्ष आज सुबह से ही विपक्ष के साथ सहमति बनाने के प्रयास में जुटा हुआ है। सत्तापक्ष और विपक्ष के नेताओं ने दावा किया है कि सहकारी घोटाले में संसदीय जांच समिति के गठन के साथ ही उसके कार्यादेश को लेकर भी सहमति बन गई है। मुख्य विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस के



प्रवक्ता प्रकाश शरण महत ने कहा कि संसदीय जांच समिति में पांच दलों के सात सदस्यों को शामिल करने पर सहमति बनी है। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (एमाले) से दो-दो सांसद और सीपीएन (एमसी), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी एवं राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी के एक-एक सांसद को रखने पर सहमति बनी है। इसके अलावा कार्यादेश में गृहमंत्री रवि लामिछाने का नाम नहीं रखने पर विपक्षी दल सहमत हो गए हैं।

# धारदार हथियार से पत्नी पर पति ने हमला कर किया घायल

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (जफराबाद)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सुल्तानपुर गांव में बीती रात मनबढ़ एवं बहशी पति ने अपनी पत्नी को धारदार हथियार से दर्जनों वार करके गम्भीर रूप से घायल कर दिया जो अस्पताल में जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रही है। पूरे शरीर को इस तरह काट दिया है कि देखने वालों की रूह कांप जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र नगर पुत्र बाबू राम नागर सुल्तानपुर की शादी 2010 में बक्सा थाना क्षेत्र के पट्टी राव खमपुर निवासी बसंत नागर की पुत्री सविता देवी के साथ हुई थी। दोनों से दो बच्चे हैं जिनमें बेटा अनमोल 5 वर्ष एवं बेटी साक्षी 10 वर्ष है। शादी के कुछ दिन बाद से पति-पत्नी के बीच अनबन के कारण सम्बन्ध अच्छे नहीं रहे जिसको लेकर आये दिन बहशी पति जितेंद्र पत्नी सविता को आये दिन मारने–पीटने के साथ अन्य तरह से प्रताड़ना देता चला आ रहा है। इसी बीच एक वर्ष पहले मामला पारिवारिक कोर्ट में चला गया जहां पति-पत्नी को 2 दिन के लिए विदाई इस उद्देश्य से कराया गया कि पति-पत्नी के बीच में अभी भी समझौता हो जाय। 29 मई को पुनः कोर्ट में पति-पत्नी को हाजिर होना था कि पत्नी हंसी–खुशी से पति के साथ ससुराल आ गयी। उसको क्या पता कि जीवनसाथी मेरे जीवन के साथ इस कदर खिलवाड़ करेंगे। फिलहाल हुआ वही जिस बात का सविता को डर था। बहशी पति ने परिजन के सो जाने के बाद रात 10 बजे धारदार हथियार से सविता पर जानलेवा हमला कर दिया। घायल के अनुसार वह अपने पति को देखकर कुछ कह पाती कि इतने में वह हांसिये से प्रहार करना शुरू कर दिया जिससे उसके गर्दन, हाथ, कमर, पेट सहित शरीर के अन्य कई जगह पर गम्भीर चोटें आ गयीं। पत्नी लहूलुहान होकर चारपाई पर पड़ी रही कि कहराने की आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक जितेंद्र फरार हो गया था। सूचना मिलने पर विवाहिता के परिजन भी ससुराल आ गये जहां से जफराबाद थाना पुलिस को दी गयी जिस पर थानाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचकर घायल विवाहिता को तत्काल जिला चिकित्सालय भिजवाये जहां समाचार लिखे जाने तक उसकी हालत गम्भीर बतायी गयी। लोगों की मानें तो इसके पहले जलालपुर थाना क्षेत्र में जितेंद्र की शादी हुई थी जो अपने आचरण के अनुसार पत्नी को आये दिन मारता–पीटता था जिसके चलते वह चली गयी। हालांकि उससे एक लड़का हुआ था जो इस समय 18 वर्ष का है और अपने ननिहाल में रहता है। इधर जहां घायल सविता मौत एवं जीवन के बीच जिला अस्पताल में पड़ी है, वहीं अपनी बेटी की दशा देखकर घायल के मायके वालों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे हैं। इस बाबत पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सुरेंद्रनाथ सिंह ने बताया कि घायल के भाई सुरेश द्वारा दी गयी तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। साथ ही टीम गठित करके आरोपी की तलाश भी शुरू कर दी गयी है।

## नपं कचगांव चेयरमैन का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण

**जौनपुर। (कचगांव)** स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष फिरोज अहमद खान का 26 मई को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया जिस पर वार्ड गोल कोठी के लोगो ने चेयरमैन को पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत कचगांव के प्रथम चेयरमैन फिरोज अहमद खान को 26 मई को एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो गया। इसी के तहत नगर पंचायत के वार्ड गोल कोठी के कई लोगों ने उनसे मिलकर उनके एक वर्ष के कार्यकाल पर उन्हें बधाई दिया। इस दौरान वार्ड गोल कोठी में मौजूद चेयरमैन फिरोज अहमद खान ने कहा कि इस एक वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने प्रत्येक वार्डों में एक समान से कई विकास कार्य कराए हैं। चेयरमैन के प्रस्ताव पर प्रत्येक वार्डों में कई पक्की नालियां, इंटरलॉकिंग मार्ग, सीसी रोड, सोलर लाइट की व्यवस्था तथा नए ट्रांसफार्मर मंगवाए गए हैं। हर रोज साफ सफाई की भी व्यवस्था लगातार जारी है। आगे भी ऐसे ही विकास कार्य एक समान रूप से करवाया जाएगा।

# औंका में चल रही भागवत कथा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (बदलापुर)** क्षेत्र के औंका गांव में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिन मंगलवार को कथा वाचक डा0 वृजेश शुक्ल शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गई माखन चोरी की कथा सुनाई। भागवत कथा को सुनने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जमा हुई। कथा के बीच-बीच में महिला श्रद्धालुओं द्वारा नृत्य कर भक्तिभाव प्रकट किया गया। मुख्य यजमान पंडित राजेन्द्र नाथ शर्मा व उनकी धर्म पत्नी शान्ति देवी ने लीलाधर भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतारी। आयोजक डा0 रामकृपाल शर्मा ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनमें प्रसाद वितरण किया। कथा वाचक शास्त्री ने श्रीकृष्ण की माखन चोरी की लीला का वर्णन करते हुए कहा कि जब श्रीकृष्ण भगवान पहली बार घर से बाहर निकले तो उनकी बृज से बाहर मित्र मंडली बन गई। सभी मित्र मिलकर रोजाना माखन चोरी करने जाते थे। सब बैठकर पहले योजना बनाते किस गोपी के घर माखन की चोरी करनी है। श्रीकृष्ण माखन लेकर बाहर आ जाते और सभी मित्रों के साथ बांटकर खाते थे। माखन चोरी की लीला का बखान करते हुए उन्होंने भगवान कृष्ण के बाल रूप का सुंदर प्रकार से वर्णन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने नृत्य कर अपना भक्तिभाव प्रकट किया। भागवत कथा में पूतना बंध तथा माखन चारी की लाला के बाद गोवर्धन पूजा का प्रसंग चला। कथा वाचक ने बताया कि गोवर्धन का अर्थ है गौ संवर्धन। भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत मात्र इसीलिए उठाया था कि पृथ्वी पर फैली बुराइयों का अंत केवल प्रकृति एवं गौ संवर्धन से ही हो सकता है। इस मौके पर जनार्दन शर्मा, पूर्व प्रधान विनोद शर्मा,हरी लाल शर्मा, प्रेम शर्मा, मार्कण्डेय सिंह,दीपराज सिंह, कैलाश शर्मा, दिलीप, भानुप्रताप शर्मा आदि लोग मौजूद थे।

## अमन बने जीत में नायक, रॉकी का प्रयास व्यर्थ

**प्रयागराज।** कायस्थ पाठ ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में आयोजित आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर -19 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे क्वाटर फाइनल मैच में प्रयाग क्रिकेट क्लब को 42 रन से हराकर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। विजेता टीम के अमन पटेल के शानदार ( 85 रन, 59 गेंद, आठ चौके, पांच छक्के ) पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है। प्रयाग क्रिकेट क्लब के रॉकी राज ने ( 84 रन, 84 गेंद, 11 चौके एक छक्का ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। मंगलवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कायस्थ पाठ ने 35 ओवर में आठ विकेट पर 227 रन (अमन पटेल 85, शिवांश यादव 61 नाबाद, मयंक दुबे 33, आदर्श पाण्डेय 18 रन, अजीत कुमार 3/21, शाश्वत उपाध्याय 2/37, लवकुश 1/35, सिद्धार्थ सिंह 1/44) पर बनाए।

# ईवीएम मशीन को लेकर हंगामा करने वाले दो नामजद सहित 50 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जनपद में बीते 25 मई को मतदान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जौनपुर लोकसभा क्षेत्र स्थित मुंगराबादशाहपुर विधानसभा एक डीसीएम पर लदी ईवीएम मशीन मतगणना स्थल पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर मे पहुंचने पर ईवीएम लदी डीसीएम को रोककर शनिवार को सपा कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया था। जिसको लेकर पुलिस ने दो नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ धारा 143 व 188 भादवि के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर कार्रवाई की गई है। पहले से धारा 144 लागू होने के कारण इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस ने सचेत किया था। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने मतगणना स्थल पर शनिवार की शाम जौनपुर लोकसभा का मतदान खत्म होने के बाद मुंगराबादशाहपुर के लिए रिजर्व ईवीएम लदी डीसीएम मतगणना स्थल पर पहुंच गई थी। इसके बाद सपा कार्यकर्ताओं ने डीसीएम को रोककर हंगामा शुरू कर दिया। उस समय जिलाधिकारी ने मीडिया में बयान दिया था कि ईवीएम को निजी वाहन से कलेक्ट्रेट पहुंचाया जाना था। संबंधित अधिकारी की ड्यूटी में लापरवाही के चलते ईवीएम कलेक्ट्रेट के बजाय पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बने मतगणना स्थल पर पहुंच गई थी। मतगणना स्थल के बाहर ही सपा कार्यकर्ताओं ने गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए हंगामा खड़ा कर दिया था। सपा कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ईवीएम में गड़बड़ी करने को लेकर इस प्रकार का कृत्य किया गया है। जानकारी के तुरंत बाद जिलाधिकारी व एसपी समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचकर सपा कार्यकर्ताओं को समझाने में जुट गए।सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा ने अपने कार्यकर्ताओं को समझाया और हंगामा न करने का आग्रह किया था। पुलिस के मुताबिक जिले में धारा 144 लागू होने के कारण शांति व्यवस्था व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर सभासद जगदीश मौर्य उर्फ गप्पू निवासी कोतवाली, रमेश मौर्य निवासी सरायख्वाजा व 50 अज्ञात पर सरायख्वाजा में मुकदमा दर्ज किया गया। इस संदर्भ में एसपी ग्रामीण शैलेन्द्र कुमार सिंह का बयान है कि प्राइवेट वाहन में लदे ईवीएम को रोककर झूठी अफवाह फैलाने व सरकारी काम में बाधा उत्पन्न करने को लेकर यह कार्रवाई की गई है।

# प्रयागराज में पारा 48 के पार

अवधनामा संवाददाता

**चिलचिलाती धूप में सड़कें हुईं वीरान, सूखने**



**प्रयागराज।** मंगलवार को प्रयागराज में दोपहर लगभग 2:00 बजे के आसपास पारा 48 डिग्री सेल्सियस से पार हो गया। नौतपा के चौथे दिन सूर्य देव ने जमकर कहर बरपाया। हालात यहां तक हो गए की सड़कों पर कर्फ्यू जैसा सन्नाटा पसरा रहा। लोग खुले में निकलने से बचते रहे। कड़ी धूप और गर्मी से प्रयागराज का पारा मंगलवार को फिर हाई हो गया। कई जगह सड़कों पर सन्नाटा दिखा। बहुत जरूरत पड़ने पर ही लोग घरों से निकले। तेज धूप के कारण लोगों का हाल बेहाल दिखा। गर्मी के कारण गला सूखता रहा। गर्मी का प्रकोप इतना तेज रहा कि कूलर और पंखे तक जवाब दे गए। जगह-जगह बिजली कटौती के कारण लोगों को और भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मंगलवार को दिन का तापमान 48 डिग्री पार कर गया। गर्म हवाओं के चलते लोग चश्मा, टोपी के साथ ही गमछा और दुपट्टे से चेहरा ढंककर चलते दिखे। प्रयागराज में भीषण गर्मी का कहर जारी है। सोमवार को जिले का तापमान 45.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पूरे दिन गर्म हवाओं ने लोगों को खूब परेशान किया। गर्मी से बेहाल लोग घरों में ही पंखे, कूलर एसी में दुबके रहे। शाम को आसमान में छाए बादलों ने कुछ राहत जरूर दी, लेकिन गर्म हवा शाम को भी चलती रही। दिन में तेज धूप और उमस के चलते बाजार में सन्नाटा दिखा।

# मीटिंग हाल में जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में की गई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मतगणना की तैयारी के संबंध में बैठक मीटिंग हाल में संपन्न हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना 04 जून को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मूल्यांकन भवन में की जाएगी। उन्होंने इसके सम्बन्ध में सभी प्रकार की तैयारियों को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये।

जिला विकास अधिकारी वी0के0 यादव, परियोजना निदेशक जयकेश त्रिपाठी और बीएसए डॉ0 गोरखनाथ पटेल को निर्देशित किया कि कार्मिकों की नियुक्ति उनके डेप्लॉयमेंट और प्रशिक्षण कार्य को समय से गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतगणना को सकुशल, शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी एआरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, इसके साथ ही मतगणना में लगे वीआरसी को भी उनके दायित्व के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का दूसरे चरण का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** द क्रिंच के सहयोग से इण्डियन फोक एंड मॉडर्न आर्ट अकादमी के आओ नाटक खेलें अभियान के द्वितीय श्रंखला के तहत 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन नाट्य कार्यशाला का दूसरे चरण का शुभारंभ महाप्रभु पब्लिक स्कूल नारायण आश्रम शिवकुटी में हुआ। इस नाट्यशाला के माध्यम से कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रतिभागी बच्चो को रंगमंच के सभी तथ्यों से परिचित कराते हुऐ कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक रंगकर्मी व फिल्म अभिनेता रमेश कश्यप के निर्देशन में एक नाटक प्रदर्शन हेतु तैयार किया जाएगा। कार्यशाला के श्री गणेश के इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड कैप्टन वी एस पाण्डेय, मुख्य प्रशिक्षक रमेश कश्यप, इंडियन फोक एंड मॉडर्न आर्ट अकादमी के सांस्कृतिक सचिव सूर्य प्रकाश पाण्डेय, सदस्य अतुल शुक्ला, वेद प्रकाश पाण्डेय, शुभम कश्यप, ऋषभ चौरसिया, कार्यशाला संयोजक कुंवर तेज भानु सिंह तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा दे रही है सरकार

- **डिजिटल लर्निंग के लिए दीक्षा ऐप के इस्तेमाल में प्रयागराज जिला प्रदेश में अव्वल**
- **परिषदीय प्राथमिक, उच्चतर और कंपोजिट विद्यालयों में डिजिटल लर्निंग से दी जा रही है प्रभावी शिक्षा**

### डिजिटल लर्निंग से मिल रहा है प्रभावी शिक्षण

**प्रयागराज।** दीक्षा के अलावा कई अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम से छात्रों को पढ़ाया जा रहा है। शिक्षकों के साथ ही छात्रों को भी डिजिटल रूप से सशक्त किया जा रहा है। प्रयागराज के बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी के मुताबिक जिले में डिजिटल लर्निंग को बढ़ावा देने की कोशिश हो रही है। दीक्षा एप का उपयोग इसमें कारगर माध्यम बना है जिससे छात्र और शिक्षक दोनों उत्साहित हैं। जहां जहां स्मार्ट बोर्ड लग चुके हैं शिक्षक वहां प्रतिदिन छात्रों को स्मार्ट बोर्ड की मदद से पढ़ा रहे हैं। दीक्षा एप पर उपलब्ध वीडियो का सबसे अधिक लाभ छात्रों को यह मिल रहा है कि यदि किसी दिन स्कूल में शिक्षक कम होते हैं तो छात्रों को इन्हीं वीडियो की मदद से पढ़ाया जाता है।

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** निजी स्कूलों की तरह ही प्रदेश में परिषदीय स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के कई प्रयास किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अपनी नई शिक्षा नीति में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया था। इसी के अंतर्गत प्रदेश के परिषदीय स्कूलों में डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दीक्षा एप की मदद ली जा रही है जिसके सकारात्मक नतीजे सामने आए। दीक्षा ऐप से शिक्षा देने में प्रयागराज जनपद में प्रदेश में अग्रणी स्थान किया है। शिक्षण को प्रभावी और रोचक बनाने के लिए नई शिक्षा नीति में डिजिटल प्लेटफॉर्म की मदद लेने पर जोर दिया गया है। बेसिक शिक्षा में दीक्षा व अन्य एप्प का इस्तेमाल इसी का अंग है। इसमें तकनीक की सहायता से प्रदेश के परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से दीक्षा एप पर शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई गई है।

प्रयागराज के बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी बताते हैं कि बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी रैंकिंग में मई के प्रथम सप्ताह प्रयागराज ने दीक्षा एप्प की मदद से पढ़ाने में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। जारी की गई जिलों की रैंकिंग में प्रयागराज के शिक्षकों ने मई के प्रथम सप्ताह में 26772 डिवाइस का उपयोग करते हुए कुल 49823 कंटेंट से बच्चों को पढ़ाने की कोशिश की है।

## सनातन संस्कृति की पहचान ही सेवा की रही है: महापौर

**प्रयागराज।** जेयष्ठ मंगलवार के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मालवीय नगर क्षेत्र में आने जाने वाले राहगीरों के लिए इस बढ़ती हुई गर्मी में शरबत वितरण किया। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी ने मालवीय नगर स्थित हनुमान मंदिर पूजा अर्चन किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं एवं आने जाने वाले राहगीरों को शरबत वितरण किया और कहा कि सनातन सभ्यता में हर पर्व समाज को राष्ट्र एवं समाज मानव सेवा के लिए मार्गदर्शन करती रही है और कल्याण की कामना को लेकर ईश्वर की वंदना अर्चना एवं साधना एवं तपस्या करती रही है। यही कारण है सनातन संस्कृति की पहचान संपूर्ण जगत में सेवा की रही है।

इस अवसर राजेश केसरवानी, पूर्व वरिष्ठ पार्षद गिरी शंकर प्रभाकर, मनोज मिश्रा मनमोहन मिश्रा, प्रवीण मालवीय कुलदीप सोनी, अजय श्रीवास्तव मनोज केसरवानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## उज्वल के शतक से वीबीपीएस ने 3-0 से जीती सीरीज

**प्रयागराज।** उज्ज्वल शर्मा के शतक ( 102 रन, 82 गेंद, 14 चौके, दो छक्के एवं तीन विकेट) के दम पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने इंदिरापुरम क्रिकेट अकादमी को 41 रन से हराकर तीन मैच की वीबीपीएस क्रिकेट सीरीज में 3-0 से कब्ज़ा जमाया। मंगलवार को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल ने अपने मैदान पर 30 ओवर में 7 विकेट पर 221 रन (उज्ज्वल शर्मा 102, अवि कुमार 41, रुद्र प्रताप सिंह 23, मोहम्मद तनवीर 3/57, अजय निषाद 2/09, अभिजीत कौशल 2/41) बनाकर इंदिरापुरम क्रिकेट अकादमी को 30 ओवर में 9 विकेट पर 180 रन (अभिनव तिवारी 80, अजय निषाद 36 नाबाद, योगेश सिंह 23, अनिकेत कुमार पाल 3/26, उज्ज्वल शर्मा 3/30, हर्ष पाण्डेय 2/14) पर सीमित किया। मैच में मोहम्मद नबी व रवि केसरवानी ने अंपायरिंग और खुर्शीद राईन ने स्कोरिंग की। मुख्य अतिथि वरिष्ठ क्रिकेटर एवं क्रीड़ा भारती काशी प्रांत के मंत्री वीरेंद्र नाथ उपाध्याय और विशिष्ट अतिथि शिक्षा निदेशालय के सेवानिवृत्त अधिकारी बीपी पटेल ने विजेता एवं उपविजेता टीम को ट्रॉफी व मेडल प्रदान किये। पीके सूरी, राहुल पाण्डेय ने विशेष पुरस्कार बाटें। आलोक सिंह ने अतिथियों का स्वागत, क्रिकेट कोच मनोज कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन और खुर्शीद राईन ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## रेलगांव ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**प्रयागराज।** रेलगांव ट्रॉफी अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता बुधवार से सूबेदारगंज स्थित रेलगांव मैदान पर खेली जाएगी। उद्घाटन मुकाबला सेंट जोसेफ कॉलेज और फोर्ड स्कूल क्लब के बीच सुबह सात बजे से खेला जाएगा। उद्घाटन मुकाबले में उत्तर मध्य रेलवे खेल संघ के महासचिव व सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय मुख्य अतिथि होंगे। यह जानकारी आयोजन सचिव श्रीराम यादव ने दी है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा रानी की सराय थाना अध्यक्ष को किया गया सम्मानित

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ द्वारा चलाए जा रहे मंथली समीक्षा के अंतर्गत मार्च माह में आजमगढ़ जनपद में रानी की सराय थाना अध्यक्ष समेत पूरे थाने के कार्य व्यवहार उत्तम रहने के कारण पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा थाना रानी की सराय थाना अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र को मोमेंटो व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया।

## मतदान के बाद मतगणना के मंथन में जुटी भाजपा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर 25 मई को हुए प्रयागराज के दोनों लोकसभा की सीटों पर चुनाव को लेकर मतगणना की तैयारी कर रही है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि मतदान के बाद 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी को लेकर संगठन दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों एवं दोनों लोकसभा के संयोजक एवं प्रभारी विधानसभा के संयोजक एवं प्रभारी के साथ समन्वय बनाकर मतगणना की मंथन में जुट गई है। संगठन के द्वारा पूर्व के अनुभवी कार्यकर्ताओं को मतगणना के लिए लगाने का विचार किया जा रहा है और इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं को भी मतगणना से संबंधित कार्यों में लगाया जाएगा। इसके लिए मतगणना के पूर्व उन्हें ट्रेंड किया जाएगा।

# धर्मेंद्र यादव को दी गयी श्रद्धांजलि

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जनपद के शिक्षा क्षेत्र बिलरियागंज अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय पांती खुर्द पर प्रधानाध्यापक के रूप में रहे तथा अटेवा के बिलरियागंज ब्लॉक के अध्यक्ष रहे धर्मेंद्र यादव कि अचानक हृदय गति रुकने से मौत हो गई जिसकी सूचना पर संवेदना व्यक्त करने के लिए उनके आवास हाफिजपुर पर लोगों का ताता लगा रहा। उसी उपलक्ष में उनके आवास पर 28 मई 2024 को सुबह 10 बजे से शाम को 5 बजे तक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था जिसमें कई जनपद से संगठन के पदाधिकारी पहुंचे और स्वर्गीय धर्मेंद्र जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके मृत आत्मा को शांति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। धर्मेंद्र यादव बहुत मृदुल स्वभाव तथा समाजसेवी व्यक्ति थे। विद्यालय में नौकरी के साथ अतिरिक्त समय में दूसरों के भलाई के लिए हमेशा तत्पर रहते थे संगठन में एक मजबूत सिपाही के तौर पर हमेशा लगे रहते थे। आज उनकी कमी सभी को खल रही है इस मौके पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आजमगढ़ समीर कुमार भी श्रद्धांजलि अर्पित किए तथा साथ में अटेवा के जिला अध्यक्ष सुभाष यादव, राम जी वर्मा, कन्हैयालाल विश्वकर्मा, विनीता सिंह, महेंद्र राम, जिला अध्यक्ष सीपी यादव जिला महामंत्री ओंकारनाथ वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाब चौरसिया जिला संगठन मंत्री अखिलेश कुमार यादव जिला उपाध्यक्ष संजय सोनकर कार्यालय सचिव सुनील सिंह मुरली यादव बैजनाथ कनौजिया, राकेश यादव ,ओंकार सिंह, रामविलास यादव, लालजी यादव आदि सैकड़ो अध्यापक तथा संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# माहवारी स्वच्छता दिवस पर किया गया महिलाओं व किशोरियों को जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** माहवारी को न मानो परेशानी , ये नारी शक्ति की है निशानी। ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के अंतर्गत अतरौलिया ब्लॉक के 10 ग्राम पंचायतों में माहवारी स्वच्छता दिवस के अंतर्गत नारी संघ की महिलाओं व किशोरियों के साथ माहवारी स्वच्छता दिवस को लेकर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें माहवारी जागरूकता और भ्रांतियों को दूर करने के लिए किशोरियों ने नारा जैसे -तुम खून बहाओ तो वीर चरित्र, महावारी का खून बहाओ तो अपवित्र, माहवारी पर चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ जीवन से नाता जोड़ो आदि नारे लगाए गए। संस्था सचिव राजदेव चतुर्वेदी द्वारा बताया गया कि जब तक हमारे समाज से माहवारी पर खुल कर चर्चा नहीं होगी और इसकी महत्ता और उपयोगिता के बारे में समाज में जागरूकता नहीं होगी।माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर समुदाय में माहवारी के दौरान स्वच्छ सूती कपड़े तथा पैड का प्रयोग करे ताकि इन्फेक्शन व बीमारी से बचा जा सकता है तथा किसी अनियमित माहवारी या माहवारी से जुड़ी किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर चिकित्सक से परामर्श लिया जाना। किशोरी बालिकाओं में मासिक-धर्म के दौरान साफ-सफाई व प्रबंधन पर चर्चा करते हुए बताया गया की मासिक के दौरान प्रयोग किए गए कपड़े का उचित निपटान के लिए इन्हें जमीन में गाड़ देना चाहिए अथवा जला देना चाहिए। व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूकता पैदा करने तथा इन्हें लगातार व्यवहार में लाने, इस विषय पर उनकी चिंताओं व समस्याओं के उचित हल के लिए उन्हें अपने निकटतम सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी,। छड व डॉक्टर्स को अवश्य दिखाए, इसमें किसी भी प्रकार के शर्म महिला व किशोरी के लिए घातक हो सकता है।

# सपा बनाएगी जागरूक लोगों को मतगणना अभिकर्ता



अवधनामा संवाददाता

**मतदान के बाद भरे फार्म 17 सी से पड़े मतों का करेंगे मिलान**

**प्रयागराज।** फूलपुर संसदीय क्षेत्र से गठबंधन उम्मीदवार अमरनाथ सिंह मौर्य ने आज पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करके मतगणना अभिकर्ताओं के चयन के लिये आवश्यक रणनीति तैयार की। मतगणना के दौरान अधिवक्ताओं, शिक्षकों एवं जागरूक लोंगो को अभिकर्ता के रूप मे तैनात किये जायेंगे। इसके पूर्व सभी अभिकर्ताओं को मतगणना की बारीकीयाँ समझाई जाएंगी।

लोकसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों से पीठा सीन अधिकारी द्वारा मतदान के बाद प्रत्येक बूथ से एजेंट को दिया गया फार्म 17 सी को इकठ्ठा किया जा रहा है। फार्म 17 सी मे पड़े मतों का विवरण दर्ज होता है। जिससे ई वी एम के खुलने के बाद मिलान करना होगा।

बैठक मे प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष अनिल यादव, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, एमएलसी डॉ मानसिंह यादव, प्रत्याशी अमरनाथ सिंह मौर्य, मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, जगदीश यादव उपस्थित रहे।

# गर्मी में प्यास बुझाने में लाचार है खराब पड़े इंडिया मार्का टू हैण्डपम्प

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** शहर रैदोपुर फूलपुर ब्लाक के गांवो में इंडिया मार्का टू हैण्डपम्प खराब पड़े हैं। हैंडपंप खुद प्यास से दम तोड़ रहे हैं , लोग, की कई इलाकों में बुरा हाल है।खराब हैंडपंप लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं. विभाग के द्वारा खराब हैंडपंप की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते लोग शुद्ध पेयजल न मिल पाने से परेशान हैं। फूलपुर ब्लाक के हर ग्राम पंचायतों में कोई न कोई हैडपंप खराब हैं। शिकायत के बावजूद सही नही करवाया गया है। नागिरको को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल दिलाने के लिए सरकार ने सभी सार्वजनिक स्थानों पर इंडिया मार्क टू हैंडपंप लगवाया था, जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल मिल सके और जलजनित बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। उसी क्रम में फूलपुर ब्लाक के ग्राम पंचायतों में 2519 इंडिया मार्का टू हैंडपंप लगाए गए हैं। जिसमे लेकिन आज स्थिति ये है की ग्राम पंचायतों में लगे हैंडपंप या तो खराब हो गया या तो



दूषित पानी दे रहा है।इंडिया मार्का हैण्ड पम्प ब्लाक मुख्यालय प्रागण में लगा है जो कभी सुद्ध पानी नही देता वही उदुपुर शबाना आजमी मार्ग शहीत पशू अस्पताल के सामने सुदनीपुर गाँव जोमा बक्सपुर अंजान शहीद डारीडीह चकनुरी आदि गावो में इंडिया मार्का हैण्ड पम्प खराब पड़े है।

इस भीषण गर्मी में हर तरफ पानी के पशु पक्षी राहगीर परीशान है।ग्रामीण सुफ्यिान अहमद मो कवि अजित चौधरी दीपक मोदनवाल सूरज प्रजापति आशीष पाल चन्द्रभान यादव दशरथ पाल शहीत अन्य ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से माग की है।कि भीषण गर्मी में जल की समस्या को दूर करने के लिए अतिशिघ्र इंडिया मार्का हैण्ड पम्प सही कराने की माग की है इस सम्बन्ध में खण्ड विकास अधिकारी बिमला चौधरी का कहना है कि फूलपुर ब्लाक अन्तर्गत कुल 2519 इंडिया मार्का हैण्ड पम्प है। जिसमे 21रिबोर में 6 मरम्मत हुए है। 42 इंडिया मार्का हैण्ड पम्प खराब हैं। 16 मरम्मत हो गया हैं।शेष गावो में सर्वाजनिक स्थल पर लगे इंडिया मार्का हैण्ड पम्प सही कराने का निर्देश सहायक विकास अधिकारी पँचायत को दिया गया है।

## एसबीआई ने चौथी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का जताया अनुमान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एसबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया है। एसबीआई ने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8 फीसदी रहने की बात कही है। एसबीआई रिसर्च की मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी 7.4 फीसदी रहने की संभावना है, जबकि पूरे वित्त वर्ष में कुल जीडीपी वृद्धि 8 फीसदी तक पहुंचने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय एनएसओ 31 मई को बीते वित्त वर्ष 2023-24 के लिए चौथी तिमाही के लिए जीडीपी आंकड़े का अनंतिम अनुमान जारी करेगा। रिजर्व बैंक ऑफ का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 7.3 फीसदी और पूरे वित्त वर्ष में 7.6 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

# कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, मजबूती के बाद लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली (हि.स.)।** मुनाफावसूली के दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी दिन गिरावट के साथ बंद हुआ। आज के कारोबार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के कुछ देर बाद ही मंदड़ियों ने अपना दबाव बना दिया, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.29 प्रतिशत और निफ्टी 0.19 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

आज के कारोबार के दौरान एफएमसीजी और फार्मास्यूटिकल सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती नजर आई। दूसरी ओर पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, रियल्टी और एनर्जी सेक्टर के शेयरों में जम कर बिकवाली होती रही। इसी तरह इंफ्रास्ट्रक्चर और मेटल इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार बिकवाली होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.63



प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आज बाजार की कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 416.62 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 419.95 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 3.33 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।


आज दिन भर के कारोबार में बीएसई में 3,933 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 1,322 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 2,501 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 110 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,262 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 633 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 1,629 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 12 शेयर बढ़त के साथ और 18 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी में शामिल शेयरों में से 21 शेयर हरे निशान में और 29 शेयर लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स आज 194.90 अंक की मजबूती के साथ 75,585.40 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही मंदड़ियों ने दबाव बना दिया, जिसकी वजह से इस सूचकांक में गिरावट आने लगी।

## मलाबार ग्रुप ने किया 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' कार्यक्रम का विस्तार




**लखनऊ।** जरूरतमंदों को प्रतिदिन पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने से जुड़े मलाबार ग्रुप के सीएसआर कार्यक्रम 'हंगर-फ्री वर्ल्ड' (भूख-मुक्त दुनिया) का विस्तार अधिक लोगों और शहरों तक किया जाएगा। मौजूदा वक्त में इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के तहत खाने के 31,000 पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य 2- 'जीरो हंगर' कोसमर्थन प्रदान करने के लिए यह पहल की गई थी। इस कार्यक्रम का विस्तार करते हुए पौष्टिक खाने के 51,000 पैकेट वितरित किए जाएंगे।मलाबार मुख्यालय में 28 मई को 'वर्ल्ड हंगर डे' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पी एस श्रीधरन पिल्लई ने विस्तार योजना की आधिकारिक शुरुआत की। मलाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने इस कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विधायक पी टी ए रहीम ने 'हंगर-फ्री वर्ल्ड डोनेशन' गेटवे का उद्घाटन किया। वर्तमान में इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन खाड़ी देशों के कुछ केंद्रों के साथ-साथ केंद्रशासित प्रदेशों समेत 16 राज्यों के 37 शहरों में किया जा रहा है। विस्तार के बाद कार्यक्रम के तहत 16 राज्यों के 70 शहरों में खाने के पैकेट वितरित किए जाएंगे। इसके अलावा, समूह ने अफ्रीकी देश जाम्बिया के स्कूली छात्रों के लिए भी इस कार्यक्रम की शुरुआत की योजना बनाई है। यह देश दुनियाभर में सोने के सबसे अधिक खनन के लिए जाना जाता है।मलाबार समूह के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, ÷हमारे आसपास आज भी ऐसे काफी सारे लोग हैं जिन्हें दिन में एक वक्त का पूरा भोजन जुटाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। दुनिया से भूख को खत्म करने के लिए काम कर रहीं सरकारों और एजेंसियों को छोटी सी मदद करने के लिए हमने इस कार्यक्रम की शुरुआत की है।

## ज्यादा टीडीएस कटौती से बचने के लिए 31 मई तक पैन को आधार से जोड़ें करदाता




**नई दिल्ली (हि.स.)।** आयकर विभाग ने करदाताओं को ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ने की सलाह दी है।

आयकर विभाग ने मंगलवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, ''ऊंची दर पर कर कटौती से बचने के लिए कृपया 31 मई, 2024 से पहले अपने स्थायी खाता संख्या (पैन) को आधार से जोड़ें, यदि आपने पहले से नहीं किया है।'' आयकर नियम के मुताबिक यदि पैन बायोमेट्रिक आधार से जुड़ा नहीं है, तो लागू दर से दोगुनी दर पर टीडीएस काटा जाना आवश्यक है।

विभाग ने एक अन्य पोस्ट में बैंकों, विदेशी मुद्रा डीलर सहित रिपोर्टिंग संस्थाओं को दंड से बचने के लिए 31 मई, 2024 तक निर्दिष्ट वित्तीय लेनदेन का विवरण (एसएफटी) दाखिल करने को भी कहा है। आयकर विभाग ने कहा कि एसएफटी दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित है। ऐसे में सही और समय पर दाखिल अपना एसएफटी दाखिल कर दंड से बचें।

# सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड ने स्वच्छता और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए महत्वपूर्ण कदम

**लखनऊ।** पर्यावरण प्रबंधन संबंधी व्यापक सेवाओं के लिहाज से एशिया के अग्रणी प्रदाताओं में से एक री सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (एलएसए) ने बड़ा मंगल उत्सव के दौरान आज लखनऊ में स्वच्छता और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित करने की दिशा में अपने स्तर पर अनेक प्रयास किए। बड़ा मंगल, शहर का एक महत्वपूर्ण आयोजन माना जाता है, जिसका आयोजन ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को किया जाता है। इसके तहत आज शहर भर में हनुमान भक्तों द्वारा 700 से अधिक सामुदायिक भंडारों का आयोजन किया गया। शहर की स्वच्छता पर संभावित प्रभाव को समझते हुए, लखनऊ स्वच्छता अभियान ने बड़ी मात्रा में कचरे को कुशलतापूर्वक प्रबंधित करने के लिए व्यापक संसाधन और




कर्मियों को जुटाया। लखनऊ स्वच्छता अभियान ने लखनऊ में स्वच्छता कायम रखने के लिए एक व्यापक रणनीति लागू की जिसमें शामिल है-

संसाधनों का प्रावधान- कचरे के प्रवाह को संभालने के लिए शहर भर में रणनीतिक रूप से कई कचरा वाहन, कूड़ेदान और स्वच्छता कार्यकर्ता तैनात किए गए थे।

सार्वजनिक जुड़ाव- एलएसए और लखनऊ नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी सक्रिय रूप से जनता के साथ जुड़े हुए हैं, और उनसे पत्तों की प्लेटों और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को निर्दिष्ट डिब्बे में निपटाने का आग्रह कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों के बीच जिम्मेदार अपशिष्ट निपटान प्रथाओं को बढ़ावा देना था।

निरंतर निगरानी- टीमें यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास करती रही कि कचरे को तुरंत एकत्र किया जाए और उसे बेहतर तरीके से निपटाया जाए, ताकि शहर के पर्यावरण और उसके निवासियों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर डालने वाले किसी भी प्रयास को रोका जा सके। इन प्रयासों ने न केवल यह सुनिश्चित किया कि स्वच्छता से समझौता किए बिना सभी उत्सव का आनंद ले सकें, बल्कि टिकाऊ और प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं के लिए एलएसए की प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। री सस्टेनेबिलिटी लिमिटेड के सीईओ श्री मसूद मलिक ने कहा, ''बड़ा मंगल समारोह के दौरान लखनऊ स्वच्छता अभियान द्वारा प्रदर्शित समर्पण और कड़ी मेहनत ने ऐसे आयोजनों के दौरान हमारे पारंपरिक मूल्यों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उदाहरण स्थापित किया है।

## सर्राफा बाजार में तेजी, सोना 500 रुपये तक महंगा हुआ

**नई दिल्ली (हि.स.)।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज मजबूती नजर आ रही है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट और 22 कैरेट सोने के भाव में पिछले दिन के मुकाबले 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी दर्ज की गई है। इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 73,320 रुपये से लेकर 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,210 रुपये से लेकर 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। सोने की तरह ही आज चांदी के भाव में भी मजबूती आई है। आज की तेजी के कारण आज दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 93,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,660 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,770 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,810 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में आज तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 66,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 84 डॉलर प्रति बैरल के करीब




**नई दिल्ली (हि.स.)।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का मूल्य 84 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इस हफ्ते के दूसरे दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.21 डॉलर यानी 0.25 फीसदी की उछाल के साथ 83.30 डॉलर और वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.19 डॉलर यानी 1.53 फीसदी बढ़कर 78.91 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है।

## सैमसंग 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' ने किया पहली 'डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप' का आयोजन

### स्कूली विद्यार्थियों में समस्याओं को हल करने का कौशल विकसित किया जाएगा

**गुरुग्राम।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्राण्ड, ने देश के चुनिंदा स्कूलों में अपनी पहलह डिजाइन थिंकिंग एण्ड ट्रेनिंग वर्कशॉप की पेशकश की है। यह अनोखी पहल सैमसंग के 'सॉल्व फॉर टुमॉरो' प्रोग्राम का हिस्सा है। यह 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' की रूपरेखा के माध्यम से विद्यार्थियों में जरूरी कौशल बढ़ाने पर फोकस करती है। इन कौशल में प्रॉब्लम सॉल्विंग, क्रिटिकल थिंकिंग, प्रोबिंग और क्रियेटिविटी शामिल हैं। राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा एवं नवाचार प्रतियोगिता का मकसद अगली पीढ़ी में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है।

खासकर भारत के लिये तैयार की गई, एक दिन की वर्कशॉप ने विद्यार्थियों को डिजाइन थिंकिंग के आइडिया को पसंद करने लिये प्रोत्साहित किया। उन्हें दुनिया की असल समस्याओं को समझने और हल करने की प्रेरणा भी मिली। शैक्षणिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत 'ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन थिंकिंग' समस्याओं को हल करने का एक दमदार तरीका है। डिजाइन की दुनिया की प्रक्रियाओं और टूल्स का इस्तेमाल कर ह्यूमन-सेंटर्ड डिजाइन की रूपरेखा संवेदना, परिभाषा, जगह, प्रोटोटाइपिंग और परीक्षण पर जोर देती है। फिर ऐसे समाधान मिलते हैं, जो लोगों का जीवन बेहतर बनाते हैं।

सैमसंग साउथवेस्ट एशिया के कॉर्पोरेट वाइस प्रेसिडेंट एसपी चुन ने कहा, ''सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो हमारी सोच का हिस्सा है। हम अगली पीढ़ी को सशक्त करना चाहते हैं और देश में नवाचार के लिये एक इकोसिस्टम बनाना चाहते हैं। हमारा मानना है कि बच्चे नवाचार के अग्रदूत हैं और उन्हें छोटी उम्र से ही बढ़ावा मिलना चाहिये। डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप को इस साल 10 स्कूलों में पायलट के तौर पर पेश किया गया है। इस तरह नन्हे विद्यार्थी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिये प्रेरित होंगे। इसमें समस्या को हल करना, साथ मिलकर काम करना और रचनात्मक चिंतन शामिल है। इन ऑफलाइन सेशंस के जरिये स्कूली विद्यार्थी मूलभूत सिद्धांतों पर सवाल करने, असली दुनिया की समस्याओं को पहचानने और तकनीक पर आधारित समाधान देने का अनोखा मौका पाएंगे।''

एक दिन की डिजाइन थिंकिंग वर्कशॉप ऐसी होती है-

-डिजाइन थिंकिंग की मूल अवधारणाओं का परिचय

-डिजाइन थिंकिंग की प्रक्रिया के पाँच चरण

1. **संवेदना** विद्यार्थी रोल-प्ले और इंटरव्यू में शामिल होते हैं। वे असल दुनिया की समस्याओं से प्रभावित तरह-तरह के लोगों के लिये संवेदना जताते हैं और उनके अनुभवों तथा परिप्रेक्ष्य को जानते हैं।

2. **परिभाषित करना** नोट्स और निर्देशित चर्चाओं के माध्यम से विद्यार्थी मूल समस्याओं को परिभाषित करते हैं। इसमें प्रॉब्लम ट्री जैसे टूल्स का इस्तेमाल होता है और वास्तविक कारणों तथा दखल देने के क्षेत्रों को पहचाना जाता है।

3. **युक्ति बनाना** रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए, विद्यार्थी कई समाधानों पर विचार करते हैं। वे सामूहिक सहकार्य के माध्यम से अंतर्संबद्ध समाधानों को बेहतर बनाने और अंतिम स्वरूप देने से पहले सभी प्रकार की युक्तियाँ सोचते हैं।

4. **प्रोटोटाइप** विद्यार्थी प्रोटोटाइपिंग की विधियों को दोहराते हैं और अपने चुने हुए समाधानों से ठोस स्टोरीबोर्ड बनाते हैं। वे फीडबैक लेने और बेहतरी के लिये अपनी युक्तियाँ प्रस्तुत करते हैं।

5. परीक्षण÷ समाधान तैयार करने के बाद फीडबैक की प्रक्रिया में यूजर के अनुभव को ध्यान में रखा जाता है। और जवाब के आधार पर समाधान को संतोषजनक बनाने के लिये सुधार किया जाता है।

## एफटीए वार्ता के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पर काम कर रहा है वाणिज्य मंत्रालय




**नई दिल्ली (हि.स.)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय मुक्त व्यापार समझौता वार्ता (एफटीए) के लिए मानक संचालन प्रक्रिया पर काम कर रहा है। मंत्रालय ने एफटीए के लिए रणनीति बनाने और इनके अंतर्गत अन्य संबंधित मुद्दों के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने को लेकर विशेषज्ञों, पूर्व अधिकारियों और विभिन्न विभागों के साथ विचार-विमर्श किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में बताया कि एफटीए पर रणनीति बनाने और एसओपी को लेकर राजस्थान के नीमराणा में 16 एवं 17 मई को एक चिंतन शिविर आयोजित किया गया। इस चिंतन शिविर में एफटीए का आर्थिक मूल्यांकन और मॉडलिंग, एफटीए में सेवाएं और डिजिटल व्यापार, और एआई, महत्वपूर्ण खनिजों जैसे उभरते क्षेत्रों को संबोधित करने के लिए भारत के एफटीए का लाभ उठाने पर चर्चा की गई।

राजस्थान के नीमराणा में आयोजित चिंतन शिविर में वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने विचार-विमर्श की अगुवाई की। इसमें एफटीए वार्ता में भारत की भविष्य की भागीदारी के लिए एक रणनीतिक व्यवस्था तैयार करने की मांग भी की गई। शिविर में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों की बातचीत, उसकी स्थिति और ऐसी वार्ता के लिए अपनाई जाने वाली रणनीति से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

# टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीटीआई) के छात्रों ने इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में बाजी मारी

बेंगलुरु। स्किल इंडिया मिशन और विकसित भारत 2047 को समर्थन देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीटीआई) ने आज नेशनल स्किल डेवलपमेंट कौंसिल (राष्ट्रीय कौशल विकास निगम-एनएसडीसी) द्वारा आयोजित इंडिया स्किल्स कंपीटिशन 2024 में अपने छात्रों के बेजोड़ प्रदर्शन की घोषणा की। प्रेम वी ने व्यक्तिगत प्रतियोगी के रूप में एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग में स्वर्ण पदक जीता। मैन्युफैक्चरिंग टीम चैलेंज में, मोहित एमयू, हरीश आर और नेल्सन वी ने एक टीम के रूप में जीत हासिल की और स्वर्ण पदक प्राप्त किया। मेकट्रॉनिक्स में, दर्शन गौड़ा सीएस और

भानु प्रसाद एसएम की टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता, जबकि हेमंत केवाई और उदय कुमार बी ने इसी श्रेणी में रजत पदक जीता। इसके अलावा, रोहन एएस को रजत पदक और श्री सुदीप एसएम को व्यक्तिगत प्रतिभागी के रूप में कार पेंटिंग में उत्कृष्टता का पदक मिला। हर दो साल में आयोजित होने वाली यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं के लिए क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच के रूप में काम करती है। एनएसडीसी के सहयोग से टीटीटीआई युवाओं के बीच जमीनी स्तर पर कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के दृष्टिकोण के अनुरूप अपना समर्थन देता है। टीटीटीआई ने प्रतियोगिता के ऑफ-साइट वाले चार हिस्से का आयोजन किया और उसमें भाग लिया तथा मेजबानी की, जो यशोभूमि द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित की गई थी। इसमें मैन्युफैक्चरिंग टीम चैलेंज, मेक्ट्रोनिक्स, कार पेंटिंग और एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग शामिल थे। टीटीटीआई के छात्रों ने अनुकरणीय कौशल और समर्पण का प्रदर्शन किया, जिससे न केवल संस्थान बल्कि देश का भी नाम रोशन हुआ। टीटीटीआई के नेतृत्व में प्रतियोगिता के "ऑफ-साइट" खंड में देश भर के प्रतियोगियों की उत्साही भागीदारी और जोशीले प्रदर्शन देखने को मिले। टीटीटीआई ने प्रतियोगिता के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्थान, बुनियादी ढांचे, मशीनरी, उपभोग्य सामग्रियों और जूरी सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहायता प्रदान की। इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए, एनएसडीसी की मार्केटिंग और संचार महाप्रबंधक सुश्री मोनिका नंदा ने कहा, ÷मैं टोयोटा टेक्निकल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (टीटीटीआई) के उल्लेखनीय छात्रों को इंडिया स्किल्स कंपीटिशन 2024 में उनकी शानदार उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई देती हूं। उनके अनुकरणीय कौशल और समर्पण टीटीटीआई के प्रशिक्षण कार्यक्रमों की प्रभावशीलता का प्रमाण हैं। ये विजेता न केवल अपने संस्थान को सम्मान दिलाते हैं बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय कौशल विकास की प्रतिष्ठा भी बढ़ाते हैं। हमें विश्वास है कि वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिता के लिए चुने गए छात्र उत्कृष्टता की इस विरासत को जारी रखेंगे और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को गौरवान्वित करेंगे। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, वित्त एवं प्रशासन श्री जी. शंकर ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷हम इंडिया स्किल्स प्रतियोगिता 2024 में टीटीटीआई के छात्रों की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। हम उनकी सफल यात्रा से खुश हैं और मानते हैं कि उनकी कड़ी मेहनत के कारण वे इस मुकाम तक पहुँचे हैं। हम प्रशिक्षकों, संकाय सदस्यों और सभी हितधारकों को धन्यवाद देते हैं जिन्होंने हमें गौरवान्वित किया है। हम विजेताओं को 24 सितंबर को ल्योन, फ्रांस में होने वाली विश्व कौशल प्रतियोगिता 2024 के लिए और उनकी अगली यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं ताकि वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें। टीटीटीआई के माध्यम से हम ग्रामीण युवाओं को विश्व स्तरीय प्रतिस्पर्धी तकनीशियन में बदलने और सभी के लिए सामूहिक खुशी पैदा करने के लिए समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

## फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज का 38.83 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू खुला

Franklin Industries Limited

**अहमदाबाद।** कृषि वस्तुओं के व्यापार और कांट्रैक्ट फार्मिंग सर्विसेज देने वाली गुजरात आधारित कंपनी फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड का 38.83 करोड़ का राइट्स इश्यू 24 मई को खुल गया है। इश्यू के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं को पूरा करने, कंपनी की विस्तार योजनाओं में पूंजी लगाने और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति हेतु किया जाएगा। राइट्स इश्यू के तहत 24 मई, को बंद भाव 7.50 रुपए प्रति शेयर के मुकाबले 3.58 रुपये का भाव तय किया गया है और राइट्स इश्यू 11 जून को बंद हो जाएगा। कंपनी 3.58 प्रति इक्विटी शेयर (2.58 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के भाव पर 1 रुपए फेसवैल्यू के नगद 10,84,50,000 पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर जारी करेगी। प्रस्तावित राइट्स इश्यू के लिए (रिकॉर्ड तिथि - 13 मई को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 पूर्ण भुगतान वाले इक्विटी शेयर के लिए 1 रुपये के फेसवैल्यू के 3 राइट्स इक्विटी शेयर) राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 3:1 पर तय किया गया है। ऑन-मार्केट राइट्स एंटाइटेलमेंट के त्याग की अंतिम तिथि 5 जून है। कंपनी इश्यू से प्राप्त राशि 38.83 करोड़ रुपये में से कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं के लिए 29.26 करोड़ रुपये और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों की पूर्ति के लिए 9.31 करोड़ रुपए खर्च करेगी। 1983 में निगमित, फ्रैंकलिन इंडस्ट्रीज लिमिटेड कृषि वस्तुओं, जैसे गेहूं, चावल, मक्का, सब्जियां (शिमला मिर्च, टमाटर, आदि सहित), फल (आम, तरबूज, अंगूर, आदि सहित) और अन्य कृषि उत्पाद के व्यापार के व्यवसाय में संलग्न है। कंपनी ने हाल ही में अपने व्यवसाय संचालन में विविधता लाने के लिए कांट्रैक्ट फार्मिंग बिजनेस में रणनीतिक पहल की घोषणा की है। गौरतलब है कि कांट्रैक्ट फार्मिंग व्यावसायिक ढांचे के भीतर विस्तार और नवाचार के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रदान करती है। यह पहल कृषि पद्धतियों को अनुकूलित करने, तकनीकी प्रगति का लाभ उठाने और स्थानीय किसानों और कृषि हितधारकों के साथ पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी स्थापित करने के कंपनी के दृष्टिकोण के अनुरूप है। कंपनी कृषि भूमि को पट्टे पर लेकर कांट्रैक्ट फार्मिंग करवाती है जहां वह खीरे, प्याज और अरंडी की खेती करवाती है। कंपनी उपज का एक हिस्सा उन किसानों के साथ साझा करती है जो पट्टे की भूमि पर कांट्रैक्ट के आधार पर काम करते हैं, जिससे स्थानीय किसान समुदाय का भला होता है। कंपनी ककड़ी, प्याज और अरंडी जैसे कृषि उत्पादों के लिए कॉन्ट्रैक्ट विनिर्माण सेवाएं भी प्रदान करती है। कंपनी इन उत्पादों को निर्माताओं से अग्रिम भुगतान करके या सहमत शर्तों के अनुसार प्राप्त करती है और फिर उन्हें वितरकों के नेटवर्क को बेचती है। बाज़ार में अपनी उपस्थिति के माध्यम से कंपनी ने किसानों और थोक विक्रेता/खुदरा विक्रेता समुदाय दोनों के साथ मजबूत संबंध विकसित किए हैं। कंपनी ने मार्च 2024 को समाप्त वित्त वर्ष 2023-24 में गतिवित वर्ष की समान अवधि में अर्जित 20.52 करोड़ रुपए की तुलना में 148 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ 50.96 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है। मार्च 2024 को समाप्त वर्ष में कंपनी ने कई गुना वृद्धि के साथ 10.46 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो कि पिछले वर्ष की समान अवधि में 21.43 लाख रुपए था। कंपनी ने जनवरी 2024 में 10 रुपए प्रति शेयर से 1 रुपए प्रति शेयर में स्टॉक विभाजन पूरा कर लिया है। पूर्ण अभिदान मानते हुए, इश्यू के बाद बकाया इक्विटी शेयर मौजूदा 3.61 करोड़ इक्विटी शेयरों से बढ़कर 14.46 करोड़ इक्विटी शेयर हो जाएंगे।

# गठबंधन की सरकार बनी तो 30 लाख युवाओं को मिलेगी पक्की नौकरी: अखिलेश यादव

अवधनामा ब्यूरो





**कुशीनगर।** युवाओं का मुद्दा उठाते हुए पूर्व मुखमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि इस सरकार में हर परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। नौजवानों के साथ धोखा हुआ है। जितनी भी परीक्षा इस सरकार में हुई है। सभी का पेपर लीक हुआ है। पुलिस भर्ती का पेपर लीक हुआ है।

**संविधान को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा : अखिलेश**

यह सरकार ने जान बूझ कर पेपर लीक किया है। ताकि युवाओं को नौकरी न देनी पड़े। यह निवेश पर भी धोखा दिया है। 60 लाख नौजवान है, जो पेपर दिए, लेकिन नौकरी नहीं मिली। कहा कि जिन कंपनियों ने भाजपा को चंदा दिया, वह मुनाफा कमाने लगे हैं। जिसके चलते महंगाई बढ़ती चली जा रही है। इस सरकार में हर चीज महंगी हो गई है। बाइक तक की कीमत बढ़ा दी गई है। आप सावधान हो जाएं, इन्होंने न केवल नौकरी छीनी है, बल्कि महंगाई भी बढ़ाया है। इंडिया गठबंधन अग्निवीर व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेंगे। गठबंधन की सरकार बनती है तो 30 लाख युवाओं को नौकरी दी जाएगी।

**ये लोग सत्ता में आएंगे तो पुलिस की नौकरी तीन वर्ष कर देंगे–** इस सरकार ने फौज की नौकरी चार वर्ष की कर दी, अगर यह सत्ता में आए तो पुलिस की भी नौकरी तीन वर्ष की कर देंगे। आज रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा बिक गया। यह सत्ता में आए तो बाबा साहब डा. भीम राव आंबेडकर के संविधान को भी बदल देंगे। यह संविधान हमारे लिए संजीवनी हैं। इस संविधान को बचाने के लिए हम सभी को लड़ना होगा। एक लाख रुपए गरीब महिलाओं के खाते में दिया जाएगा। राशन की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ ही डाटा फ्री देंगे। अब मन की बात नहीं, संविधान की बात चलेगी। इन लोगों के पास कोई मैनिफेस्टो नही है घिसी पीटी बाते कर रहे है, जनता सब जान चुकी है। चार जून को जनता सफाया कर देगी।

**ये मन की नहीं मन मर्जी की बात करते है, लोग संविधान की बात करना चाहते है:** अखिलेश यादव ने केंद्र में काबिज भाजपा सरकार नरेंद्र मोदी की खूब चुटकी ली। कहा ये जो मन की बात और मन मर्जी की बात करते रहे हैं, कोई इनकी बात सुनना नहीं चाहता है, अब लोग संविधान की बात करना चाहते हैं। 10 साल में उन्होंने ना चीनी मिल चलाई ना गन्ने की कीमत बढ़ाई। हम किसानों से कह कर जा रहे हैं सरकार बनने पर किसानों का कर्ज माफ करेंगे, उनकी फसल की कीमत भी दिलाएंगे।

## मुख्यमंत्री योगी का आगमन आज

अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के पक्ष में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन नगर में स्थित बाबा राघवदास कृषक इंटर कॉलेज भाटपार रानी के प्रांगण में 29 मई 2024 को दिन में12 बजे दिन में होना है, यहां प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रविंद्र कुशवाहा के पक्ष में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व मदन मोहन मालवीय शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह भाजपा के मीडिया प्रभारी अजय दुबे मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जयसवाल भाजपा नेता संतोष पटेल व भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जितेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से दिया, व जनता से अपील किया कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को सुने और प्रदेश के विकास में अपना योगदान करें।

## हर कार्यकर्ता तीन परिवारों का कराए मतदान: संतोष



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** शहर के कसया रोड स्थित पार्थ होटल में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बी एल संतोष ने लोकसभा प्रभारी /संयोजक, विधानसभा प्रभारी/संयोजक, लोकसभा के विस्तारक व जनप्रतिनिधियों तथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करके मुख्य रूप से तीन बिंदुओं पर ध्यान आकर्षित किया । उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा से संबंधित जिन परिवारों के लोग बाहर रहते हैं उन्हें आग्रह करके चुनाव के दिन मतदान करने के लिए बुलाए दूसरा अपने परिवार के साथ सभी सदस्यों को साथ में लेकर सुबह पहले मतदान करें फिर जलपान करें, तीसरा प्रत्येक कार्यकर्ता अपने परिवार के साथ-साथ तीन परिवारों का वोट डलवाना सुनिश्चित करें । जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि हर बूथ पर शत प्रतिशत मतदान हो इस बात का भी ध्यान रखें कार्यकर्ता ताकि मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके जिससे हमारी जीत का अंतर 4 लाख से ऊपर हो सके। बैठक का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक ने किया तथा बैठक को किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह ने भी संबोधित किया। बैठक से पूर्व 29 मई को चीनी मिल मैदान में देश के गृह मंत्री अमित शाह की प्रस्तावित रैली के पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में शहर के सुभाष चौक पर स्थित नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश शाही, संयोजक सी पी सिंह, जिला प्रभारी संतराज यादव तथा अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

## घटिया सामग्री से निर्माण के चलते आए दिन जल रहे हैं ट्रांसफार्मर

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी जिले में घटिया सामग्री से ट्रांसफार्मर मरम्मत के चलते आए दिन ट्रांसफार्मर जल जाते हैं जिससे ग्रामीणों को कई दिन अंधेरे में रहना पड़ता है बिजली विभाग में बढ़ते भ्रष्टाचार के बाद ट्रांसफार्मर मरम्मत में बड़ा खेल हो रहा है लेकिन ट्रांसफार्मर मरम्मत में लगे ठेकेदार के कारनामे की ओर अधिकारियों ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है एक तरफ भीषण गर्मी दूसरी तरफ घटिया सामग्री से ट्रांसफार्मर मरम्मत के चलते ट्रांसफार्मर लोड नही ले पाते और अक्सर जल जाते हैं जिससे जहां आम जनता को गर्मी में परेशानी होती है वही सरकार का लाखों का नुकसान होता है सिराथू तहसील क्षेत्र के कमालपुर बिजली उपकेंद्र से कमालपुर गांव में लगा ट्रांसफार्मर मंगलवार को अचानक धू धू कर जलने लगा,आग से ट्रांसफार्मर का तेल लीक हो गया और ट्रांसफार्मर धू धू कर जल गया।

## सीडीओ के निरीक्षण में अधिकारी कर्मचारी सहित 13 मिले अनुपस्थित

अवधनामा संवाददाता

**कार्यालय उप कृषि निदेशक एवं जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का सीडीओ ने किया आकस्मिक निरीक्षण**

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ रवि किशोर त्रिवेदी द्वारा मंगलवार को प्रातः 10:10 बजे कार्यालय उप कृषि निदेशक एवं 10:05 बजे कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारी कर्मचारी समेत 13 लोग अनुपस्थित मिले हैं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय उप कृषि निदेशक के निरीक्षण के दौरान जिला कृषि रक्षा अधिकारी इन्द्रजीत सिंह यादव, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी सुरूचि विश्वकर्मा अनुपस्थित पायी गई। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कार्यालय उप कृषि निदेशक में कार्यरत-प्रधान सहायक कैलाश नाथ पाण्डेय एवं वरिष्ठ सहायक नीरज तिवारी सर्वेश कुमार व सोनू पाण्डेय अनुपस्थित पाये गये। कार्यालय जिला कृषि रक्षा अधिकारी में कार्यरत वरिष्ठ सहायक बृजेश कुमार राव, श्रीमती सीमा पाण्डेय, चतुर्थ श्रेणी कार्मिक-श्रीमती गीता देवी व पंकज कुमार अनुपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के निरीक्षण के दौरान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा अनुपस्थित पाये गयें। उनके द्वारा उपस्थिति पंजिका के अवलोकन पर कार्यालय में कार्यरत जिला समन्वयक एमआईएस धर्मेन्द्र कुमार एवं जिला समन्वयक सिविल वीरेन्द्र कुमार अनुपस्थित पाये गयें। मुख्य विकास अधिकारी ने निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अधिकारियों/कर्मचारियों का अनुपस्थिति की तिथियों का वेतन अवरूद्ध करते हुए निर्देशित किया है कि अनुपस्थिति के सम्बन्ध में अपना स्पष्टीकरण एक सप्ताह के अन्दर उनके कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## 15 महीने बाद हत्या का खुलासा कर पुलिस ने अभियुक्त को भेजा जेल

अवधनामा संवाददाता



**हत्या में शामिल अन्य व्यक्तियों को छानबीन के दौरान नहीं खोज पाई पुलिस**

**कौशाम्बी।** कौशाम्बी पिपरी थाना क्षेत्र के शेरगढ़ निवासी विनोद सिंह पुत्र गुलाब सिंह की हत्या करने के बाद उनके शव को रस्सी से बांधकर बबूल के पेड़ में टांग कर आत्महत्या का रूप देने का प्रयास किया गया था घटना 7 फरवरी 2023 की है।

मृतक विनोद सिंह के बेटे अरुण सिंह ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए मामले में पुलिस को तहरीर दी थी तत्कालीन कोतवाल ने मामले में विवेचना की दिशा आगे नहीं बढ़ाई और हत्यारो को तत्कालीन थानेदार नहीं खोज पाए जिससे उनके कार्यों पर भी सवाल खड़े हुए थे पुलिस की जांच दिशा आरोपी तक ना पहुचने से आरोपी 15 महीने तक मौज कर अहम साक्ष्य से छेड़छाड़ करते रहे मृतक के बेटे लगातार पुलिस अधिकारियों से संपर्क कर हत्या का खुलासा करने की मांग करते रहे घटना को धीरे-धीरे 15 महीने से अधिक बीत जाए 15 महीने बीत जाने के बाद पुलिस ने विनोद सिंह की हत्या में भगवती प्रसाद मिश्रा पुत्र बरमदीन मिश्रा निवासी बेला मुंडी थाना लालापुर जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया है लिखापढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक प्रधानी के चुनाव में दोनों पक्ष के बीच विवाद हुआ था जिसमें मारपीट हुई थी और लालापुर थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था मुकदमे के समझौते के लिए विनोद सिंह को बुलाकर के हत्या करने के बाद शव को बबूल के पेड़ से टांग दिया गया था पुलिस ने विनोद सिंह की हत्या में 15 महीने बाद एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है लेकिन सवाल उठता है कि यदि पंचायत के लिए उसे बुलाया गया था तो एक व्यक्ति पंचायत नहीं करेगा दूसरा सवाल यह खड़ा है कि पेड़ से बांधकर टांगने में एक व्यक्ति के शव को अकेला एक व्यक्ति नहीं टांग सकता है अन्य लोग भी घटना में शामिल रहे होंगे इस बात की चर्चा मृतक के परिवार के लोग भी बराबर करते रहे लेकिन पुलिस ने इस हत्या के मामले में शामिल अन्य लोगों के नाम का खुलासा कर अन्य लोगों का नाम विवेचना के दौरान प्रकाश में नहीं लाया है।

## डीएम और एसपी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत और पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय में बनाये गये स्ट्रांग रूम के आउटर कार्डन का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया एवं ड्यूटी में तैनात अधिकारी/कर्मचारीगण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने के संबन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## मतगणना कार्मिकों का प्रथम प्रशिक्षण आज

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 04 जून 2024 को नवीन मण्डी समिति ओसा, मंझनपुर में मतगणना के लिए दिनांक 29 मई 2024 को उदयन सभागार में मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक प्रथम प्रशिक्षण दिया जायेंगा। प्रशिक्षण में कुल 228 कार्मिकों को प्रशिक्षित किया जायेंगा।

## दो दिन बंद रहेगा, धुमाई रेलवे फाटक

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** दिल्ली हावड़ा मार्ग संपार संख्या 32सी धुमाई रेलवे फाटक 30 और 31 मई रेलवे गेट कार्य हेतु सुबह 7 बजे से शाम 31 मई तक पूर्ण रूप से तक बंद रहेगा इस दौरान सड़क यातायात 31सी और 33सी कनवार से चालू रहेगा। ये जानकारी रेलवे प्रशासन ने दी है।

## नाबालिग बालिका को नौकरी दिलाने के बहाने रेप

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कोखराज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक युवक ने पड़ोस की रहने वाली एक नाबालिक बालिका को दिल्ली में नौकरी दिलाने के बहाने बुला ले गया और नाबालिक बालिका से बलपूर्वक दो दिन लगातार बलात्कार किया बालिका चीखती चिल्लाती रही लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई बालिका के विरोध करने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देने लगा नाबालिक बालिका दो दिन बाद किसी तरह घर पहुंची और आप बीती पिता से बताई जिसके बाद बालिका के पिता ने स्थानीय पुलिस चौकी शहजादपुर के इंचार्ज से मामले शिकायत की लेकिन चौकी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की गांजा भांग बेचने वाला दलाल मोटी रकम लेकर के आरोपी के बचाव में उतर आया है चौकी पुलिस से न्याय ना मिलने पर पीड़ित परिवार कोखराज थानेदार से मिला लेकिन फिर भी मामले में मुकदमा नहीं कर्ज हुआ घटना को 4 दिन से अधिक बीत गए हैं लेकिन अभी तक बालिका का मेडिकल चेकअप थाना पुलिस ने नहीं कराया मुकदमा दर्ज करना तो दूर रहा थाना से न्याय ना मिलने के बाद पीड़ित परिवार एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र दे कर न्याय की गुहार लगाई है मामले की शिकायत ट्विटर एक्स के माध्यम से पुलिस अधिकारियों से भी की गई है बलात्कार के मामले में 24 घंटे के भीतर मेडिकल परीक्षण कराया जाना आवश्यक बताया गया है लेकिन पुलिस 4 दिन से मेडिकल परीक्षण नहीं करा रही है जिससे बलात्कार के सक्षय नष्ट होंगे और आरोपी को लाभ मिलेगा

## अब नये मोबाइल एप पर भेजी जाएगी सूचनाएं

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिले में संचालित कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों के संचालन के बारे में सूचनाओं के सम्प्रेषण को एक विशेष मोबाइल एप विकसित किया गया है। सोमवार को जिले के पंचायत के सभी सहायक विकास अधिकारियों और खंड प्रेरकों को इसके संचालन और सूचनाओं के सम्प्रेषण के बारे में ट्रेनिंग दी गई। ट्रेनिंग के लिए सभी कार्मिकों को डी पी आर ओ ने अम्बेडकरनगर भेजा था। ट्रेनिंग पूरी हो गई है मोबाइल एप अभी लांच नहीं हुआ है। स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत जिले की पचास से अधिक ग्राम पंचायतों में कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों का संचालन शुरू हो चुका है। अन्य 350 केन्द्र निर्माणाधीन हैं। कूड़ा प्रबंधन केन्द्रों के सम्बन्ध में सूचनाएं अब नये एप पर भेजी जाएंगी। सोमवार को ट्रेनिंग में ए डी ओ पंचायत रामदीन गौतम गुलाब चंद हरिशंकर सिंह पवन कुमार यादव राकेश दुबे खंड प्रेरक कमलेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

## प्रभारी अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** मतगणना को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी निशा अनंत ने कलेक्ट्रेट सभागार में नामित किए गए प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक कर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को चिकित्सा व्यवस्था हेतु मतगणना स्थल पर पर्याप्त एंबुलेंस डॉक्टर तथा आवश्यक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा मतगणना स्थल पर साफ सफाई मोबाइल टॉयलेट पीने का पानी आदि व्यवस्था के लिए अधिशासी अधिकारी गौरीगंज को निर्देशित किया। विद्युत व्यवस्था को लेकर अधिशासी अभियंता विद्युत प्रथम को मतगणना के दिन सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। टेलीफोन ब्रॉडबैंड इंटरनेट व्यवस्था के लिए एसडीओ बीएसएनल को निर्देश दिए की मतगणना के दिन इंटरनेट की सुचारू व्यवस्था उपलब्ध रहे। मतगणना कार्मिकों को सूक्ष्म जलपान के लिए जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए। मीडिया सेंटर में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए सभी व्यवस्थाओं हेतू जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी को मतगणना स्थल पर फायर टेंडर एवं अन्य उपकरणों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर टेंट फर्नीचर बैरिकेडिंग की व्यवस्था के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को मतगणना से पूर्व सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मतगणना हेतु एक्सेल शीट एन्कोर पर ऑनलाइन फीडिंग के कार्य के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मतगणना स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था एवं पुलिस प्रबंधन के लिए अपर पुलिस अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन बनी हरियाली की दुश्मन

अवधनामा संवाददाता

**जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कई दर्जन अवैध आरा मशीनों का तीन दशक से हो रहा है संचालन**

**कौशाम्बी।** अवैध आरा मशीनों के संचालन में सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाए जाने के बाद भी वन विभाग के अधिकारी और थाना पुलिस अवैध आरा मशीनों को नहीं बंद करा रहे हैं यदि अवैध आरा मशीनों को बंद कर दिया जाए तो करोड़ों की काली कमाई में बाधा उत्पन्न होगी जिससे वन विभाग के अधिकारी अवैध आरा मशीनों पर कार्यवाही करने को तैयार नहीं दिख रहे हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्र में पांच दर्जन से अधिक अवैध आरा मशीनों का संचालन तीन दशक से प्रतिदिन विभागीय संरक्षण में हो रहा है अवैध तरीके से संचालित आरा मशीन को स्थानीय थाना पुलिस का भी संरक्षण मिलता है इन आरा मशीनों के संचालन के लिए हरे फलदार पेड़ की लकड़ियों को लकड़ी माफिया द्वारा बेखौफ तरीके से काटकर आरा मशीनों में प्रतिदिन पहुंचाया जा रहा है ना तो पेड़ के कटान का परमिट लिया जाता है और ना ही लकड़ी को इधर-उधर ले जाने के लिए ट्रांजिट परमिट लिया जाता है नियमों की बात करें तो हरे पेड़ के कटान का परमिट मिल ही नहीं सकता है लेकिन फिर भी बेखौफ तरीके से जिले के तीन दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया सैकड़ो मजदूरों के साथ प्रतिदिन विभिन्न क्षेत्रों में हरे पेड़ों के कटान में लगे रहते हैं इतनी बड़ी संख्या में लकड़ी माफिया मजदूरों के साथ पेट्रोलिंग आरा मशीन लेकर हरे फलदार पेड़ को काटने में लगे होने के बावजूद वन विभाग से लेकर पुलिस तक कार्यवाही के नाम पर केवल औपचारिकता निभाती रह जाती है सब कुछ खुलेआम अवैध तरीके से हो रहा है कई दर्जन चिन्हित वाहन हरे पेड़ की लड़कियों को प्रतिदिन धोने में लगे हैं सब कुछ खुलेआम होने के बाद विभाग से लेकर पुलिस को कुछ नहीं दिखाई पड़ रहा है जिससे साठगांठ से इनकार नहीं किया जा सकता। सूत्रों की माने तो आरा मशीन के अवैध संचालन में 8000 महीने से 12000 महीने तक थाना पुलिस और 15000 महीने वन विभाग के अधिकारी खुलेआम प्रति आरा मशीन से वसूली कर रहे हैं यदि आंकड़ों पर गौर करें तो डेढ़ करोड़ रुपए सालाना से अधिक की वसूली के चलते अवैध आरा मशीनों को नहीं बंद कराया जा रहा है जिससे हरे पेड़ के सामने गंभीर संकट उत्पन्न है एक तरफ योगी सरकार बृहद पौधारोपण करने पर जोर दे रही है पौधारोपण पर करोड़ों रुपए से अधिक की रकम प्रत्येक वर्ष खर्च की जा रही है दूसरी तरफ हरे पेड़ को कटवा करके पुलिस और वन विभाग के अधिकारी मालामाल हो रहे हैं अवैध आरा मशीनों के संचालन की सच्चाई जानने के लिए संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत उजिहनी आइमा के कायामुद्दिनपुर गांव में चल रही अवैध आरा मशीन की हकीकत देखी गई तो मालूम चला कि आरा मशीन में अवैध तरीके से हरे पेड़ की लकड़ी का विद्याल भंडारण है और बेखौफ तरीके से आरा मशीन का संचालन हो रहा है तमाम आरा मशीन ऐसी है छोटी मशीन का लाइसेंस लेकर बड़ी मशीन लगाकर संचालन किया जा रहा है जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने भी रोक लगाने का निर्देश कई वर्षो पहले दिया था लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद भी सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का पालन थाना पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारी तक नहीं कर सके हैं 3 दर्जन लकड़ी माफिया बीते दो दशक से विभाग के गोद मे खेल रहे हैं मामले को लेकर शासन स्तर से यदि उच्च स्तरीय जांच हुई तो लकड़ी माफिया से पुलिस और वन विभाग के साठगांठ से चलने वाले खेल का खुलासा होना तय है।

**मतगणना को लेकर डीएम और एसपी ने प्रत्याशियों व उनके प्रतिनिधियों के साथ की बैठक**

## ईटीपीबीएस व पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने उम्मीदवारों तथा उनके प्रतिनिधियों को मतगणना को लेकर गणना एजेंट बनाए जाने की पात्रता प्रति उम्मीदवार गणना एजेंटों की संख्या काउंटिंग हाल के अंदर के नियम आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा बैठक में डीएम व एसपी ने निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों तथा उनके प्रतिनिधियों के सुझावों को भी सुना। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों को बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना दिनांक 04 जून 2024 को प्रातः 8 बजे से जवाहर नवोदय विद्यालय गौरीगंज में विधानसभावार बनाए गए मतगणना सेंटरों पर करायी जाएगी। सर्वप्रथम ईटीपीबीएस एवं पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना की जाएगी तत्पश्चात ईवीएम से पड़े मतों की गणना प्रारंभ की जाएगी। विधानसभावार मतगणना 178-तिलोई गर्ल्स हॉस्टल में 184-जगदीशपुर एमपी हाल में 185-गौरीगंज होल्डिंग हाउस में तथा 186-अमेठी ब्वायज मेस में संपन्न करायी जाएगी। 181-सलोन विधानसभा की मतगणना आईटीआई गोला बाजार रायबरेली में संपन्न होगी मतगणना के पश्चात परिणाम संबंधित एआरओ द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। पोस्टल बैलेट से पड़े मतों की गणना एमपी हाल में कराई जाएगी तथा ईटीपीबीएस की स्कैनिंग एमपी हाल से लगे कक्ष में कराई जाएगी। ईटीपीबीएस की स्कैनिंग 8 टेबलों पर कराई जाएगी एवं पोस्टल बैलेट की गणना 12 टेबलों पर कराई जाएगी। विधानसभावार ईवीएम से पड़े मतों की गणना हेतु 14-14 टेबलें स्थापित की गई हैं एआरओ हेतु एक टेबल अतिरिक्त लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर मतगणना हेतु एक मतगणना पर्यवेक्षक एक मतगणना सहायक प्रथम एक मतगणना सहायक द्वितीय तथा एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किया जा रहे हैं। निर्वाचन अभ्यर्थियों के एजेंट के पास अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व कार्यालय से निर्गत किए जाएंगे पास हेतु प्रारूप 18 पर आवेदन दो प्रतियों में करते हुए साथ में दो फोटोग्राफ एवं एक फोटो आईडी कार्ड दिनांक 31मई 2024 तक अवश्य उपलब्ध करा दें जिससे समय से एजेंटो के पास जारी किए जा सके। मतगणना स्थल पर उम्मीदवार एजेंट निर्धारित समय 8 बजे से एक घंटा पूर्व अवश्य प्रवेश कर लें मतगणना स्थल पर एजेंट अपने साथ प्रारूप 18 जिस पर अभ्यर्थी द्वारा आवेदन किया गया है कि एक छायाप्रति अवश्य साथ में लाएं। मतगणना स्थल पर एजेंटों को पेन/पेंसिल सादा कागज/नोटपैड एवं 17ग की डुप्लीकेट प्रति लाने की अनुमति होगी। अभिकर्ता अपने साथ कोई आग्नेयास्त्र एवं मोबाइल फोन इलेक्ट्रॉनिक गैजेट लेकर मतगणना हाल में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। मतगणना की विजयी घोषणा के उपरांत विजयी प्रत्याशी द्वारा कोई विजय जुलूस नहीं निकल जाएगा।

## बड़े मंगल पर जगह-जगह शरबत और प्रसाद वितरण

**अमेठी।** जेष्ठ मास के पहले बड़े मंगल पर नगर सहित ग्रामीण अंचल में शर्बत और प्रसाद वितरण की धूम रही। बताया गया है कि ज्येष्ठ मास के मंगलवार का विशेष महत्व है। शास्त्रों के अनुसार ज्येष्ठ माह में मंगलवार को हनुमान जी को तुलसी दल की माला अर्पित की जाती है। साथ ही मीठी चीजों का भोग लगाकर उनकी स्तुति करते हुए हलवा पूरी और जल का दान करना शुभ माना गया है। मान्यता है कि ऐसा करने से मंगल संबंधी हर समस्या का निदान हो जाएगा। नगर स्थित हनुमानगढ़ी धाम टीकरमाफी आश्रम स्थित हनुमानगढ़ी देवीपाटन स्थित हनुमान मंदिर महाजपुर स्थित हनुमान मंदिर सोमपुर मनकंठ स्थित हनुमान मंदिर गढ़ा माफी सहित अन्य मंदिरों पर पूजन अर्चन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी दिखाई पड़ी। श्रद्धालुओं ने मंदिरों के साथ ही घरों में सुंदरकांड पाठ एवं हनुमान चालीसा पाठ बजरंग बाण पाठ आदि कर हनुमान जी का पूजन अर्चन किया। नगर में विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

## 13 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह के अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु जनपद न्यायालय के समस्त अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर मुख्य न्यायिक मजिस्टेऊट, सिविल जज/ न्यायिक मजिस्टेऊट के साथ प्री-ट्रॉयल बैठक आहूत की गयी। अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री देवेन्द्र सिंह ने समस्त न्यायाधीशगणों को निर्देशित करते हुये कहा कि अभी से न्यायालय में लम्बित मामलों को चिन्हित करने की आवश्यकता हैं ताकि लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों का निस्तारण किया जा सकें। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-प्रथम श्रीमती छाया नैन ने समस्त सम्बन्धित मामलों में पक्षकारों को नोटिस भेजा जायें तथा संबंधित थानों से नोटिसों को ससमय तामिला कराने हेतु निर्देशित किया जायें। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 13जून को आयोजित किया जाना हैं जिसमें अन्य वादों के अलावा विशेषतः विशिष्ट विषय-अपराधिक शमनीय वाद, 138 धारा पराक्रम लिखित अधिनियम, बैंक वसूली वाद, विद्युत एवं जल, पारिवारिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद सर्विस में वेतन एवं भत्ते सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यायादेश विशिष्ट अनुतोष वाद) आदि के लम्बित मामलें एवं प्री-लिटिगेशन विवादों का भी निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जायेगा। सचिव/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में लगने वालें मामलों का चिन्हांकन एवं निस्तारण व्यापक पैमाने पर हो तथा लोक अदालत की सफलता हेतु व्यापाक स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के लिए पोस्टर, बैनर व अन्य इलेक्टॉनिक माध्यमों से आमजनमानस को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया।

# गौवंशों की मृत्यु पर डीएम की बड़ी कार्यवाही

- एनजीओ प्रमुख के विरूद्ध एफआईआर व कठोर चेतावनी

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** ग्राम मदावली में बड़े पैमाने पर हो रही गोवंशों की मृत्यु पर जिलाधिकारी ने जांच में पाया कि गौसंरक्षण केन्दऊ में गायों के साथ बरती गयी लापरवाही से हुयी मृत्यु पर नाराज़गी जाहिर की तथा संज्ञान लेते हुए गौसंरक्षण केंद्र एनजीओ के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने आदेश दिए व एनजीओ प्रमुख के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराकर ग्राम विकास अधिकारी को भी कठोर चेतावनी दी। ग्राम मदावली थाना व विकास खण्ड व तहसील टूण्डला स्थित बृहद गौसंरक्षण केन्द्र में गौवंशों की मृत्यु होने पर प्राप्त शिकायत पर जिलाधिकारी रमेश रंजन के निर्देशन में जांच उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी टूण्डला डा. सतेन्द्र कुमार निगम व प्रभात रंजन शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी टूण्डला व चौ. हेमन्त सिंह, नायब तहसीलदार टूण्डला द्वारा की गयी। टीम ने अपने निरीक्षण में पाया कि बृहद गौसंरक्षण केन्द्र मदावली की संचालन करने वाली संस्था उत्तम प्रकृति आयुर्वेद शोध संस्थान, स्टेशन रोड टूण्डला के अध्यक्ष पंकज शर्मा, स्टेशन रोड, टूण्डला भी उपस्थित रहे। गौशाला में स्टॉक में लगभग 50 कुन्तल भूसा मौजूद है, पानी पीने के लिये टंकी बनी हुई थी तथा समर लगा हुआ था। प्रत्येक दिन हरा चारा भी आता है। गौशाला का संचालन 01 जुलाई 2023 से एन.जी.ओ. उत्तम प्रकृति आयुर्वेद शोध संस्थान, स्टेशन रोड टूण्डला द्वारा किया जा रहा है। ब्रेकिंग न्यूज टूण्डला के नाम से प्रकाशित समाचार एवं वीडियो में मदावली गौशाला में डाक्टर की लापरवाही से 08-10 गौवंश मृतक होने की सूचना के सम्बन्ध में लॉग-बुक पंजिका के अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि 24 मई 2024 को गौशाला में 02 गौवंशों की मृत्यु, 25 मई 2024 को 02 गौवंश की मृत्यु तथा 26 मई 2024 को 01 गौवंश की मृत्यु हुई। उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 श्री सतेन्द्र कुमार निगम के अनुसार 03 गौवंश वृद्ध थे, 02 गौवंश ग्राम पंचायत चुल्हावली तथा नगला कलुआ के ऊसर से बीमार व मरणासन्न अवस्था में लाये गये थे। बृहद गौसंरक्षण मदावली में गौवंश के अन्तिम संस्कार हेतु गड्ढा खोदकर गौवंश डाले गये थे, परन्तु एन.जी.ओ. द्वारा उस पर मिट्टी डालने में विलम्ब किया. गया। 26 मई को भी बीमार गौवंशों का इलाज कराया गया। अपनी रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि एन.जी.ओ. संचालक पंकज शर्मा एवं नरवीश मिश्रा, ग्रा.वि.अधि. की लापरवाही अभिलेखों के रख-रखाव, साफ-सफाई, मृतक गौवंश के अन्तिम संस्कार में विलम्ब के कारण उन्हें कठोर चेतावनी देते हुए निर्देशित किया। इसके पश्चात् बृहद गौसंरक्षण केन्द्र मदावली का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी फ़िरोजाबाद, मुख्य पशु पशु चिकित्साधिकारी, फ़िरोजाबाद, एवं उनके द्वारा किया गया, जिसमें पाया गया कि मौके पर नाद में कोई चारा व भूसा उपलब्ध नहीं है। और पूंछने पर वहां उपस्थित केयर टेकर पप्पू द्वारा बताया गया कि आज एक ही बार चारा एवं भूसा दिया गया है। चरही में पीने हेतु पानी उपलब्ध था, किन्तु टंकी साफ नहीं थी। लाईट की व्यवस्था भी पर्याप्त नहीं है। इससे स्पष्ट है कि एनं.जी.ओ. उत्तम प्रकृति आयुर्वेद शोध संस्थान, स्टेशन रोड टूण्डला के अध्यक्ष व संचालक पंकज शर्मा द्वारा संचालन में लापरवाही बरती जा रही है। गौशाला में चारा, दाना, भूसा एवं पानी की अव्यवस्थाओं के कारण 03 वृद्ध गौवंशों एवं 02 मरणासन्न अवस्था में आये गौवंशों की मृत्यु हुई है। बृहद गौसंरक्षण केन्द्र मदावली की संचालन करने वाली संस्था उत्तम प्रकृति आयुर्वेद शोध संस्थान, स्टेशन रोड टूण्डला के अध्यक्ष पंकज शर्मा, स्टेशन रोड, टूण्डला के द्वारा गौशाला संचालन में की जा रही लापरवाही पाये जाने पर उनके विरूद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट को अंकित करा दी गयी है एवं गौशाला संचालक को अन्तर्गत धारा 151 सी.आर.पी.सी. के तहत स्थानीय थाना द्वारा गिरफ्तार कर जी.डी. में दाखिला कर लिया गया है एवं अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

## चिलचिलाती धूप ने जनपद वासियों को झुलसाया

**सुल्तानपुर।** गर्मी का कहर मंगलवार को इस कदर टूटा कि लोग बेहाल हो गए। चिलचिलाती धूप से एक पल के लिए भी चैन नहीं मिला। पंखे, कूलर फेल हो गए, एसी ने भी दगा दे दिया। भीषण गर्मी से घर के कमरे भट्ठी जैसे गर्म रहे,तो बाहर आग की लपटों सरीखी लू शरीर को झुलसाती रही। मंगलवार इस साल का अब तक का सबसे गर्म दिन रहा। गर्मी के कारण पशु-पक्षी भी बेहाल रहे। पानी लोगों को लिए अमृत सरीखा रहा। मंगलवार को प्रचंड गर्मी पड़ी। सुबह 6 बजे तापमान 30 डिग्री पहुंच गया, जिसके चलते लोगों को कमरे में रहना मुश्किल हो गया। उमस से बचने के लिए लोग घर के बाहर नजर आए लेकिन हवा न चलने और उमस होने से राहत नहीं मिली। जैसे-जैसे दिन बढ़ा तो गर्मी भी बढ़ी और लू चलने लगी। सुबह 11 बजे से सड़कों पर सन्नाटा छाने लगा और गर्मी हर किसी को परेशान करती नजर आई।

# 4 जून को मतगणना



- डीएम 7 एसएसपी ने मण्डी समिति में आवष्यक तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण
- सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी नजर

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** आगामी 4 जून 2024 को होने वाली मतगणना के सम्बन्ध में जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप मतगणना की सभी आवश्यक तैयारी को लेकर स्ट्रांग रूम मंडी समिति शिकोहाबाद का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से चप्पे-चप्पे पर पुलिस व प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। मतगणनास्थल से 200 मी तक बैरीगेटिंग लगाकर सील किया जाएगा एवं तीन चेक पोस्ट भी बनाई जाएंगी। मंडी समिति शिकोहाबाद में पुलिस व जिला प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 4 जून को 8रू00 बजे से लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतगणना प्रारंभ होगी। मतगणना को निष्पक्ष पारदर्शी शकुशल एवं शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए आज मंगलवार को जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने मत गणना स्थल मंडी समिति शिकोहाबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कानून व्यवस्था की दृष्टि से सभी बारीकियां पर ध्यान देते हुए सभी संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि फ़िरोजाबाद की ओर से आने वाले वाहनों को रोकने के लिए हाई वे से सर्विस रोड के प्रारंभ होते ही दोनों साइड में वेरीकेटिंग लगाई जाएगी। मतगणना कार्मिकों के वाहन रामलीला मैदान में एवं अधिकारियों के वाहन राही गेस्ट हाउस पर पार्किंग किए जाएंगे। मतगणना स्थल पर 75 हाय मेगापिक्सल के सीसी टीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त ड्रोन कैमरा से भी सभी गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाएगी। मतगणना स्थल को त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था से आच्छादित किया गया है। आउटर लेयर में मजिस्ट्रेटस की तैनाती की गई है वहीं इनर लेयर में वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहकर व्यवस्थाओं को देखेंगे और आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। मंडी समिति के गेट से लेकर शिकोहाबाद की ओर ओवर ब्रिज के दोनों ओर तक बैरिकेटिंग लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त भारी संख्या में पुलिस पीएसी एवं पैरामिलिट्री फोर्स की मौजूदगी रहेगी।

## नोडल अधिकारियों ने लिया पेयजल आपूर्ति का जायजा

**ललितपुर।** जनपद में पेयजल संकट के दृष्टिगत जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशन में प्रशासनिक अधिकारियों को वार्डवार नोडल नामित किया गया है, जो सुबह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर पेयजल आपूर्ति का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार करेंगे और जिलाधिकारी को अवगत करायेगें। उक्त निर्देशों के क्रम में मंगलवार को सुबह 6 बजे अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव व अधिशासी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा ने नेहरू नगर एवं गांधी नगर में घर-घर जाकर पानी की आपूर्ति का जायजा लिया, मौके पर घरों में पानी की आपूर्ति की जा रही थी, जिसकी पुष्टि घरों में नल चलाकर की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी नोडल अधिकारी प्रतिदिन वार्डों में भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति की भौतिक स्थिति का जायजा लें।

# मलिन बस्ती की नि:शुल्क पाठशाला में बाँटी किताबें

अवधनामा संवाददाता



**सुलतानपुर।** मलिन बस्ती में चल रही सरिता की पाठशाला में सोमवार को धन गुरुनानक लंगर ट्रस्ट ने बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की है।

यह निःशुल्क पाठशाला ग्रीष्म कालीन है यहाँ के मेधावियों को स्कूलों में प्रवेश दिलाया जायेगा।

शहर के घासीगंज मुहल्ले में ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे मलिन बस्ती है। वहाँ के बच्चे व परिवार वाले कूड़ा बिनते है. सीडब्लयू की सदस्य मजिस्ट्रेट सरिता यादव ने बच्चों के कल्यानार्थ यहाँ निःशुल्क कक्षाएं शुरू की है,जिसमे नामी संस्था हंगर स्ट्राइक व धन गुरु नानक लंगर समिति के साथ भाई स्थित मानसिक मंदित संस्थान का सहयोग है। बीस मई से शुरू यह निःशुल्क पाठशाला शाम पांच से साढ़े छ बजे तक चलती है। इसमें मलिन बस्ती के साथ कूड़ा बिनने वाले बच्चे भी शामिल है। सोमवार को यहाँ शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों को बुनियादी ज्ञान देने वाली प्राथमिक स्तर की पुस्तकों का वितरण धन गुरु नानक लंगर सेवा के गगन दीप सिँह ने पाठ्य पुस्तके वितरित की जिससे यहाँ पढ़ने वाले बच्चे गिनती पहाड़ा के साथ हिंदी शब्दों व व्यंजन की शिक्षा आसानी से मिलेगी. पाठशाला की संचालिका सरिता यादव ने बताया कि प्रतिदिन कक्षाएं चल रही है बच्चों की बेहतरी का प्रयास जारी है। इससे पहले भी यहाँ के बच्चों को बाल सृजन के तहत हंगर स्ट्राइक ने शिक्षित किया था अब बाल सृजन. 02 चल रहा है।

# मतगणना की तैयारियां युद्धस्तर पर जारी

- डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक
- अमरपुर मण्डी में 4 जून को सुबह 8 बजे शुरु होगी मतगणना
- मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभावार लगेंगी 21-21 टेबिल
- स्वच्छ छवि वाले व्यक्ति ही बनाये जायेंगे मतगणना एजेन्ट
- मीडियाकर्मी अपने मोबाइल फोन मीडिया सेन्टर तक ही ले जायेंगे



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत 4 जून 2024 को अमरपुर मण्डी में संपन्न होने वाली मतगणना के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने बताया कि नवीन कृषि उत्पादन मण्डी समिति, अमरपुर ललितपुर में सुबह 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ कराया जाना है। मतगणना कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए आयोग के आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं पारदर्शी, निष्पक्ष व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं मीडिया बंधुओं को आवश्यक जानकारी प्रदान करने हेतु आज इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद में 04 जून 2024 को अमरपुर मण्डी स्थल पर मतगणना सम्पन्न की जाएगी। उन्होंने बताया कि 04 जून को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि सुबह 6.30 मतगणना स्थल पर उपस्थित हो जायें, राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ही दोनो विधानसभाओं के स्ट्रॅान्ग रूम खोले जायेंगे, इसके पश्चात सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि 226-ललितपुर की मतगणना चबूतरा संख्या-01 तथा 227-महरौनी की मतगणना चबूतरा संख्या-02 पर सम्पन्न होगी।

## छात्र-छात्राओं ने गीत व नृत्य से सबको किया भाव विभोर



**सुल्तानपुर।** जिले के रामराजी बालिका इंटर कॉलेज में सुरम्या संगीत शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित वार्षिक समर कैंप समापन में छात्र-छात्राओं ने अपनी कला प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। फाइनल की कशिश मौर्य ने शास्त्री गायन प्रस्तुत किया। सौम्यता मिश्रा ने सोलो नृत्य व तबला वादन प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर किया माला अग्रहरि ने लोकगीत से सभी को मनमोहित किया। श्रुति मौर्य ने अपनी गिटार की धुन से गीत प्रस्तुत किया। भूमिका मिश्रा,वीग्नेश आदि छात्र-छात्राओं ने अपनी कलाओं का प्रदर्शन किया। श्रीमती लीला टंडन ने सभी को अपना आशीर्वचन दिया। नीलम मिश्रा ने भजन प्रस्तुत किया। संध्या श्रीवास्तव ने नृत्य के साथ सभी को कला के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा हम अपने आपको नृत्य कला के क्षेत्र में आगे बढ़ा सकते हैं और बढ़ाने के लिए हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। छात्राओं को बड़े मंच पर ले जाने के लिए हम प्रयासरत हैं।प्रबंधिका रोली श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में आए सभी का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन सत्यम चौरसिया ने किया।

## सीमा सुरक्षा बल के उपनिरीक्षक को मरणोपरांत मिला राष्ट्रपति का पुलिस पदक



**सुल्तानपुर।** पाक फौज से मोर्चा लेने वाले सीमा सुरक्षा बल के उप निरीक्षक महेन्द्र यादव को मरणोपरांत राष्ट्रपति का पुलिस पदक मिला है।आठ वर्ष पूर्व सुल्तानपुर जिले के सीमा सुरक्षा बल 156 बटालियन के शहीद महेन्द्र यादव के परिजनों को सीमा सुरक्षा बल के वार्षिक अलंकरण समारोह में अदम्य साहस व वीरता के लिए राष्ट्रपति के पुलिस पदक से सम्मानित किया गया है।नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शहीद की मां मर्यादी देवी को राष्ट्रपति के पुलिस पदक से अलंकृत किया गया।

# हीरो कप चैम्पियनशिप बैडमिंटन टूर्नामेंट संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जमील सर अकेडमी ललितपुर द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन विशेष प्रशिक्षण अप्रैल मई के अंत में समापन हेतु दिनांक 25 मई से 26 मई 2024 तक हीरो कप चैम्पियनशिप बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है. जमील सर एकेडमी ललितपुर में आयोजित उक्त प्रतियोगिता के प्रायोजक ला, सुधीर श्रीवास्तव व ला. आदर्श श्रीवास्तव हैं. लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर के सौजन्य से और श्रीवास्तव परिवार की और से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आज 25 मई को लायन एम जे एफ़ सुभाष जायसवाल ने किया. इसके पूर्व ला. कैलाश अग्रवाल ने ध्वज वंदना की। इस अवसर पर अन्य अतिथियों में ला.राहुल गुप्ता, अध्यक्ष लायंस क्लब ललितपुर ग्रेटर, ला.मनोज जैन, ला. आकाश तिवारी, ला.डा.सौरभ देवलिया, ला. दलजीत सिंह, ला.चंचल जैन, ला.अलोक टड़ैया, ला.सचिन जैन, बचपन स्कूल, के प्रबंधक स्वप्निल बरया, जमील सर अकेडमी के संस्थापक, प्रबंधक एवं संचालक मुहम्मद जमील, कोच ज़ीशान जमील व सुरभि उपस्थित रहे व खिलाडियों को आशीर्वाद एवं शुभकामनायें प्रस्तुत कीं. उद्घाटन कार्यक्रम का सञ्चालन ज़हीर ललितपुरी ने किया. दो दिवसीय हीरो कप चैम्पियनशिप बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन का समापन 26 मई दिन रविवार को शाम पांच बजे होगा जिसमें विजेता एवं अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतियोगियों को पुरष्कृत किया जायेगा।

## वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रणाली का सांकेतिक विरोध

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय के शिक्षकों ने औटा की वृहद कार्यकारिणी में लिए गए निर्णय के फल स्वरुप वस्तुनिष्ठ परीक्षा प्रणाली का सांकेतिक विरोध काली पट्टी बांधकर किया और विश्वविद्यालय प्रशासन से अपेक्षा की गई कि भविष्य में जो भी परीक्षाएं हो वह वस्तुनिष्ठ न हो क्योंकि यह परीक्षा प्रणाली छात्रों के हित में नहीं हैस विषयों का ज्ञान छात्रों को नहीं हो पाता और अपने भविष्य के प्रति चिंतित हो रहे है। इस दौरान डॉक्टर एमपी सिंह डॉक्टर विशाल पाठक डॉ अंशु शर्मा डॉ अजयकरण चौधरी, शालू अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# बिना रेंट व एग्रीमेंट के तीन वर्ष से एक ही भवन में चल रहा बड़ौदा बैंक

- सांसद समेत अफसरों से शिकायत के बाद भी नही खाली हुआ भवन, स्थानीय है ब्रांच मैनेजर, करा रहे विवाद

अवधनामा संवाददाता

**कूरेभार,सुल्तानपुर।** नियम विरुद्ध तरीके से कस्बे में बैंक आफ बड़ौदा भवन स्वामी के मकान में संचालित हो रहा हैं। जबकि नोटिस देने के बाद भी अभी तक मकान को बैंक के नही खाली किया गया।खाली न करने की मुख्य वजह बैंक मैनेजर स्थानीय है।परिवार में ही विवाद करा दिए है।जबकि भवन खाली करने के लिए सांसद मेनका गांधी समेत डीएम,बैंक के आरएम तक से लिखित तौर पर फरियाद कर चुका है।फिर भी जबरन कब्जा कर बैंक चल रहा है।किराए की धनराशि न मिलने से परिवार भुखमरी के कगार पर पहुंच गया हैं।

देखा जाय तो मार्च2021 में बैंक का एग्रीमेंट समाप्त हो चुका हैं।तब से पीड़ित भवन स्वामी कृष्ण कुमार व अरुण कुमार गुप्ता ने किरायेदारी का एग्रीमेंट रिन्यू करने के बजाय खाली करने की नोटिस दी।तब से तीन वर्ष बीत गए बैंक ने भवन खाली नहीं किया है। विवाद था कि किराए की बढ़ोतरी के साथ एग्रीमेंट किया जाय।जिस पर बैंक तैयार नही हुआ।तब से न तो किराए मिला न ही खाली हुआ। यह बैंक कृष्ण कुमार,अरुण कुमार व बजरंग गुप्ता के सामूहिक भवन में संचालित हो रहा है।इसके बाद भी बैंक मैनेजर न तो भवन खाली कर रहे है। न ही पिछले तीन वर्षो का कोई किराया दे रहे है।जबकि भवन स्वामी कृष्ण कुमार का कहना है कि भवन खाली कर दे।यही नहीं भवन खाली करने की शिकायत सांसद मेनका गांधी से भी किया था तो उन्होंने एलडीएम को निर्देशित करते हुए भवन खाली करने को कहा था।यह निर्देश दिए साल भर बीतने को है,खाली नही किया गया।फिलहाल पीड़ित भवन स्वामी ने डीएम,एसपी,बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक,शाखा प्रबंधक को भी पत्र भेज कर अनुरोध कर चुका है।भवन न खाली होने,बिना एग्रीमेंट के बैंक संचालन करने के पीछे ब्रांच मैनेजर विशाल गुप्ता की भूमिका है।जो यही के सटे ब्लाक व कस्बा धनपतगंज के रहने वाले है।परिवार में ही विवाद करा रहे है।बैंक उच्चाधिकारियों को गलत सूचना भेज रहे हैं।ऐसे में भवन खाली न हुआ तो 31मई को भवन स्वामी खुद खाली कराते हुए दीवाल बनाने के साथ ही ताला जड़ देगा।इस बाबत एलडीएम का कहना है कि मतगणना बाद बैंक दूसरे भवन में शिफ्ट होगा।जबकि सच तो यह है कि एलडीएम ने साल भर पहले सांसद मेनका गांधी से भवन खाली करने को कहा था।सूत्रों की माने तो अभी बैंक को अन्यत्र शिफ्ट करने के लिए अन्य भवन का न तो एग्रीमेंट हुआ है न ही तैयारी चल रही हैं।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा में किशोरियों की बैठक संपन्न

- आगा खान फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से चित्तौरा पर मनाया गया विश्व माहवारी दिवस

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद में आज आगा खान फाउंडेशन एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आज विश्व माहवारी दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चित्तौरा में किशोरियों की एक बैठक की गई। जिसमें किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं व्यक्तिगत स्वच्छता पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान डॉ. शिप्रा राज मेडिकल ऑफिसर के द्वारा किशोरियों को माहवारी से जुडी भ्रांतियों पर जानकारी दी गई। साथ ही माहवारी के दौरान होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तरीके सुझाए गए।कार्यक्रम के दौरान जयप्रकाश प्रजापति बीसीपीएम के द्वारा माहवारी के दौरान स्वच्छता के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया गया कि महावारी के दौरान हर बार पैड बदलने से पहले वह बाद में साबुन से अच्छी तरीके से हाथ धोना अति आवश्यक है यह प्रजनन तंत्र में होने वाले संक्रमण को होने से बचाता है। मिश्रा ने किशोरियों को विश्व माहवारी दिवस मानने के उद्देश्य के बारे में बताया कि माहवारी के विषय पर खुल कर बातचीत हो, जिससे माहवारी से जुडी दिक्कतों में कमी आ सके।

आगा खान फाउंडेशन से मोहित कुमार ने किशोरियों को किशोरियों को एनीमिया की पहचान, लक्षण व उपचार के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए बताया कि किशोरियों में एनीमिया आम बात है। जिसको खान-पान में हरी सब्जियां के अधिक इस्तेमाल एवं साप्ताहिक आयरन की गोली के द्वारा आसानी से कम किया जा सकता है। प्रत्येक किशोरी को हर सप्ताह एक आयरन की नीली गोली अवश्य खानी चाहिए। हर 6 माह में एक एल्बेंडाजोल क्रमिनाशक गोली खाना आवश्यक है यह सभी दवाइयां किशोरियां अपने गांव के टीकाकरण सत्र से आसानी से पा सकती है।

कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चीफ फार्मासिस्ट सत्यप्रकाश गुप्ता, आगा खान फाउंडेशन से प्रदीप मिश्रा, यूनिसेफ से प्रियदर्शिनी, आशा बहु नीतू देवी व राजरानी और किशोरियां शामिल हुए।

# दाग कपड़ों में नहीं सोच में है बदल डालिए: सीएमओ

- दोष नहीं प्रकृति का वरदान है मासिक चक्र, सही जानकारी से महफूज रहेगी आधी आबादी
- जनपद में मनाया गया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** मासिक धर्म का आना शरीर का सामान्य बदलाव है जो एक किशोरी को माँ बनने के लिए तैयार करता है। साथ ही यह स्वस्थ शरीर होने का संकेत भी देता है। यह न होता तो धरती पर मनुष्य भी नहीं होते। इसके बावजूद समाज में इसे अपवित्र माना जाता है और आधी आबादी को रसोई घर से लेकर धार्मिक क्रिया कलापों से दूर रखा जाता है। यह बाते विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के अवसर पर सीएमओ सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ राजेश ने कही। उन्होंने कहा शर्म संकोच और भ्रांतियों के चलते समाज में मासिक धर्म पर खुल कर बात भी नहीं की जाती। इसकी वजह से आधी आबादी को उन मुश्किल दिनों में शारीरिक कष्ट के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। वह मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के व्यवहारों को नहीं अपना पाती और कई प्रकार के संक्रमण के चपेट

## सफाई में चूक से हो सकता है संक्रमण

डिप्टी सीएमओ डॉ एसके सिंह ने बताया कि माहवारी के दौरान प्रत्येक चार घंटे में सैनेट्री पैड को अवश्य बदल देना चाहिए। कपड़ों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करना है क्योंकि इससे संक्रमण हो सकता है। हर बार सैनेट्री पैड बदलने के साथ ही जननागों की सफाई अच्छी तरह करना चाहिए। माहवारी में साफ़ सफाई का खास ध्यान न रखने पर बाँझपन, सर्वाइकल कैंसर और योनि संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियाँ हो सकती हैं। इसके आलावा खुले में शौच या गन्दे शौचालय का उपयोग भी यौन जनित संक्रमण का कारण होता है। इसके लिए सार्वजानिक शौचालय का उपयोग करने से पहले उसमें एक बार पानी अवश्य डाल दें।

## पौष्टिक आहार के साथ करें आयरन गोली का सेवन

एसीएमओ डॉ पी के बांदिल ने कहा मासिक धर्म के दौरान पौष्टिक भोजन के साथ साथ आयरन की गोली का भी सेवन करना चाहिए . यह गोलियां स्वास्थ्य केन्द्रों या आशा कार्यकर्ता के माध्यम से प्राप्त की जा सकती हैं। इसके सेवन से कमजोरी चक्कर आना या खून की कमी से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया महिलाओं किशोरियों को मासिक धर्म के दौरान अधिक पेट दर्द या कमजोरी होने पर चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी ब्रिजेश सिंह ने बताया किशोरी सुरक्षा योजना कार्यक्रम के तहत , अपर प्राइमरी स्कूल और इंटर की छात्राओं को सैनेटरी पैड उपलब्ध कराया जा रहा है साथ ही स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जनपद में 1066 उच्च प्राथमिक विद्यालय व इंटर कालेज का चयन कर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और इससे जुडी भ्रांतियों के प्रति जागरूकता लायी जा रही है। साथ ही पियर एजुकेटर के माध्यम से स्कूल जाने वाली व स्कूल न जाने वाली किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता की जानकारी दी जा रही है। इसकी वजह से माहवारी के दौरान स्कूल न आने वाली छात्राओं की संख्या में गिरावट आई है।राष्ट्रिय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला सलाहकार राकेश गुप्ता ने बताया कि जनपद में 91096 किशोरी सुरक्षा योजना के तहत सैनेटरी नेपकिन का वितरण किया जा रहा है। उनहोंने कहा कि परिवार में सैनेटरी पैड अथवा साफ़ सुथरे कपड़े के उपयोग की आदत को बढ़ावा दिया जाय जिससे किशोरियां उसके महत्त्व का अनुभव करें और विशेष परिस्थिति में खरीद कर भी इस्तेमाल कर सकें। इस दौरान ममता फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने उपस्थित किशोरियों को खेल खेल में मासिक धर्म से जुड़ी जरूरी बातें समझाई। इस मौके पर डीपीएम सरजू खान, डीसीपीएम मो0 राशिद, आरबीएसके डीइआईसी मैनेजर गोविन्द रावत सहित ममता संस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-11-2024-25 |
| कार्य का नाम | कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ मेधा मेक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (मॉडल MEI633) at 10 स्टेशन्स ओवर लखनऊ डिवीजन ऑफ नॉर्थेर्न रेलवे फॉर 36 (थर्टी सिक्स) मन्थस |
| अनुमानित लागत | रु. 27810897.12 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | निल |
| धरोहर राशि | रु. 289100.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 Months |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 19.06.2024 15:30 बजे तक |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/ उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है • मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जाएगी। • निविदा प्रपत्र और बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।
निविदा सू. सं.– 106–सिग–टेंडर–11–2024–25 दिनांक 27.05.2024 1596/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदायें (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती हैं।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 106-Sig-Tender-08-2024-25 | | |
| कार्य का नाम | कम्प्रेहैन्सिव एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट ऑफ STATCON मेक आईपीएस (78 nos.) इन्स्टाल्ड ओवर लखनऊ डिवीजन ऑफ उत्तर रेलवे 36 (छत्तीस माह)। | | |
| अनुमानित लागत | ₹2,67,80,148.72 | निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | ₹2,83,900/- | कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19.06.2024 को 15:30 बजे | | |
| वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | "http://www.ireps.gov.in". वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ | | |

• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट "http://www.ireps.gov.in" के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती हैं। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।
सं.: 106–सिग–टेंडर–08/2024–25 दिनांक: 27.05.2024 1593/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हमीरपुर जिले में पारा 47 के पार लोग घरों में दुबके, बाजारों में पसरा

**गड्ढों और पोखरों में भरवाया जा रहा पानी**

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** इस समय लू के थपेड़ों के बीच भीषण गर्मी पड़ रही है। पारा 47 के पार कर चुका है। ऐसे में लोग अपने घरों में कैद हो गए हैं और सड़कों पर सन्नाटा पसरा है। वहीं जानवर और परिंदे भी इस भीषण गर्मी की चपेट में आ रहे हैं, जिनके लिए प्रशासन ने सड़कों के किनारे गड्डों और पोखरों में पानी भरवाना शुरू कर दिया है।

### बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हमीरपुर द्वारा जनहित में लू के प्रकोप से बचाव हेतु जनहित में एडवाइजरी जारी की गई है। जिले में लगातार तापमान बढ़ने के साथ-साथ गर्म हवा का प्रकोप भी बढ़ गया है। लू से जनहानि भी हो सकती है, इसके असर को कम करने के लिए और लू से होने वाली जनहानि की रोकथाम के लिए जरूरी सावधानियां और बचाव में क्या करें, क्या न करें का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### जानवरों और परिंदों को हो रही परेशानी

इस भीषण गर्मी और लू से बचने के लिए जहां आम आदमी घरों में दुबका हुआ है तो वहीं जानवर और परिंदे भी इसकी चपेट में हैं, जो पानी की तलाश में दर दर भटक रहे हैं। हालांकि जानवरों और परिंदों को बचाने के लिए प्रशासन ने सड़कों के किनारे गड्डों में या पोखरों में पानी भरवाना शुरु कर दिया है।

हमीपुर जनपद मे बीते दिन सोमवार को पारा 46 डिग्री था जो मंगलवार को बढ़कर 47 डिग्री पार कर गया है जिससे जन जीवन बुरी तरह से अस्त व्यस्त हो गया है। कल जब पारा 46 डिग्री था तब एक रोडवेज बस के चालक की मौत हो गई थी तो वहीं मंडी में वोटों से भरी ईवीएम मशीनों की रखवाली कर रहे एक दरोगा की स्ट्रांगरूम के सामने हीट स्ट्रोक से हालत खराब हो गई, जिसे इलाज के लिए कानपुर भेजा गया है। झुलसा देने वाली गर्मी से लोग बिलबिला उठे हैं। नौतपा में गर्मी बढ़ने से लोग अपने घरों में दुबक रहे हैं। ऐसे में बिजली भी धोखा दे रही है। मजबूरी में बाहर निकले लोग पूरी तरह शरीर को ढके हुए नजर आ रहे हैं। गांव से कस्बे और शहर आए बाइक सवारों को कई बार दुकानों और पेड़ की छांव में रुककर पानी पीना पड़ रहा है। वहीं शीतल पेय पदार्थो के स्टालों में भीड़ देखने को मिल रही है। हमीरपुर जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने लोगों को हीट स्ट्रोक से बचने के लिए बिना काम के घरों से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

## मेडिकल स्टोर संचालक को तीन वर्ष की सजा

**हमीरपुर।** औषधि निरीक्षक के निरीक्षण में बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर से दवा बिक्री करने के मामले की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम पीके जयंत ने दोषी मेडिकल स्टोर संचालक को तीन वर्ष की सजा व एक लाख का अर्थ दंड लगाया है। औषधि निरीक्षक मनोज कुमार सिंह ने बताया कि कुशल पैरवी के चलते 27 अप्रैल 2018 की रात 8ः30 तत्कालीन औषधि निरीक्षक रेखा सचान ने मुस्करा के पायल मेडिकल स्टोर में छापा मारा था। जहां बिना लाइसेंस के दवाओ की बिक्री होना पाया था। संचालक खरीदी गई दवा का बिल व मेमो भी नहीं दिखा पाया। टीम ने दो संदिग्ध दवाओ का नमूना लेते हुए कुल 6 प्लास्टिक के बोरो में विभिन्न प्रकार की दवाओ को भरकर सील कर दी।औषधि निरीक्षक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोप पत्र कोर्ट में दाखिल किया। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता मणिकरण शुक्ला व सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुभाष श्रीवास्तव ने एएसजे प्रथम पीके जैन की कोर्ट में साक्ष्य प्रस्तुत किए। अदालत ने मेडिकल संचालक संजय कुमार को तीन वर्ष की सजा व एक लाख रुपए के अर्थ दंड से सजा सुनाई।

# अधिवक्ता संघ के चुनाव में भगवान दास दीक्षित बने अध्यक्ष व शैलेंद्र महामंत्री

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश कुमार धुरिया चुने गए निर्विरोध**

**अवधानामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** बार एसोसिएशन का सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच चुनाव संपन्न हुए। सुबह 7 से शाम 3बजे तक मतदान हुआ। देर रात मतगणना पूरी हुई जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के बीच कांटे का मुकाबला रहा और अंत में पांच वोटो से अध्यक्ष पद में भगवान दास दीक्षित ने जीत दर्ज कराई।वहीं महामंत्री पद पर 240 वोटो से शैलेंद्र सचान विजय हुए। वही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद में निर्विरोध कमलेश कुमार धुरिया चुने गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर मुंह मीठा कराया। इस बार अधिवक्ता संघ के चुनाव में अध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशियों में महेंद्र प्रताप सिंह, भगवान दास दीक्षित व वीरेंद्र यादव के बीच त्रिकोणीय मुकाबला था। जिसमें भगवान दास दीक्षित ने 226 मत,महेंद्र प्रताप सिंह ने 221 मत व वीरेंद्र यादव ने 117 मत पाए। महामंत्री पद पर शैलेंद्र कुमार सचान ने 404 मत व अश्विनी कुमार प्रजापति ने 158 मत प्राप्त किए। शैलेंद्र सचान रिकॉर्ड 246 मतों से जीते। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सागर मिश्रा ने 300 मत,सचेंद्र सिंह ने 224 व पवन कुमार ने 224 मत प्राप्त किए। जिसमें सागर मिश्रा व सचेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष चुने गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष में कमलेश कुमार धुरिया निर्विरोध चुने गए। कोषाध्यक्ष पद पर अमरजीत शुक्ला ने 340 मत व राज प्रताप सिंह ने 221 मत प्राप्त किए। जिसमें अमरजीत 129 मतों से विजय हुए। मतदान के दौरान सुबह से ही कचहरी परिसर में गहमा गहमी का माहौल बना रहा। शाम 3 बजे तक कुल 643 मतदाताओं के सापेक्ष 569 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद शाम 4 बजे से 12 राउंड में वोटो की गिनती शुरू हुई जो देर रात संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर पहले ही राउंड से भगवान दास दीक्षित व महेंद्र प्रताप सिंह के बीच कांटे का मुकाबला बना रहा और अंत में जीत भगवान दास दीक्षित की हुई। इस दौरान कचहरी में भारी पुलिस बल तैनात रहा और लगातार पुलिसकर्मी मूवमेंट करते नजर आए।

## कुरारा नगर पंचायत अध्यक्ष को फोन पर जान से मारने की धमकी

**अवधानामा संवाददाता**

**कुरारा, हमीरपुर।** नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा के मोबाइल पर मंगलवार सुबह जान माल की धमकी देने की काल आने पर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। नगर पंचायत चेयरमैन आशारानी कबीर ने थाने में शिकायती पत्र देकर बताया सुबह दस बजकर दो मिनट पर व्हाट्स एप के माध्यम से मेरे मोबाइल पर एक दरोगा की फोटो लगे नंबर जिसका शुरू नंबर +92था जो कि पाकिस्तान का कंट्री कोड हैं।से कॉल आई कालर द्वारा मेरे परिवार व बच्चो के बारे में जानकारी मांगी गई जानकारी न देने पर कुरारा आकर घर में जान से मारने की धमकी दी गई है। जिससे चेयरमैन का परिवार भ्यभीत है। चेयर मैन ने बताया कि उसके खिलाफ कोई साजिश कर रहा है। मुझे व मेरे बच्चो को जान माल का खतरा है।

# हीटवेव में रोडवेज चालक की मौत, सवारियों को दूसरी बस से भेजा

**अभी और सताएगी गर्मी, तप रही धरती**

**अवधानामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** इन दिनों नवतपा के चलते जनपद सहित क्षेत्र में आग बरस रही है, और मंगलवार की सुबह से ही सूर्य देव ने आसमान से आग बरसाना शुरू कर दिया था। मौसम विभाग के मुताबिक, सोमवार को अधिकतम तापमान 46?और 13? दैनिक तापान्तर के साथ 33?न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया था। जिसके चलते लोग भीषण गर्मी से लोग बेहाल रहे। सोमवार को भीषण गर्मी में सवारियां लेकर जा रहे राठ डिपो के संविदा चालक की सोमवार दोपहर बिहूंनी गांव के पास हालत बिगड़ गई जिसके चलते उसकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं अगर मौजूदा मौसमी दशाओं की बात करें तो फिलहाल कुछ दिनों तक गर्मी के ऐसे ही तेवर देखने को




मिलने का अनुमान है। जिसके चलते मौसम विभाग ने लोगों को घरों में रहने की एडवाएजरी जारी की है। वहीं गहरौली गांव में भी एक फकीर का शव घर में मिला।जिससे लोग लू लगने से हुई मौत का अंदेशा जता रहे हैं। प्रतिदिन की भांति जालौन के माधवगढ़ निवासी कृष्ण गोपाल(39) बस में हमीरपुर से सवारियां लेकर राठ जा रहा था।तभी बिहनी नहर के पास गाड़ी का इंजन हीट होकर खराब हो गया। बस के परिचालक आदित्य सिंह ने बस की सवारियां दूसरी रोडवेज बस में बैठाकर राठ भेज दीं। तभी चालक कृष्णगोपाल ने परिचालक से बुखार होने की बात कही,इस पर परिचालक आदित्य दूसरी रोडवेज बस से दवा और मैकेनिक को लेने राठ निकल गया। इस बीच नहर के पास एक दुकान में चालक जा बैठा और पानी की बोतल लेकर अपना चेहरा एवं सिर धोने लगा। तभी अचानक गिरकर बेहोश हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे उठाकर बेंच पर लिटा दिया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सीएचसी मुस्करा ले आई। जहां पर इमरजेंसी में तैनात डॉ. मधुलिका ने चालक कृष्णगोपाल को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मुस्करा सीएचसी में एआरएम राजेश सिंह और राठ डिपो के कर्मचारी पहुंच गए। जिसके बाद अधिकारियों ने चालक के परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।वहीं ताजा मौसमी दशाओं की बात करें तो अभी कुछ समय और लोगों को गर्मी का सितम झेलना पड़ेगा जिसके चलते मौसम विभाग ने लोगों को घरों में ही रहने की एडवाएजरी जारी की है।

## लोकसभा चुनाव वीआईपी मोमेंट पर होटलों की चेकिंग

**सोनभद्र।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में वीआईपी मोमेंट दृष्टिगत रखते हुए मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित होटल रेस्टोरेंट ढाबा की चेकिंग किया गया इस दौरान आगंतुओं व बाहरी व्यक्तियों संदिग्धों संबंधित सूचना ली गई वह संबंधित संचालकों को दिए गए आवश्यक कड़े दिशा निर्देश। सदर थाना प्रभारी सत्येंद्र राय ने बताया कि वीआईपी मूवमेंट को मध्य नजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह की दिशा निर्देश के क्रम में जिला मुख्यालय स्थित होटल ढाबा रेस्टोरेंट चेक किया गया जिसमें संबंधित व्यक्ति अथवा बिना पहचान पत्र कमरा न दिए जाने व संचालकों से वार्ता करते हुए रजिस्टर मेंटेनेंस की सूची उपलब्ध कराने वह विभिन्न पहलुओं की जांच कर सीसीटीवी फुटेज वह पार्किंग बाहरी वाहनों के चेकिंग सहित विभिन्न मुद्दों पर संबंधितों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए।

# करोड़ों खर्च करने के बाद भी धोख बनी खड़ी नगर पंचायत सुमेरपुर की स्ट्रीट लाइटे

**अवधानामा संवाददाता**



**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर मे नगर पंचायत द्वारा प्रमुख मार्ग या चौरहो पर रात्रि मे प्रकश के लिये वर्तमान चेयर मेन ने स्ट्रीट लाइटे लगवायी थी ये स्ट्रीट लाइटे इतनी घटिया किस्म की खरीदी गयी है कि कस्बा मे एक दो बडी स्ट्रीट लाइटे खराब पड़ी रहती है जब की ये बड़ी स्ट्रीट लाइट इतनी घटिया कम्पनी से खरीदी गयी है कि खराब होने के बाद भी स्ट्रीट लाइटे सुधारी नही जाती है नगर पंचायत के विधुत विभाग मे रखे ठेके कर्मी को ही ये लाइटे सुधरने पड़ती है जब की इन बड़ी स्ट्रीट लाइटो की क्या गंरटी व वरंटी है इसकी किसी को जानकारी नही है अभी इमिलिया और चाँद थोक को मिलाने वाला रपटा के पास चौरहा पर बड़ी स्ट्रीट लाइट नगर पंचायत द्वारा लगवायी गयी थी परन्तु जब से स्ट्रीट लाइट लगी है कई बार खराब हो चुकी है और अभी भी खराब पड़ी है जब की ये रपटा कस्बा के चार वार्ड को जोड़ता है जिसमे वार्ड न 12 व 6 जो चांद थोक मे आते है इसी प्रकार रपटा से करोड़न नाला पार करते ही थोक इमिलिया के वार्ड न 2 व 9 लगने लगता है और थोक इमिलिया के दोनो वार्ड से प्रति दिन सैकड़ो लोग प्रति दिन रात के अंधेरे मे या तो बाजार से आते है या ट्रेन से यात्रा करके घर लौटते है और वहां पर मात्र एक ही बड़ी स्ट्रीट लाइट लगी है वो भी कई हफ्ते से खराब पड़ी है कस्बे के कुछ सामाजिक कार्यकताओ ने नगर पंचायत से जन सूचना अधिकार अधि नियम से सूचना मांगी थी कि ये बड़ी स्ट्रीट लाइट कितने लगत से खरीदी गयी है और किस कम्पनी की है और इनको लगाने वाली फर्म या ठेकेदार का नाम मगर ईओ की उदा सीनता और हठ धर्मी से अभी तक याची को इस सम्बंध मे कोई सूचना उपलब्ध नही हो सकी

# अधिशाषी अभियंता विद्युत की गाड़ी ने ले ली एक बेजुबान गौवंश की जान

**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** अन्ना प्रथा का असर काफी भयावह प्रतीत हो रहा है जिससे आम जनमानस के साथ ही साथ गौवंश भी खतरे से खाली नही हैं। इसी के चलते मंगलवार को एक और हादसा हो गया जिसमे एक गाय के बछड़े ने तड़प तड़प कर अपनी जान दे दी। दरअसल यह पूरा मामला कमिश्नरी कैंपस स्थित अधिशासी अभियंता विद्युत (नगरिया बांदा) क्षेत्र का है जहां पर अधिशासी अभियंता विद्युत की गाड़ी क्क90ङ्ग9025 ने एक बेजुबान बछड़े को जोरदार टक्कर मार दी जिससे बछड़ा तड़प - तड़प कर मर गया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता विद्युत भी गाड़ी पर मौजूद रहे। वहीं उस बछड़े की मां उसके पास काफी देर तक घूमती रही और अपने बच्चे के उठने का इंतजार करती रही शायद उस मां को यह मालूम नही था कि उसका बेजुबान बच्चा उसे छोड़कर जा चुका है। इस मामले की जानकारी होते ही तुरंत विश्व हिंदू महासंघ गौ रक्षा समिति के जिलाध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति अपने सहयोगियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और इस पर दुख प्रकट किया कि एक जिम्मेदार वरिष्ठ अधिकारी की गाड़ी से ये कैसा कृत्य हो गया। हालांकि मृत बछड़े को जेसीबी की सहायता से ले जाया गया। इस मामले को लेकर जिलाध्यक्ष ने तत्काल संबंधित थाने में सूचना दी और गाड़ी ड्राइवर तथा संबंधित अधिकारी के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि गाड़ी का ड्राइवर घटना के कुछ देर बाद गायब हो गया तथा पुलिस द्वारा घटना की गाड़ी को जब्त करने की कार्यवाही भी नही की गई है। जिलाध्यक्ष ने गौवंशो को लेकर कहा कि गौवंश को अन्ना छोड़ना खतरे से खाली नही है इसलिए इन बेजुबानों को गौशालाओं में ही उचित व्यवस्था कराकर रखें जिससे आम जनमानस तथा बेजुबान गौवंश की जान बची रहे, साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि अगर गौवंश के ऊपर किसी भी प्रकार की कोई घटना होती नजर आती है तो संबंधित व्यक्ति पर तुरंत कार्यवाही करवाई जायेगी, इन बेजुबानों की जान की कीमत भी उतनी ही है जितनी की हमारी। इस मौके पर राकेश त्रिपाठी महामंत्री नगर अध्यक्ष कुलदीप नामदेव, राहुल आदि कार्यकर्ता में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**अवधानामा संवाददाता**

**बांदा।** संत तुलसी पब्लिक स्कूल इन्दिरा नगर बांदा में कार्यरत शिक्षक-शिक्षिकाओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रबन्धक श्री संत कुमार गुप्ता जी के निर्देशन व सह प्रबन्धक डा0 मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा डायरेक्टर जगनायक यादव के संयोजन में हुआ। कार्यक्रम के प्रथम दिवस शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा समूह में शिक्षण व प्रशिक्षण कार्य किया गया। दूसरे दिन रिसोर्स परसन के रूप में डा0 रामेन्द्र कुमार गुप्ता प्रधानाचार्य केसीएनआईटी बादा ने शिक्षण विधियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं अपना ज्ञानवर्धन किया। तत्पश्चात दूसरे सत्र में अनुभवी शिक्षाविद व साहू इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल कबरई, महोबा के डायरेक्टर श्री प्रवीण कुमार डागर ने कक्षा प्रबन्धन के बेहतर तरीके बताकर शिक्षकों का मार्गदर्शन करते हुए कक्षा में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं की आवश्यकतानुसार शिक्षण विधि अपनाकर उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक बनें। इसी क्रम में संत तुलसी पब्लिक स्कूल ओल्ड बिल्डिंग में शिक्षिकाओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम प्राचार्या रीना ओमर के कुशल निर्देशन में प्रारम्भ हुआ। विद्यालय सह प्रबन्धक डा0 मनीष कुमार गुप्ता एवं डायरेक्टर जगनायक यादव द्वारा साहू इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर श्री प्रवीण कुमार डागर को स्मृति चिह्न भेंटकर उनका आभार प्रदर्शित किया गया।

## गृहमंत्री/सहकारिता मंत्री के जनसभा को लेकर करते जनसंपर्क

**सोनभद्र।** गृहमंत्री की जनसभा 29 मई को एनडीए प्रत्याशी रिंकी कोल व दुद्धी उपचुनाव प्रत्याशी श्रवण गोंड के लिए जनता को करेंगे संबोधित गृहमंत्री/सहकारिता मंत्री अमित शाह जी 29 मई को 02.00 बजे से आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। सोनभद्र के ओबरा विधानसभा मे चोपन रामलीला मैदान के पीछे खेल मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया है। जिसमें जनसभा को सफल बनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल जी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई जिसमे बतौर मुख्यअतिथि उ0प्र0 सरकार के कैबिनेट वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी मौजूद रहे। उसके बाद माननीय कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना जी ने राबर्ट्सगंज नगर मे सघन जनसंपर्क कर रैली को सफल बनाने के लिए नगर वासियों से अपिल की।


## संक्षिप्त समाचार

### 5एस मार्च पास्ट का किया गया आयोजन




**सोनभद्र/विंध्यनगर/अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता अभियान 2024 के अंतर्गत परियोजना के नगर परिसर में 5s मार्च पास्ट का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ-साथ सीआईएसएफ के जवान एवं नगरवासियों ने भाग लिया। इस मार्च पास्ट का मुख्य उदेश्य अपने कार्यस्थल को पूरी तरह से साफ़ एवं सुरक्षित बनायें रखना एवं सभी उपकरणों, मशीनों की नियमित अंतराल पर साफ-सफाई करना है जिससे कार्य करने में आसानी हो सके। इस अवसर पर सभी के द्वारा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में सफाई की जिम्मेदारी स्वयं लेने एवं उस पर अमल करने हेतु संकल्प भी लिया गया। इस प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा, महाप्रबंधकगण, अपर महाप्रबंधकगण, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ भारी संख्या में नगरवासी भी उपस्थित रहें।

### बच्चियों का धूमधाम से मनाया गया जन्मदिवस



**सोनभद्र/विंध्यनगर/अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी-विंध्याचल में सीएसआर के अंतर्गत चलाये जा रहे बालिका सशक्तिकरण अभियान दिनांक 19 मई से 15 जून 2024 तक सिंगरौली जिले की सरकारी विद्यालयों की 120 बालिकाओं हेतु आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्रीष्मकालीन सत्र में भाग लेने वाली बच्चियों का जन्म दिवस विंध्याचल परियोजना के क्षेत्रीय ज्ञानार्जन संस्थान में बड़ी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें बालिकाएँ अत्यंत खुश दिखी। सभी बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया और इसका भरपूर आनंद उठाया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्या सुहासिनी संघ श्रीमती सारिका चतुर्वेदी, सुहासिनी संघ की अन्य पदाधिकारीगण एवं सदस्याओं के साथ-साथ कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं उनकी सीएसआर टीम उपस्थित रही।

# हिण्डाल्को सी.एस.आर. की टीम ने मतदाताओं को किया जागरुक

**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** हिण्डाल्को ग्रामीण विकास विभाग (सी.एस.आर.) द्वारा ग्रामीणों को जागरुक करने के लिए लगातार विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनज़र मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए हिण्डाल्को सी.एस.आर. द्वारा दुद्धी, बभनी एवं म्योरपुर ब्लॉक के कई गांवों में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

हिण्डाल्को सी.एस.आर. के स्वयं सेवकों की टीम द्वारा बभनी ब्लॉक के डुभा, म्योरपुर ब्लॉक के किरविल एवं दुद्धी ब्लॉक के झारोकलां गांव के स्थानीय बाजारों में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर कठपुतली नृत्य एवं नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कर मतदान के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में कठपुतली एवं नुक्कड़ नाटक की टीम ने वहां उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को उनके मताधिकार के बारे में जागरुक करते हुए बताया गया कि



प्रत्येक मतदान का विशेष महत्व है। टीम द्वारा लोगों को बताया गया कि मतदान लोकतंत्र की नींव है इसीलिए अधिक से अधिक मतदान कर हम अपने लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बना सकते हैं। उपस्थित लोगों को यह संदेश दिया गया कि देश और हमारा भविष्य हमारे अपने ही हाथों में है और अपने मतदान का प्रयोग करते हुए इस बात को सुनिश्चित कर सकते हैं कि एक योग्य सरकार का गठन हो जिससे देश का और हमारा भविष्य सुनहरा हो। मतदान नहीं करने या कम मतदान होने से लोकतांत्रिक व्यवस्था कमजोर होती है एवं इसके कई दुष्प्रभाव भी परिलक्षित होते हैं जैसे अयोग्य प्रत्याशी का चयन, क्षेत्र का विकास प्रभावित होना, सरकार के योजनाओं का लाभ जनता तक नहीं पहुंचना इत्यादि।

इसके अतिरिक्त हिण्डाल्को सी.एस.आर. के स्वयं सेवकों की टीम द्वारा गांव-गांव में गोष्ठी का आयोजन कर बड़ी संख्या में महिलाओं, पुरूषों तथा पहली बार मतदान कर रहे युवक-युवतियों को अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु जागरुक किया जा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को उपरोक्त जागरुकता संदेशों के अलावा यह भी बताया जा रहा है कि हमारे लोकतांत्रिक प्रणाली में अपने मताधिकार का प्रयोग करके जनता स्वयं के पसंद की सरकार का चुनाव करती है तथा अपने मताधिकार का प्रयोग करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है, जिससे एक योग्य एवं देश के विकास के लिए तत्पर प्रत्याशी का चयन हो सके।

# सोनभद डिपो को मिले नई पांच बसे हुई रवाना

**अवधानामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** सोनभद्र रोडवेज डिपो को मंगलवार को मिली 5 स्पेशलिस्ट बेस्ट मॉडल रोडवेज बस वहीं सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विश्राम सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर बसों को किया गया रवाना।



वही सोनभद्र डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक विश्राम सिंह ने बताया कि सोनभद्र डिपो में आज 5 नई बसों का आगमन एवं यात्रियों के चलने हेतु आरामदायक स्पेशलिस्ट ड्ड्ड6 मॉडल बस से यात्रियों को सुलभ यात्रा शांतिप्रिय यात्रा सुरक्षित यात्रा इंश्योरेंस यात्रा के तहत सरकारी बसों को हरी झंडी दिखाकर उत्तर प्रदेश यात्री निर्माण हित के लिए रवाना किया गया सोनभद्र डिपो में 9 नई बसें पहले आई थी अब दूसरी खेप में पांच बसें सरकार द्वारा भेजी गई है जिसका उद्घाटन सहायक क्षत्रिय प्रबंधक विश्राम सिंह ने किया। यू पी रोडवेज इंप्लाइज यूनियन शाखा मंत्री सोनभद डिपो दिनेश पाल ने बताया कि एक बस सोनभद्र रेणुकूट प्रयागराज के लिए दूसरी बस सोनभद्र बिजपुर वाराणसी के लिए तीसरी बस सोनभद्र गोरखपुर अम्लोरी के लिए चौथी बस वाराणसी शक्ति नगर मार्ग के लिए पांचवी बस सोनभद्र वाराणसी अम्लोरी के लिए बसें चलाई गई है वही इस कार्यक्रम के दौरान सहायक क्षत्रिय प्रबंधक सीनियर फोरमैन टीवी सिंह दिनेश पाल रविंद्र पटेल प्रमोद श्रीवास्तव विजय सिंह प्रियंकर मिश्रा प्रदीप मिश्रा टी आई आशुतोष सिंह काफी संख्या में मौजूद रहे।

# ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एनसीएल के दो दिवसीय दौरे पर

**सीवीओ, कोल इंडिया ने किया मैराथन ट्रेनिंग एवं क्षमता निर्माण पर 3 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उदघाटन**

**जयंत परियोजना का भी किया दौरा**

**अवधानामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** मंगलवार को एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के सीवीओ ब्रजेश कुमार त्रिपाठी एनसीएल के दो दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुँचे । इस दौरान सीवीओ, कोल इंडिया और सीएमडी, एनसीएल बी. साईराम ने सीईटीआई परिसर स्थित एमडीआई में ÷खनन कार्यों संबंधी अनुबंध प्रबंधन पर 3 दिवसीय ÷मैराथन ट्रेनिंग एवं क्षमता निर्माण÷ प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। एनसीएल द्वारा यह कार्यक्रम 28 से 30 मई, 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, सीवीओ एनसीएल रविंद्र प्रसाद, कोल इंडिया से प्रतिनिधिगण, महाप्रबंधक एवम् विभागाध्यक्षगण व



सभी परियोजना व इकाइयों से बड़ी संख्या में अधिकारी उपस्थित रहे।

एनसीएल द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय सेमिनार का उद्देश्य प्रशिक्षुओं को खनन अनुबंध से संबंधित आवश्यक बारीकियों, मैनुअल, एसओपी के साथ-साथ कार्यालयीन जीवन में आने वाली विभिन्न चुनौतियों हेतु सक्षम बनाना है। एनसीएल द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम निवारक सतर्कता की दिशा में लिया गया महत्त्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीवीओ सीआईएल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी ने कोल इंडिया को देश के विकास के रास्ते का दीपक बताते हुए राष्ट्र की ऊर्जा संरक्षा में कंपनी के योगदान की सराहना की। साथ ही उन्होंने कोल इंडिया की ज़ीरो टोलरेंस फॉर करप्शन की नीति के बारे में सभी को जागरूक किया। उन्होंने उपस्थित सभी से कोल इंडिया को मूल्यवान कंपनी के साथ-साथ मूल्यों की कंपनी बनाने हेतु आह्वान किया। त्रिपाठी ने सतर्कता से संबंधित पीआईडीपीआई शिकायतों के बारे में जानकारी प्रदान की। साथ ही कंपनी की कार्यप्रणाली में सतर्कता विभाग की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त उन्होंने एनसीएल के शानदार प्रदर्शन की भी सराहना की।

# बिहार को लालटेन युग में ले जाना चाहती है आरजेडी : योगी

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को किया संबोधित'
- आरजेडी बिहार में डकैती के लिये अंधेरा रखना चाहती है: योगी



अवधनामा ब्यूरो

**पटना/लखनऊ।** कांग्रेस जबरदस्ती देश पर धारा 370 लादे हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी परम राम भक्त हैं। ऐसे में देश की जनता कहती है कि राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आरजेडी और कांग्रेस की सरकार ने बिहार के सामने पहचान का संकट खड़ा कर दिया था। प्रधानमंत्री मोदी देश को डिजिटल युग की ओर ले जा रहे हैं जबकि आरजेडी आज भी लालटेन युग में ले जाना चाहती है। वह यहां अंधेरा रखना चाहते हैं क्योकि अंधेरे में ही डकैती पड़ेगी। आरजेडी ने बिहार में अराजकता फैला रखी थी। यही हाल उत्तर प्रदेश में वर्ष 2017 से पहले था, लेकिन पिछले सात वर्षों में प्रदेश में एक भी दंगा नहीं हुआ है। यहां तक की दंगाइयों की एक-एक करके राम नाम सत्य की यात्रा निकाल दी गयी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जितने भी माफिया थे। यह सब समाजवादी पार्टी, राजद और कांग्रेस के शागिर्द थे। यह सब चोर चोर मौसेरे भाई हैं और एक दूसरे के साथ जुड़े हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज बिहार प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वहीं हम सब को मिल करके विकास की यात्रा को आगे बढ़ाते हुए नये बिहार का निर्माण करना है। इस अवसर पर विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, विधान परिषद के पूर्व सदस्य मनोज सिंह, पूर्व विधायक सतीश कुमार, लोकसभा संयोजक रामजी सिंह, जदयू के महासचिव अनिल कुमार, विधानसभा प्रभारी कुंवर विजय पासवान, अमित कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# 323.12 लाख की शराब, ड्रग व नकदी जब्त

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 27 मई, 2024 तक कुल 50480.33 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किये गये। इसमें 9063.49 लाख रुपये नकद धनराशि, 5647.32 लाख रुपये कीमत की शराब, 24028.90 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2830.42 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं, 6079.07 लाख रुपये कीमत के मुफ्त उपहार एवं 2831.12 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 मई, 2024 को कुल 323.12 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नकदी आदि जब्त की गई। इसमें 5.90 लाख रुपये नकद धनराशि, 28.62 लाख रुपये कीमत की 10877.81 लीटर शराब, 153.77 लाख रुपये कीमत की 574183.80 ग्राम ड्रग, 120.38 लाख रुपये कीमत के 143301 मुफ्त उपहार एवं 14.44 लाख रुपये कीमत की 98319 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 27 मई, 2024 को प्रमुख जब्ती में जनपद झांसी की बबीना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 1.12 करोड़ रुपये अनुमानित कीमत की 450000 ग्राम (450 किग्रा) ड्रग, जनपद गाजियाबाद की साहिबाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.68 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 102750 ग्राम (102 किग्रा) ड्रग पकड़ी गयी।

# चुनाव के दौरान भड़काऊ भाषण देने पर मुकदमे दर्ज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं की जुबानी जंग अब मुसीबत का सबब बन सकती है। प्रदेश पुलिस ने चुनाव की आदर्श आचार संहिता के तहत भड़काऊ भाषण (हेट स्पीच) के 42 मुकदमे दर्ज किए हैं। जिसमें से सर्वाधिक 6 मुकदमे गोण्डा जिले में दर्ज हुए हैं। बता दें कि इसके अलावा फतेहपुर में 3, कानपुर, प्रयागराज, सीतापुर, मुरादाबाद, चित्रकूट, औरैया, बाराबंकी में 2-2 और गाजियबाद, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, शामली, कानपुर देहात, मेरठ, संभल, बलिया, फतेहगढ़, मैनपुरी, फिरोजबाद, चंदौली, कुशीनगर, बदायूं, इटावा, एटा, बलरामपुर, श्रावस्ती, जौनपुर और आजमगढ़ में एक-एक मुकदमा हेट स्पीच की शिकायत पर दर्ज हुआ है। इन मुकदमों की जद में बसपा के पूर्व नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद, बसपा के सीतापुर जिलाध्यक्ष विकास राजवंशी, बसपा प्रत्याशी महेंद्र यादव, लखीमपुर से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा, धौरहरा के बसपा प्रत्याशी श्याम किशोर अवस्थी, कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद, उनकी भतीजी मारिया आलम, मुरादाबाद से सपा प्रत्याशी रुचि वीरा, कैराना से बसपा प्रत्याशी श्रीपाल राणा आदि शामिल हैं।

# एलडीए डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में विकसित करेगा गेमिंग ज़ोन

अवधनामा ब्यूरो

- गेमिंग जोन के संचालन के लिए अगले महीने टेण्डर जारी किया जाए: डॉ. इन्द्रमणि



**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क में बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षक गेमिंग जोन विकसित करेगा। गेमिंग जोन में बैटरी चलित छोटी कारें, बाइक राइडिंग जैसे गेमों के साथ ही गेट नम्बर 4 के पास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक के बीच गजीबो का निर्माण कराया जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने मंगलवार को अभियंत्रण कामों की समीक्षा करते हुए बैठक में इस संबंध में निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि गेमिंग जोन के संचालन के लिए अगले महीने टेण्डर जारी किया जाए। घण्टाघर के सामने कलस्टर बना लगाएं पेड़-पौधे बैठक में उपाध्यक्ष ने कहा कि लोहिया पार्क की पुरानी वॉटर बॉडी निष्क्रिय है। इस जगह को बच्चों व युवाओं के लिए उपयोगी बनाते हुए यहां गेमिंग जोन विकसित करें। लोहिया पार्क में लोग योगाभ्यास के लिए भी आते हैं। इसे ध्यान में रख गेट नम्बर-4 के पास सिंथेटिक जॉगिंग ट्रैक के बीच गजीबो का निर्माण कराएं जहां लोग सुकून के साथ योग कर सकें। इसके अलावा पार्क में नया कैफेटेरिया बनाने के साथ ही पार्किंग एरिया को दुरुस्त करने को कहा। वहीं उपाध्यक्ष ने 10 जून तक फ्रैगरेंस पार्क में सिविल काम पूरा करने के साथ ही कैफेटेरिया का प्राविधान करने को कहा। उन्होंने बैठक में उपस्थित एनबीआरआई के प्रतिनिधियों को फैगरेंस पार्क में लगने वाले पौधों की आपूर्ति को लेकर निर्देश देते हुए कहा कि घण्टाघर के सामने वाले हिस्से में कलस्टर बना कर अलग-अलग प्रजातियों के पेड़-पौधे लगाएं। कैसरबाग चौराहे पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कामों की समीक्षा के बारे में बताया गया कि तीन ब्लॉक का काम पूरा हो चुका है। एक ब्लॉक में काम बिजली तारों की वजह से लम्बित हो रहा है। इस पर उपाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को लेसा से समन्वय कर तारों की शिफ्टिंग करा कर फसाड का काम पूरा कराने को कहा। सीजी सिटी में विकसित किये जा रहे म्यूजिकल पार्क, मियावाकी फॉरेस्ट व फूड कोर्ट की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने सी जी सिटी में पक्षियों के प्राकृतिक वास के लिए वेट लैण्ड विकसित की है। इसे ध्यान में रख क्षेत्र में जहां-जहां प्लाण्ट्स लगाए जा रहे हैं उनमें शहतूत, गूलर, अमलताश जैसे पेड़-पौधे लगाएं जो पक्षियों को आकर्षित करें। उन्होंने निर्माणाधीन फूड कोर्ट के पास अतिरिक्त पार्किंग एरिया विकसित करने और किनारे पर हरित पट्टी बना कर आकर्षक पौधे लगाने को कहा। इसके अलावा सीजी सिटी में बने फुटओवर ब्रिज में फसाड लाइटिंग कराने को कहा। उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे ई.डब्ल्यू.एस. भवनों की प्रगति की समीक्षा कर कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधियों को 15 जून तक सभी काम पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि वे खुद स्थल निरीक्षण करेंगे। ग्रीन कॉरीडोर प्राजेक्ट के दूसरे चरण के कामों में तेजी के निर्देश भी दिये। बैठक में मुख्य अभियंता अजय कुमार सिंह, पी.आई.यू. के प्रभारी ए.के. सिंह सेंगर, अधिशासी अभियंता मनोज सागर, नवनीत शर्मा, संजीव कुमार गुप्ता, अजीत कुमार, राजकुमार, सहायक उद्यान अधिकारी कर्ण सिंह, मोहम्मद इमरान सहित अन्य अभियंता, आर्किटेक्ट व कार्यदायी एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# कांग्रेस 60 साल में भी मोदी सरकार के जितना नहीं कर पाई काम: केशव

- नरेन्द्र मोदी गरीब का दर्द जानते हैं
- मोदी सरकार बनते ही 5 साल गरीब को राशन मिलता रहेगा: डिप्टी सीएम



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को चन्दौली, घोसी, बलिया तथा बांसगांव लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव में एक तरफ गरीब, युवा, महिला व किसान हैं तथा दूसरी तरफ गुण्डे, अपराधी, माफिया हैं। उन्होंने कहा कि गरीब, युवा, महिला व किसान की ताकत से नरेन्द्र मोदी दो बार देश के प्रधान सेवक बने हैं और चार जून को तीसरी बार देश के प्रधानसेवक बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गरीबों के लिए 10 वर्ष में जितना काम किया है, उसका दसवां हिस्सा भी कांग्रेस 60 साल में नही कर पाई। मोदी गरीब का दर्द जानते हैं इसलिए मोदी ने प्रत्येक योजना को गरीबों के आर्थिक व सामाजिक उत्थान के लिए समर्पित किया है। उन्होंने कहा कि 04 जून को जनता सपा की टूटी हुई साईकिल के पुर्जो का पार्सल अखिलेश यादव को भेज देगी। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी सपाईयों ने गुण्डागर्दी की थी और अब इस चुनाव में भी सपाईयों की गुण्डागर्दी प्रारम्भ हो चुकी है। गुण्डे, माफियाओं और अपराधियों के अंत के लिए समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बनाना है।

श्री मौर्य ने कहा नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही पाक अधिकृत कश्मीर में भी तिरंगा फहराएगा। नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही 5 साल गरीब को राशन मिलता रहेगा। किसान को सम्मान निधि मिलती रहेगी। तीन करोड़ गरीबो को पक्का घर मिलेगा तथा 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क इलाज की आयुष्मान योजना से जोड़ा जाएगा।

## कुत्तों ने किशोर को दौड़ाया, अनियंत्रित होकर गिरने से मौत

**लखनऊ।** कुत्तों के आतंक से आमजन परेशान हैं। विकास नगर इलाके में सोमवार शाम को सड़क पर खेल रहे किशोर को गली के कुत्तों ने दौड़ा लिया। कुत्तों से बचने के लिए किशोर तेजी से भागा और अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना परिवारजन को दी। परिवारजन छात्र को ट्रॉमा सेंटर लेकर गए, वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूलरूप से सहारनपुर निवासी किसान सर्वेश राजपूत का बेटा शिवा (14) सातवीं का छात्र था। बीते कुछ समय से वह अपने माता पिता के साथ विकास नगर स्थित सबौली गांव में छुट्टी मनाने ननिहाल आया था। सर्वेश राजपूत ने बताया कि सोमवार शाम को शिवा घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गली के कुत्तों ने अचानक उसे दौड़ा लिया। शिवा भागते समय गिरकर बेहोश हो गया। पड़ोसियों ने घटना की जानकारी परिजन को दी।

# अफ्हाम-ए-जमा सोसाइटी ने डीजीपी को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

- डीसीपी पूर्वी कानपुर एस.के. सिंह से भी मुलाकात की

**लखनऊ।** अफ्हाम-ए-जमा सोसाइटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार ने कानपुर पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। सोसाइटी ने तीन तलाक को लेकर बनाए कानून का स्वागत करते हुए कहा कि इस कानून का शिया मुसलमानों से मतलब नहीं, क्योंकि शिया मुसलमानों में तीन तलाक का चलन नहीं है। बावजूद उसके तीन तलाक कानून शिया मुसलमानों में तलाक को लेकर लागू किया जा रहा है। सोसाइटी के अध्यक्ष अली मीसम नकवी एडवोकेट ने कानपुर के चकेरी थाने में 19 दिसम्बर 2023 को दर्ज मुकदमा संख्या 0948 का जिक्र किया। इस मुकदमे में शिया लड़के के खिलाफ तीन तलाक कानून लागू किया गया है। संस्था के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस कमिश्नर के अलावा डीसीपी पूर्वी कानपुर एस.के. सिंह से भी मुलाकात की और अपनी बात से अवगत कराया। पुलिस अधिकारियों ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि निर्दोष के खिलाफ गलत कार्रवाई नहीं की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अगर ऐसा कोई मसला आए तो जांच लिया जाए कि शिया समुदाय से संबंधित है या सुन्नी समुदाय से। प्रतिनिधिमंडल में मोहम्मद अली मदहोश, कुलदीप पाण्डेय, धर्मेन्द्र राजपूत, रवि कुमार, यूषा आबिद सहित संस्था की महिला प्रभारी मिथिलेश सिंह व अन्य अधिवक्ता शामिल थे।

## डफरिन में प्रसूता की मौत

**लखनऊ।** डफरिन अस्पताल में मंगलवार सुबह गंभीर हालत में भर्ती की गई प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि मरीज को भर्ती करने में आनाकानी की जा रही थी। इससे उसकी हालत बिगड़ गई। करीब 20 मिनट बाद इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया, लेकिन उसकी जान चली गई।

अलीगंज फत्तेपुर गांव निवासी त्रिभुवन की पत्नी पूजा वर्मा (27) को प्रसव पीड़ा होने पर परिजनों ने बीते बुधवार को बीआरडी महानगर अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां पर शुक्रवार को सिजेरियन ऑपरेशन से बच्ची का जन्म हुआ था। परिजन लवकुश का आरोप है इलाज में लापरवाही से मंगलवार सुबह महिला की हालत बिगड़ गई।

## प्रवास कार्यक्रम

### उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार 29 मई को कुशीनगर, गाजीपुर, चन्दौली व वाराणसी के प्रवास पर रहेंगे। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे सरस्वती शिशु मंदिर, विद्यालय के पास धरनी, पट्टी, कुशीनगर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 12:40 बजे रामलीला मैदान, जमनिया, गाजीपुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 02:05 बजे सम्राट लॉन, चकिया, चन्दौली में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा सायं 06 बजे कादम्बिनी लॉन, शिवपुर बाईपास, वाराणसी में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा बुधवार 29 मई 2024, को मीरजापुर के प्रवास पर रहेंगे तथा मीरजापुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर

**लखनऊ।** केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर बुधवार 29 मई 2024, को देवरिया के प्रवास पर रहेंगे तथा देवरिया के सलेमपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री स्वतंत्र देव सिंह बुधवार 29 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री धर्मपाल सिंह बुधवार 29 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल बुधवार 29 मई को गोरखपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री नरेन्द्र कश्यप

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री नरेन्द्र कश्यप बुधवार 29 मई को गाजीपुर में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री संजीव गौंड

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री संजीव गौंड बुधवार 29 मई को सोनभद्र के प्रवास पर रहेंगे तथा सोनभद्र के राबर्ट्सगंज में जनसम्पर्क करेंगे।

### मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार में मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम बुधवार 29 मई को बलिया जिले में जनसम्पर्क करेंगी।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह बुधवार 29 मई को देवरिया और बलिया के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह सुबह 11 बजे लोकसभा चुनाव कार्यालय सलेमपुर, देवरिया में आयोजित संगठनात्मक बैठकों में मार्गदर्शन करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय, बलिया में आयोजित संगठनात्मक बैठको को सम्बोधित करेंगे।

### प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

**लखनऊ।** प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुधवार 29 मई 2024 को गाजीपुर और मऊ के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सायं 05:30 बजे गाजीपुर में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के रोड-शो में सम्मिलित रहेंगे। इसके पश्चात् रात्रि 09:30 बजे जिला भाजपा कार्यालय मऊ में संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगें।

### भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष

**लखनऊ।** भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष बुधवार 29 मई 2024, को गोरखपुर के प्रवास पर रहेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष सुबह 09:30 बजे भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय रानीडीहा, सिकटौर रोड़, गोरखपुर में आयोजित संगठनात्मक बैठक में मार्गदर्शन करेंगे।

### केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह

**लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह बुधवार, 29 मई 2024 को महराजगंज, देवरिया, बलिया, सोनभद्र व गाजीपुर के प्रवास पर रहेंगे। अमित शाह सुबह 11 बजे जवाहर लाल नेहरू, पीजी कॉलेज ग्राउण्ड, महराजगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे चीनी मिल ग्राउण्ड, देवरिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे तथा दोपहर 02 बजे माल्देपुर मोड, हैबतपुर, बलिया में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सायं 04 बजे रेलवे खेल ग्राउण्ड, चोपन, सोनभद्र में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात सायं 05:30 बजे गाजीपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रतिमा पर माल्यार्पण से प्रारम्भ होकर लालदरवाजा चौक होते हुए चीतनाथ मोड़ तक रोड-शो करेंगे।

## मजलिसे चेहलुम 30 मई को



**लखनऊ।** शायरे अहलेबैत नैय्यर मजीदी की स्वर्गीया माता जमीला फातिमा नकवी के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे चेहलुम 30 मई गुरुवार को होगी। नक्खास चौराहे के पास शिफा नर्सिंग होम के पीछे शाहगंज स्थित रजी अनवर के मकान में रात 8 बजे कारी नदीम नजफी की तिलावते कलामे पाक से शुरू होने वाली मजलिस को मौलाना मीसम जैदी खिताब करेंगे। महिलाओं की मजलिस इसी दिन स्वर्गीया के आवास पर शाम 4 बजे होगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी: भूपेन्द्र सिंह चौधरी

अवधनामा ब्यूरो

- भाजपा सदैव चुनाव के लिए तैयार रहती है



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने मीरजापुर तथा चंदौली में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है तथा भाजपा जो कहती है वह करती है। वातावरण भाजपा के अनुकूल है और प्रथम चरण से अंतिम चरणों तक चुनाव में विपक्षी कहीं भी नहीं हैं।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि वैभवशाली राष्ट्र निर्माण तथा सेवा के संकल्प के साथ अथक परिश्रम ही भाजपा कार्यकर्ता की पहचान है। भाजपा कार्यकर्ता सतत संवाद एवं सम्पर्क के माध्यम से लगातार जनता के बीच रहते है और यही कारण है कि भाजपा सदैव चुनाव के लिए तैयार रहती है। बूथ स्तर तक बैठकों, सम्पर्क व संवाद से हमें संगठनात्मक कार्यो को सम्पन्न करना है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मतदाताओं से मिलकर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करना है तथा भाजपा के लिए मतदान के लिए आग्रह करना है। मतदान के दिन सुबह से ही मतदान के लिए वातावरण बनाना जरूरी है जिससे बड़ी संख्या में लोग मतदान के लिए निकलें। बूथ अध्यक्ष एवं पन्ना प्रमुखों के माध्यम से घर-घर सम्पर्क करें तथा मतदाताओं से सुबह ही वोट डालने का अपील करें। मतदान सम्पन्न होने तक बूथ पर डटे रहना है तथा अधिकतम मतदान के साथ फर्जी मतदान रोकने का भी काम करना है। भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के प्रति जनता में प्रेम भी है तथा अटूट विश्वास भी है। भाजपा ने गरीब, महिला, युवा तथा किसान सहित सभी वर्गो की सामाजिक व आर्थिक खुशहाली के लिए काम किया है। शहरों से लेकर गांवो तक का विकास हुआ है। हमनें जो संकल्प लिए उनका पूरा किया। भव्य राम मंदिर का निर्माण, जम्मू कश्मीर से 370 की समाप्ति, सभी धार्मिक व आध्यात्मिक केन्द्रों का विकास, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति, देश में आतंकवाद व नक्सलवाद की समाप्ति सहित मोदी ने हर गारंटी को पूरा किया है।

# ईरानी राष्ट्रपति को नेपाल में श्रद्धांजलि अर्पित



अवधनामा ब्यूरो

**नेपालगंज।** ईरानी के राष्ट्रपति डॉ अयातुल्लाह इब्राहिम रईसी और उनके साथियों की हेलीकाप्टर हादसे में हुई शहादत पर नेपाल के नेपालगंज में एक शोकसभा का आयोजन महिंद्रा पुस्तकालय के सेमिनार हॉल में किया गया इस अवसर पर नेपाल के सांसद , पत्रकारों और बुद्धजीवियों ने अपने अपने ख़यालात का इज़हार कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक की शुरुआत कारी सगीर अहमद खान द्वारा पवित्र कुरान के पाठ से हुई और सबसे पहले सभी प्रतिभागियों द्वारा ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी और उनके शहीद साथियों के सम्मान में एक मिनट का मौन रखा गया। अबू सहमा ने नात पाक पढ़ी और मौलाना हाफिज शाकिर अली, डॉ. तौफीक खान, हाजी कदिर अंसारी, हाजी मेराज हिमालय, कारी सगीर अहमद खान, आदिल सरवर नेपाली, मौलाना मेराज अहमद और मुहम्मद रशीद ने शहीदों पर कविताएं पढ़ीं। डॉ. मौलाना जैनुल आबेदीन ने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी की जीवनी पर उर्दू में विशेष भाषण दिया। शोक सभा की अध्यक्षता मौलाना मंसूर आरफ़ी ने की, जिन्होंने ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहिम रईसी के विचारों और जीवन को मुस्लिम समाज के लिए आदर्श बताया और सभी शहीदों के लिए दुआ की। मौलाना कलीम अहमद अरफी, नेपाल के सांसद हाजी अब्दुल हमिद सिद्दीकी और पत्रकार शाहिदा शाह वाहीदी ने शहीदों और वर्तमान मुस्लिम समाज के बारे में तकरीर की।

## शहीद रईसी और उनके शहीदों को इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा: सैय्यद हसन जफर नक़वी



**लखनऊ।** हौज़ा न्यूज़ के अनुसार मशहद में वली फकीह इंडिया के प्रतिनिधि कार्यालय और अल-जवाद फाउंडेशन मशहद ने ईरान के इस्लामी गणराज्य के राष्ट्रपति शहीद आयतुल्ला सैय्यद इब्राहिम रईसी और उनके साथियों के लिए एक मजलिस आयोजित की। जिसमें बड़ी संख्या में उर्दू भाषा के छात्रों और ज़ायरीनों ने भाग लिया हुज्जत-उल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन मैलाना सैय्यद हसन ज़फर नक़वी ने मजलिस को संबोधित किया। मौलाना ने शहीद आयतुल्लाह सैय्यद इब्राहिम रईसी की सेवाओं पर प्रकाश डाला और अपने बयान में कहा शहीद रईसी और उनके शहीदों को इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा। उन्होंने कहा- ईरान राष्ट्र के लोगो ने उनके अंतिम संस्कार में ऐतिहासिक तरीके से भाग लिया और बताया कि शहीद रईसी हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेंगे।

बेशक, शहीद रईसी की शहादत ने दुनिया को शोक में डुबा दिया, जिसकी लहर पूरी दुनिया में दिखाई दे रही है। हुज्जत-उल-इस्लाम सैयद हसन जफ़र नक़वी ने कहा- उनका शोक दुनिया के हर देश में पूरे दिल से मनाया जा रहा है, खासकर उपमहाद्वीप में, शहीद सैय्यद इब्राहिम रईसी की शहादत रा ग़म इस तरह मनाया जा रहा है और हर कोई अपने यहां शोक मना रहा है। अंत में मौलाना ने अपनी मजलिस के मसाऐब बयान किया और कहा शहीद राईसी जब तक आठवें ईमाम के रौज़े के संरक्षक थे, वे ईमानदार और सेवा भावना वाले थे उन्होंने इमाम रज़ा (एएस) के रौज़े पर आने वालों के लिए कई सेवाएं कीं जिन्हें हमेशा याद किया जाएगा। मजलिस के अंत में जब मौलाना ने जनाबे अब्बास (अ.स.) और जनाबे अली अकबर (अ.स.) के मसाऐब को बयान किया तो लोंगे के रोने की आवाज़ें गूंजने लगीं और आंखों में आंसू लेकर लोंगो ने इमाम रज़ा (अ.स.) की खिदमत में खराजे अक़ीदत पेश किया। गौरतलब है कि मजलिस मे ईमाम रज़ा अ. स. के रौज़े के गैर-ईरानी ज़ायरीन के अधिकारी भी शामिल हुए।

## इस्लामिक समर क्लासेज का आयोजन

**लखनऊ।** इदाराए मकसदे हुसैनी की ओर से बच्चों और युवाओं को इस्लामी शिक्षाओं से अवगत कराने के लिए इस्लामिक समर क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है। संस्था के एस.एम. अमन ने बताया कि शहर के तीन स्थानों कश्मीरी मोहल्ला स्थित एम.एच. हॉल, मेहदीगंज स्थित कर्बला अजमतउद्दौला बहादुर और हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में शाम को मगरिब की नमाज के बाद से समर क्लासेज का आयोजन शुरू किया गया है। एस.एम. अमन ने बताया कि 25 से 30 मई तक कश्मीरी मोहल्ला स्थित एम.एच. हॉल में मौलाना गुलरेज मेहदी, हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में मौलाना फिरोज अली और मेहदीगंज स्थित कर्बला में मौलाना जावेद मुस्तफवी कुरान पर दर्स दे रहे हें। समर क्लासेज का आयोजन जून में भी जारी रहेगा और 30 मई के बाद जामिया नाजमियां के वरिष्ठ प्रोफेसर मौलाना हसनैन बाकरी जौरासी, मौलाना फैज अब्बास मशहदी, मौलाना अरशद हुसैन सहीफ-ए-सज्जादिया और अहकाम पर दर्स देंगे।